10 श्रेयस अय्यर....



12 अनुष्का सेन...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -140 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्रीमती मनीषा सिंह**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, झारखण्ड प्रदेश महिला विंग**

**महिलाएं और छात्राएं समाज की शक्ति और भविष्य की आधारशिला हैं। उन्हें शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देकर ही सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। हमारा संकल्प है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो और विकास की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक अपनी भूमिका निभाए।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,38,150**

चांदी (प्रति किलो) : **2,26,450**

(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **81,911.01**

निफ्टी :- **25,299.35**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **25**

न्यूनतम तापमान : **16**

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:02**

संध्या :- **17:05**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन सन 1898 को काली पूजा के अवसर पर पूज्य माता श्री शारदा देवी ने निवेदिता के स्कूल का उद्घाटन किया।**

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 18 नवंबर को होगी कैबिनेट की बैठक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 18 नवंबर 2026 (बुधवार) को झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक होगी. बैठक दोपहर तीन बजे धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद् कक्ष में आयोजित की जायेगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी कर दी गयी है. जारी सूचना के अनुसार, 18 नवंबर को निर्धारित समय पर मंत्रिपरिषद् की बैठक शुरू होगी. इसमें विभिन्न विभागों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की जायेगी. बैठक के दौरान इन प्रस्तावों पर सरकार की ओर से निर्णय भी लिये जा सकते हैं. हालांकि, बैठक का विस्तृत एजेंडा फिलहाल सामने नहीं आया है. मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से बैठक के समय और स्थान की जानकारी साझा की गयी है.

### मंईयां सम्मान योजना के पैसों से पति ने खरीद ली मोबाइल तो पत्नी ने दे दी जान

**गोड्डा:** जिले के महगामा थाना क्षेत्र में मंईयां सम्मान योजना की राशि के विवाद में एक महिला द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. हालांकि, मृतका के पिता ने इसे हत्या करार दिया है और ससुराल वालों पर आरोप लगाए हैं. यह घटना मोहानी गांव में हुई. जहां एक विवाहिता का शव घर के अंदर से मिला. मृतका की पहचान 28 वर्षीय प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है, जो सुनील साह की पत्नी थीं. घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई. मृतका के तीन छोटे बच्चे हैं. जानकारी के अनुसार, प्रियंका ने घर के कमरे में आत्महत्या कर ली. घटना के समय उनका पति सुनील साह खेत में धान की कटाई कर रहा था, जबकि घर में बच्चे मौजूद थे. आत्महत्या से पहले घर के अंदर कपड़ा जलाने की बात भी सामने आई है. घटना के बाद मृतका के पिता बिट्टू साव ने अपने दामाद सुनील साह और समधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि प्रियंका और उनके पति के बीच मंईयां सम्मान योजना की राशि को लेकर विवाद हुआ था.

# नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हुआ छठ महापर्व, बाजारों में बढ़ी रौनक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**




**रांची।** लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ होगी. चार दिवसीय इस कठिन अनुष्ठान को लेकर जिले में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं. जिला प्रशासन और पुलिस के साथ आम श्रद्धालु भी पर्व की तैयारियों में जुटे हुए हैं. छठ घाटों की सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है. वहीं, छठ की तैयारियों को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है. पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और फलों से बाजार पूरी तरह सज गए हैं.

### नहाय-खाय से शुरू होगा चार दिवसीय अनुष्ठान

छठ महापर्व के पहले दिन शुक्रवार को व्रती स्नान और पूजा के बाद अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सात्विक सब्जी तैयार कर ग्रहण करेंगे. इसके साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरूआत होगी. इस दिन व्रती अपने परिजनों और रिश्तेदारों को भी प्रसाद के रूप में भोजन कराते हैं. अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार को व्रती दिनभर निर्जला उपवास रखेंगे और शाम को खरना करेंगे. खरना में मुख्य रूप से अरवा चावल और दूध से प्रसाद तैयार किया जाता है. व्रती पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण करते हैं. इसके बाद 36 घंटे के निर्जला उपवास की शुरूआत होती है.

### फलों की कीमतों में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा बदलाव नहीं

छठ महापर्व में इस्तेमाल होने वाले मौसमी फलों की कीमतें इस बार पिछले साल के आसपास ही बनी हुई हैं. पटना, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे महानगरों से अनार, संतरा, नाशपाती समेत कई तरह के फल मंगाए गए हैं. बड़े व्यापारियों ने करीब 20 से 25 लाख रुपये निवेश कर फलों की खरीदारी की है. इसके बाद छोटे खुदरा व्यापारियों को भी फल उपलब्ध कराए जा रहे हैं. फल विक्रेता विक्की कुमार ने बताया कि इस साल छठ के लिए सेब 120 से 140 रुपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध है. अनार, शरीफा और नाशपाती की कीमत 180 से 200 रुपये प्रति किलो है. वहीं, केला 60 से 70 रुपये प्रति दर्जन और संतरा 100 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है. अमरूद की कीमत इस बार 140 रुपये प्रति किलो है.

### रविवार को डूबते और सोमवार को उगते सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

छठ अनुष्ठान के तीसरे दिन रविवार, 15 नवंबर को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे. मौसम विभाग के बुलेटिन के अनुसार, इस दिन शेखपुरा में सूर्यास्त का समय शाम 4:58 बजे निर्धारित है. वहीं, महापर्व के अंतिम दिन सोमवार, 16 नवंबर को सुबह 6:04 बजे सूर्योदय के साथ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा. इसके बाद व्रती पारण कर 36 घंटे के निर्जला उपवास का समापन करेंगे. इसी के साथ सुख, शांति और आरोग्य की कामना के लिए किया जाने वाला यह कठिन अनुष्ठान संपन्न होगा.

# झारखंड में हाथियों पर बिजली के तारों का कहर! खूंटी में करंट लगने से दंतैल हाथी की मौत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**



**रांची/खूंटी :** झारखंड में जंगली हाथियों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. कहीं खेतों में फसल बचाने के लिए बिछाए गए बिजली के तार हाथियों की जान ले रहे हैं, तो कहीं झूलते और टूटे बिजली के तार उनके लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं. ताजा मामला खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र का है. यहां बिजली के झूलते तार की चपेट में आने से एक दंतैल हाथी की मौके पर ही मौत हो गई. घटना गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है. रनिया-सोदे मुख्य पथ पर स्थित तेतारी गांव में बालिका विद्यालय के नजदीक झाड़ियों के पास हाथी का शव मिला. स्थानीय लोगों के अनुसार, जंगली हाथी कोयल नदी की तरफ से तेतारी गांव की ओर बढ़ रहा था. इसी दौरान वह काफी नीचे झूल रहे बिजली के तार की चपेट में आ गया. करंट लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हाथी की मौत की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों और रनिया थाना पुलिस को सूचना दी. इसके बाद पुलिस पदाधिकारी और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की. प्रभारी वनपाल सुमित टोपनो ने बताया कि बिजली का तार काफी नीचे झूल रहा था. ऐसे में आशंका है कि हाथी उसी तार की चपेट में आकर करंट का शिकार हुआ है. मृत हाथी वयस्क था. उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो पाएगी. इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की जांच की जाएगी. ऐसा नहीं है कि पहली बार करंट लगने से किसी हाथी की मौत हुई है. इससे पूर्व 7 सितंबर 2026 को लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोमर गांव में बिजली के तार की चपेट में आने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई थी. 6 मई 2026 को चांडिल वन क्षेत्र के तिरुलडीह-सपारूम इलाके में एक वयस्क नर हाथी मृत मिला था. उसके सूंड में बिजली का तार लिपटा हुआ था और पास में बिजली का खंभा भी गिरा हुआ था.

### पिता को मेला से लाने निकले भोला पर हाथियों का हमला, जंगल में कुचलकर ली जान

**बसिया (गुमला)।** गुमला जिले के बसिया प्रखंड स्थित सुकुरडा जंगल में बुधवार शाम करीब पांच बजे 23 जंगली हाथियों के झुंड ने 35 वर्षीय भोला सिंह को कुचलकर मार डाला. भोला सिंह बसिया के सरईडीह गांव के निवासी थे. वह साइकिल से अपने पिता को सुकुरडा इंद्र मेला से घर लाने जा रहे थे. इस घटना के बाद सुकुरडा, सरईडीह और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार को सुकुरडा गांव में इंद्र मेला लगा था. भोला सिंह के पिता मेला देखने गये थे. शाम होने पर भोला उन्हें घर लाने के लिए साइकिल से सुकुरडा जा रहे थे. इसी दौरान रास्ते में जंगल से अचानक हाथियों का झुंड बाहर निकल आया. इससे पहले कि भोला संभल पाते, एक हाथी ने उन्हें सूंड से खींचकर जंगल के अंदर ले गया. वहां झुंड ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी. घटना की सूचना मिलते ही वनपाल शेखर कुमार वन विभाग की टीम के साथ और बसिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस और वनकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से शव को जंगल से बाहर निकाला. इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गुमला भेज दिया गया.

**झारखंड मंत्रालय में आयोजित हुई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 97वीं त्रैमासिक बैठक**

# झारखंड में गांव-गांव पहुंचेगी बैंकिंग सेवा : दीपिका पांडेय सिंह

**मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने एसएचजी महिलाओं को 15 लाख तक क्रेडिट लिंकेज देने का रखा प्रस्ताव**

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**



**रांची।** राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में एक बार फिर गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना पर विशेष रुप से चर्चा हुई. झारखंड मंत्रालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 97वीं त्रैमासिक बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना पर विशेष जोर देते हुए सभी बैंकों को निर्देश दिया कि अगले 30 दिनों के अंदर इस योजना के तहत स्वयं को सूचीबद्ध करें, ताकि राज्य के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए सुलभ ऋण उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की बाधा न आए. बैठक में राज्य के विकास में बैंकों की भूमिका, ऋण वितरण और साख-जमा अनुपात में वृद्धि को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य का सीडी रेशियो बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है इसके लिए बैंकों को ऋण वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने और राज्य की विकास योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने की आवश्यकता है.उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से झारखंड को अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाने की स्थिति में राज्य के विकास को गति देने में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है. बैंकों को राज्य की जरूरतों और प्राथमिकताओं को समझते हुए अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए. बैठक में झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी भाग लिया. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, डिजिटल पंचायत, स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज और ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को वित्तीय अवसर उपलब्ध कराने से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए.

### एसएचजी महिलाओं को 15 लाख तक क्रेडिट लिंकेज देने का प्रस्ताव

ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास की योजनाओं का वास्तविक और व्यापक प्रभाव तभी सुनिश्चित किया जा सकता है, जब बैंकिंग सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक हो. उन्होंने विशेष रूप से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखाओं एवं एटीएम की संख्या बढ़ाने तथा ग्रामीण नागरिकों को सुगम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया. अपने संबोधन में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्वयं सहायता समूहों को 15 लाख रुपये तक क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा. उन्होंने कहा कि ऐसा करने से समूहों में उद्यमिता के विकास के साथ-साथ उनका टर्नओवर भी बढ़ेगा और ग्रामीण महिलाओं की आय में सीधा इजाफा होगा.

### डिजिटल पंचायत पहल से गांव में ही मिलेंगी सेवाएं

मंत्री ने जानकारी दी कि पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत भवनों को डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित करने के उद्देश्य से डिजिटल पंचायत की पहल की गई है. इसके तहत सीएससी के सहयोग से ग्रामीणों को पंचायत भवन में ही विभिन्न नागरिक एवं डिजिटल सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है. इसके आंकड़े साझा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम चरणः 673 पंचायतों को चिन्हित किया गया था, जिनमें से 335 स्थानों को बैंकों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है. द्वितीय चरणः चयनित 1,848 स्थानों में से 571 स्थानों को बैंकों द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है. उन्होंने कहा कि पंचायतों को डिजिटल और वित्तीय सेवाओं से जोड़ने से ग्रामीणों को अब बैंकिंग कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता कम होगी और पंचायत भवन ग्रामीण स्तर पर सेवा वितरण के प्रभावी केंद्र बनेंगे.

# संगठित अपराध और ड्रग्स तस्करी बर्दाश्त नहीं: गृह मंत्री शाह ने दिल्ली पुलिस को दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

**एजेंसी।**



**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस को संगठित अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियारों की सप्लाई और दूसरी गैर-कानूनी गतिविधियों पर अपनी कार्रवाई को और मजबूत करने का निर्देश दिया. उन्होंने राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के आस-पास के इलाकों में चल रहे क्रिमिनल नेटवर्क को खत्म करने के लिए एक समन्वित रणनीति बनाने पर बल दिया. सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस हेडक्वार्टर में चार घंटे तक चली हाई-लेवल सिक्योरिटी रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए अमित शाह ने सीनियर पुलिस अधिकारियों से ऑर्गनाइज्ड क्रिमिनल एक्टिविटीज से निपटने और उभरती सिक्योरिटी चुनौतियों का ज्यादा असरदार जवाब देने के लिए बड़े स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाने को कहा.

गृह मंत्री ने दिल्ली पुलिस और पड़ोसी एनसीआर शहरों में उनके समकक्षों के बीच ज्यादा समन्वय बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया. ताकि क्रिमिनल लोगों को अधिकार क्षेत्र की सीमाओं का फायदा उठाने से रोका जा सके. प्रस्तावित कोऑर्डिनेशन सिस्टम से इंटेलिजेंस-शेयरिंग मजबूत होने, ऑपरेशनल रिस्पॉन्स बेहतर होने और इंटर-स्टेट या इंटर-सिटी मौजूदगी वाले क्रिमिनल नेटवर्क के खिलाफ जॉइंट एक्शन में मदद मिलने की उम्मीद है.

मीटिंग में लेफ्टिनेंट गवर्नर टीएस संधू, यूनियन होम सेक्रेटरी गोविंद मोहन, दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार और दूसरे सीनियर अधिकारी शामिल हुए. मीटिंग की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि मीटिंग में नेशनल कैपिटल में मौजूदा लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति, मौजूदा पुलिसिंग इंतजाम और लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपायों का रिव्यू किया गया. अमित शाह ने पुलिसिंग स्ट्रेटेजी को मजबूत करने और संगठित आपराधिक नेटवर्क, खासकर जो नारकोटिक्स डिस्ट्रीब्यूशन, गैर-कानूनी हथियारों की सप्लाई और दूसरी गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल हैं, उनसे निपटने के लिए ज्यादा असरदार संस्थागत तरीका बनाने की जरूरत पर जोर दिया. छठ पूजा का त्योहार नजदीक आने पर गृह मंत्री ने पूरी दिल्ली में सुरक्षा और भीड़ मैनेजमेंट के इंतजाम का भी जायजा लिया. इस त्योहार को मनाने के लिए लाखों भक्तों के राष्ट्रीय राजधानी में 1,400 से ज्यादा तय घाटों पर आने की उम्मीद है. पता चला है कि बड़े पैमाने पर भीड़ जमा होने की वजह से पुलिस की काफी तैनाती, भीड़ को अच्छे से कंट्रोल करना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना दिल्ली पुलिस के लिए जरूरी हो गया है.

THE RANCHI RIFLE CLUB (RRC)
(Registered under -Society Registration Act: 21,1860. Government of Jharkhand)
JOIN US TO BECOME A NATIONAL or INTERNATIONAL SHOOTER
Your ambition is our mission...



Our facilities:-
- 10m/ 25m Fully Air Conditioned Hitech indoor shooting range.
- All Types of Air/ Fire weapons are available for practice.
- All types of shooting equipments & accessories for sale available here.
- We teach the civilians how to handle weapons/ safety rules and way of firing.
- Special For School Girls & Boys.
- Above 8 years Girls & Boys May Join us.
- National Level Shooting Coach Facility Available Here.

Justdial
Contact: +91 8002397001, 7050607001
House No. 01, Shanti Nagar, Hatia, Near Hatia Tonko Bridge, P.O- Hatia, P.S.- Jagannathpur, Ranchi - 834003 (Jharkhand)
E-mail: theranchirifleclub@gmail.com | Website: http://www.theranchirifleclub.org



# बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड ने पूरे किए स्थापना के 55 वर्ष

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।**औद्योगिक विरासत के 55 वर्षों का गौरवपूर्ण सफर, वैश्विक उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर BFCL डॉ. हरि कृष्ण बुधिया के दूरदर्शी नेतृत्व से श्री गौरव बुधिया के मार्गदर्शन तक, गुणवत्ता और प्रतिबद्धता के साथ विकास की नई ऊंचाइयां छू रही है कंपनी।बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (BFCL) ने 11 नवंबर 2026 को पूरे किए अपने स्थापना के 55 वर्ष। साल 1971 में स्थापित कंपनी ने पांच दशकों से अधिक की अपनी औद्योगिक यात्रा में भारतीय फेरोअलॉय एवं इस्पात उद्योग में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। यह अवसर कंपनी की दूरदर्शिता, संघर्ष, नवाचार और निरंतर विकास की गौरवशाली यात्रा को रेखांकित करता है।प्रख्यात उद्योगपति डॉ. हरि कृष्ण बुधिया द्वारा स्थापित BFCL की नींव गुणवत्ता और विश्वसनीयता पर आधारित एक सशक्त औद्योगिक संस्थान के निर्माण के उद्देश्य से रखी गई थी। वर्षों के दौरान कंपनी ने अपनी विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार किया, आधुनिक तकनीकों को अपनाया और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत की। आज संस्थापक की इस विरासत को श्री गौरव बुधिया के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाया जा रहा है, जहां औद्योगिक अनुभव और आधुनिक व्यावसायिक दृष्टिकोण का समन्वय कंपनी की विकास यात्रा को नई दिशा दे रहा है।गुणवत्ता और नवाचार से इस्पात उद्योग को मजबूती BFCL ने फेरोअलॉय उद्योग में अपनी महत्वपूर्ण पहचान स्थापित की है। कंपनी उच्च गुणवत्ता वाले फेरो मैंगनीज और सिलिको मैंगनीज का उत्पादन करती है, जिनका उपयोग इस्पात निर्माण में व्यापक रूप से किया जाता है। इसके अतिरिक्त, स्पंज आयरन विनिर्माण और विद्युत उत्पादन भी कंपनी की प्रमुख औद्योगिक गतिविधियों में शामिल हैं। बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं और ग्राहकों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी आधुनिक तकनीक, उत्पाद नवाचार और मूल्यवर्धित उत्पादों के विकास पर निरंतर ध्यान दे रही है। ये प्रयास वैश्विक बाजार में गुणवत्ता और निरंतरता बनाए रखने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती पहचान झारखंड की औद्योगिक धरती से अपनी यात्रा शुरू करने वाली BFCL आज 25 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी की यह उपस्थिति उसकी उत्पादन क्षमता, उत्पादों की गुणवत्ता और ग्राहकों के साथ विकसित मजबूत व्यावसायिक संबंधों का प्रमाण है।अपनी टैगलाइन 'Driven by Quality with Commitment' के अनुरूप कंपनी गुणवत्ता, विश्वसनीयता और ग्राहक संतुष्टि को अपनी कार्यप्रणाली का आधार बनाए हुए है। औद्योगिक विकास के साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी BFCLसतत औद्योगिक विकास के महत्व को समझते हुए प्रदूषण नियंत्रण, संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग, वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी विभिन्न पहल कर रही है। कंपनी का प्रयास औद्योगिक प्रगति के साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना है।इसके साथ ही कर्मचारी कल्याण और कार्यस्थल पर सुरक्षा कंपनी की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार कार्यक्रम और जागरूकता अभियानों के माध्यम से सुरक्षित कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है।कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत कंपनी स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्रीय विकास में भी योगदान दे रही है। ये प्रयास इस विश्वास को मजबूत करते हैं कि औद्योगिक सफलता तभी सार्थक है, जब उसका सकारात्मक प्रभाव समाज तक भी पहुंचे।गौरवशाली विरासत से उज्ज्वल भविष्य की ओर आज जब भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक विनिर्माण क्षमता को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, BFCL भी नई तकनीकों को अपनाने, विनिर्माण क्षमताओं को सुदृढ़ करने और नए बाजारों में संभावनाएं तलाशने के लिए प्रतिबद्ध है। पांच दशकों से अधिक के अनुभव, मजबूत औद्योगिक आधार और दूरदर्शी नेतृत्व के साथ कंपनी अपनी उपलब्धियों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए नए लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अग्रसर है।कंपनी का 56वां स्थापना दिवस संस्थापक के दूरदर्शी विजन, वर्तमान नेतृत्व के मार्गदर्शन और उन सभी कर्मचारियों के समर्पण एवं योगदान को सम्मानित करने का अवसर है, जिनके सामूहिक प्रयासों ने BFCL की इस गौरवशाली यात्रा को आकार दिया है।BFCL के लिए गुणवत्ता केवल एक मानक नहीं, बल्कि विश्वास का वादा है। प्रतिबद्धता केवल एक मूल्य नहीं, बल्कि उसकी विकास यात्रा का आधार है।

## कृषक मित्रों ने प्रोत्साहन राशि देने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी को सौंपा आवेदन

**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड के कृषक मित्रों ने गुरुवार को प्रोत्साहन राशि देने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी को आवेदन सौंपा है। इस संबंध में कृषक मित्र सला उद्दीन शेख, मो सुल्तान अहमद, निरंजन प्रसाद शाह, मो रज्जाक शेख, प्रकाश चंद मंडल, प्रतुल मंडल, प्रणव कुमार घोष आदि ने बताया कि वे कृषक मित्र है,वे कृषि से संबंधित सभी कार्य करते है।लेकिन इस खरीफ में DCS का कार्य 4 जी मोबाइल 10 verson होने के कारण कार्य नहीं हो पाया है। 5g मोबाइल 14-16 verson का मोबाइल में एक्स डाउनलोड होता है। जो हम कृषक मित्र के पास नहीं है। इस रबी फसल सर्वे में हम सभी कृषक मित्र काम करेंगे। दियारा क्षेत्र के अनसर्वे जमीन रहने के कारण सर्वे का काम नहीं हो पा रहा है। इनका वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। वही कृषक मित्रों ने अपना प्रोत्साहन राशि शीघ्र भुगतान की मांग की है।

## आगामी छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त ने बड़की नदी छठ घाट का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा



**रामगढ़।** आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज ने गुरुवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल के समीप बड़की नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने छठ घाट एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का जायजा लेते हुए पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ महापर्व को देखते हुए घाटों की साफ-सफाई, समुचित प्रकाश व्यवस्था, पहुंच पथ की दुरुस्ती, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करें, ताकि छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## फिलो एप के माध्यम से संचालित ऑनलाइन कक्षाओं का जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किया निरीक्षण, विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद



**रामगढ़।** रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए फिलो (Filo) एप के माध्यम से संचालित ऑनलाइन कक्षाओं एवं शैक्षणिक सुविधाओं का नियमित अनुश्रवण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील द्वारा जिले के तीन विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्लस टू उच्च विद्यालय, कोयरीटोला, श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय, सिरका एवं प्रोजेक्ट गर्ल्स उच्च विद्यालय, मांडू का निरीक्षण कर फिलो एप के माध्यम से विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही ऑनलाइन शैक्षणिक सुविधाओं एवं उनके लाभ की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर फिलो एप के माध्यम से संचालित ऑनलाइन कक्षाओं की उपयोगिता, विषयवार पढ़ाई एवं अध्ययन में मिल रही सहायता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने तथा उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यार्थियों को आगामी मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन का उद्देश्य फिलो एप के माध्यम से सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराना तथा बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करना है।

## गोला डेली मार्केट में खरीदारी के दौरान महिला का मोबाइल गायब

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़/गोला।** त्योहारी सीजन के मद्देनजर गोला डेली मार्केट में उमड़ने वाली भारी भीड़ का फायदा उठाकर चोर-उचक्के सक्रिय हो गए हैं। ताजा मामला गोला डेली मार्केट का है, जहां दिनदहाड़े भीड़भाड़ के बीच एक महिला का एंड्रॉयड मोबाइल गायब हो गया। इस घटना के बाद पीड़िता का रो-रोकर बुरा हाल है।सब्जी खरीदने आई थीं पीड़ितामिली जानकारी के अनुसार, तेनुघाट थाना क्षेत्र की रहने वाली सुनीता कुमारी गोला डेली मार्केट में सब्जी और अन्य घरेलू सामान की खरीदारी करने आई थीं। बाजार में अत्यधिक भीड़ होने के कारण किसी शातिर ने मौका पाकर उनका मोबाइल उड़ा लिया।रिंग करने पर भी नहीं मिला सुरागमोबाइल गायब होने का अहसास होते ही सुनीता कुमारी के होश उड़ गए। उन्होंने आसपास के दुकानदारों और राहगीरों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों और पीड़िता द्वारा लगातार उस नंबर पर फोन (रिंग) भी किया गया, लेकिन फोन स्विच ऑफ या रिसीव नहीं होने से कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पीड़िता ने इस मामले की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस को देने की बात कही है।सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल बाजार में लगातार हो रही इस तरह की चोरियों से स्थानीय लोगों और दुकानदारों में चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि त्योहारी भीड़ के बीच असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं, जो आए दिन लोगों की जेब और मोबाइल पर हाथ साफ कर रहे हैं।

## रामगढ़ एसपी ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था का लिया जायजा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रामगढ़ जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। पर्व के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले प्रमुख छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई और विधि-व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया।

**अधिकारियों को दिए गए कड़े निर्देश**



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष फोकस रखने को कहा:

सुरक्षा बल की तैनाती: सभी प्रमुख छठ घाटों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

**बैरिकेडिंग और यातायात प्रबंधन:** गहरे पानी वाले स्थानों पर सुरक्षा के लिए मजबूत बैरिकेडिंग हो और पर्व के दौरान सुगम यातायात के लिए बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान लागू किया जाए। भीड़ नियंत्रण और प्रकाश व्यवस्था: घाटों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ रोशनी के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। आपातकालीन तैयारी: किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी कर ली जाएं।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता**

पुलिस अधीक्षक ने इस बात पर जोर दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और शांतिपूर्ण माहौल में छठ महापर्व का आयोजन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को आपसी बेहतर समन्वय बनाकर पूरी सतर्कता और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। प्रशासन के इस सक्रिय रुख से पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर लगाम कसने और श्रद्धालुओं को सुरक्षित माहौल मिलने की उम्मीद है।

## 6.950 किमी सड़क को लेकर सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे डीसी कार्यालय, विधायक ममता देवी ने अधिकारियों से मांगा जवाब

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**दो साल बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश**

**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के बरियातू बाजार टांड़ से साड़म होते हुए माचा टांड़ तक 6.950 किलोमीटर सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश गुरुवार को फूट पड़ा। जर्जर सड़क से परेशान बरियातू, साड़म, माचा टांड़ एवं आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विरोध जताया और उपायुक्त को आवेदन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। वहीं, जयंतीबेड़ा के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए दूर जाना पड़ता है। जिससे काफी




परेशानी होती है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण का कार्य क्लासिक इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया था। कार्य शुरू करने की निर्धारित तिथि 9 मार्च 2024 और पूरा करने की अंतिम तिथि 8 दिसंबर 2024 थी, लेकिन समय-सीमा बीतने के बावजूद निर्माण शुरू नहीं हुआ। इस मामले में विधायक ममता देवी पूर्व में भी विभाग और जिला प्रशासन को पत्र लिख चुकी हैं। 16 अक्टूबर 2026 को मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर लापरवाह संवेदक को ब्लैकलिस्ट करने, पूर्व आवंटन निरस्त कर पुनः निविदा निकालने तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की थी। ग्रामीणों के विरोध की सूचना पर विधायक ममता देवी भी उपायुक्त कार्यालय पहुंचीं और उपायुक्त से मुलाकात कर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को फटकार लगाते हुए कहा कि अधिकारियों और संवेदक की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। सड़क निर्माण में देरी के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और काम जल्द शुरू कराया जाना चाहिए। इधर, ग्रामीणों की नारेबाजी के बीच उपायुक्त स्वयं कार्यालय से बाहर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही अगले एक-दो दिनों में सड़क के गड्ढों को भरवाने और जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का भरोसा दिया। इस अवसर पर अमित महतो, मनोज पुजहर, मनोज कोटवार, संतोष सोनी, साड़म पंचायत उपमुखिया तुलसीदास महतो, लखेश्वर महतो, यशोदा देवी, शीला देवी, निरंजन साव, रवि मुंडा, चमन महतो, अरीफ अंसारी, गीता देवी, पूजा कुमारी, मनोज रविदास, छोटी देवी, नमेदारी पहान, अकबर, गुलाम सरवर एवं जलेश्वर रविवार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूर्व जिला परिषद सदस्य कपिल मुंडा के पिता मलू मुंडा का निधन, गांव में शोक की लहर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि**

**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के पतरातू निवासी एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य कपिल मुंडा के पिता मलू मुंडा (80 वर्ष) का गुरुवार सुबह करीब छह बजे निधन हो गया। उन्होंने अपने निजी आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में गुरुवार दोपहर स्थानीय श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के नेता, बुद्धिजीवी, समाजसेवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने नम



आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

मलू मुंडा के निधन से पतरातू गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने उन्हें एक बुजुर्ग और सम्मानित व्यक्ति के रूप में याद करते हुए कहा कि उनका निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

## जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा ने बिरसा मुंडा के संघर्ष और विकास योजनाओं को किया रेखांकित

**पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने कहा- जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की लड़ाई थी भगवान बिरसा का उलगुलान**

**लोहरदगा:** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भाजपा लोहरदगा जिला की ओर से नोवेल्टी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने भगवान बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक उलगुलान, जनजातीय अस्मिता और केंद्र सरकार की विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, बलिदान, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में योगदान को सम्मान देने का दिन है।

# गोला में जंगली सियार का आतंक, शाम को एक और सुबह आठ लोगों पर किया हमला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बीसा, बाबलोंग और मुरीडीह में दहशत का माहौल**

**घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए नहीं मिली 108 एंबुलेंस**

**वन विभाग की कार्यशैली पर ग्रामीणों में भारी नाराजगी**

**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के सुदूरवर्ती वन क्षेत्र में बसे गांवों में जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कभी जंगली हाथियों का झुंड तो कभी जंगली सूअर और सियार ग्रामीणों के लिए खतरा बन रहे हैं। ताजा घटना में बीसा, बाबलोंग और मुरीडीह गांवों में जंगली सियार के हमले से नौ लोग घायल हो गए। इनमें एक व्यक्ति पर बुधवार शाम हमला हुआ, जबकि गुरुवार सुबह करीब पांच बजे आठ अन्य लोगों को सियार ने अपना निशाना बनाया। अचानक हुए हमलों से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, बीसा निवासी एक व्यक्ति पर बुधवार शाम जंगली सियार ने हमला कर घायल कर दिया था। इसके बाद गुरुवार सुबह जब ग्रामीण अपने घरों से रोजमर्रा के काम के लिए बाहर निकल रहे थे, तभी सियार ने अचानक लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। बीसा निवासी सूरज कुमार मुंडा, मेरचो देवी, अंशु कुमारी, बलू महतो और पदुम देवी तथा बाबलोंग निवासी सुनीता देवी को काटकर घायल कर दिया। इसके अलावा मुरीडीह गांव में भी दो लोग सियार के हमले में जख्मी हो गए। देखते ही देखते कई लोग लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकले और घायलों की मदद में जुट गए।

**108 एंबुलेंस को किया फोन, नहीं मिली सहायता**

घटना के बाद ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा पर फोन



किया, लेकिन आरोप है कि बार-बार प्रयास के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। अंततः ग्रामीणों ने निजी वाहनों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ सभी को एंटी रेबीज का इंजेक्शन दिया। मेरचो देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**एक सप्ताह में दूसरी घटना, वन विभाग की भूमिका पर सवाल**

ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले चार नवंबर को नेमरा-अरोड़ा गांव में भी जंगली जानवर के हमले में दो लोग घायल हुए थे। उनका इलाज सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया था। इसके बावजूद वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। न तो ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए कोई विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया और न ही जंगली जानवरों के हमलों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए।

**जंगल से घिरे गांवों में घर से निकलना भी मुश्किल**

गोला प्रखंड मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर स्थित बीसा, बाबलोंग और आसपास के गांव घने जंगलों से घिरे हैं। यहां के ग्रामीणों के लिए सुबह-शाम घर से निकलना भी जोखिम भरा होता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कभी हाथियों का झुंड घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाता है, तो कभी जंगली सियार और सूअर लोगों पर हमला कर देते हैं। ऐसे हालात में खेती-किसानी, मजदूरी और रोजमर्रा के कामकाज के लिए निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि आखिर वे कब तक जंगली जानवरों के भय के साये में जिंदगी गुजारेंगे।

**अस्पताल पहुंचे जेएलकेएम महासचिव और मुखिया, आंदोलन की चेतावनी**

घटना की जानकारी मिलने पर जेएलकेएम पार्टी के केंद्रीय महासचिव संतोष चौधरी सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने घायलों को आवश्यक अंतिम इंजेक्शन उपलब्ध कराने में भी सहयोग किया। उन्होंने वन विभाग से जंगली जानवरों के हमलों पर रोक लगाने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के हित में आंदोलन किया जाएगा। वहीं, हुपू पंचायत के मुखिया प्यारे लाल महतो ने कहा कि वन विभाग पीड़ित परिवारों को अविलंब उचित मुआवजा एवं राहत राशि उपलब्ध कराए, ताकि उन्हें इस मुश्किल घड़ी में आर्थिक सहायता मिल सके।

**पहले भी उठ चुकी है सुरक्षा और हाथी कॉरिडोर निर्माण की मांग**

बेटुला पंचायत के मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि जाकिर अख्तर अंसारी ने भी पूर्व में जंगली हाथियों और अन्य वन्यजीवों के हमलों से ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों से ईमेल के माध्यम से सुरक्षा उपकरण, हाथी कॉरिडोर निर्माण और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की मांग की थी। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि इन मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा वन विभाग?**

लगातार हो रही घटनाओं ने वन विभाग की तैयारी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर विभाग कब जागेगा? क्या किसी बड़ी जनहानि के बाद ही सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी? लोगों ने मांग की है कि प्रभावित गांवों में तत्काल वन विभाग की टीम तैनात की जाए, जंगली जानवरों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए, ग्रामीणों को सतर्क किया जाए तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सा और एंबुलेंस सुविधा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें केवल आश्वासन नहीं, बल्कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए ठोस कार्रवाई चाहिए।

# छठ पर्व पर रांची में ट्रैफिक का बड़ा बदलाव, 15 और 16 नवंबर को भारी वाहनों की रहेगी नो एंट्री

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष योजना तैयार की है. छठ घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 15 और 16 नवंबर को शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के परिचालन में बदलाव किया गया है. इस दौरान भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी. वहीं, कई छठ घाटों की ओर जाने वाले रास्तों पर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा. रांची ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं.

पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय, रांची की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 15 नवंबर को सुबह आठ बजे से रात 11 बजे तक और 16 नवंबर को सुबह दो बजे से सुबह 10 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा. हालांकि, भारी वाहन रिंग रोड से होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे. इसके अलावा 15 नवंबर को शाम दो बजे से रात आठ बजे तक छोटे मालवाहक वाहनों का भी रांची शहर में प्रवेश और परिचालन बंद रहेगा. छठ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई प्रमुख रास्तों पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी. 15 नवंबर को दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक चांदनी चौक कांके से राम मंदिर के बीच दोनों ओर वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा. इसी तरह फिरायालाल से चडरी तालाब की ओर जाने वाली सड़क और जेल चौक से फिरायालाल जाने वाले मार्ग पर भी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी. इसके अलावा कचहरी चौक से राजभवन की ओर जाने वाली सड़क, सीएमपीडीआई चौक से कांके डैम की ओर जाने वाली सड़क और ओढ़नू बाबा आश्रम से बड़ा तालाब की ओर जाने वाले मार्ग पर भी सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा. जैन मंदिर एवं महिला मारवाड़ी कॉलेज से बड़ा तालाब की ओर जाने वाली सड़क तथा लक्ष्मीनारायण मंदिर से ओढ़नू बाबा आश्रम की ओर जाने वाले रास्ते पर भी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी. जुडिशियल अकादमी एवं सिठियो बस्ती (अंजली होटल) से धुर्वा डैम छठ घाट की ओर जाने वाली सड़क पर भी सभी प्रकार के वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी.

छठ घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं को अपने वाहन खड़े करने में परेशानी नहीं हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने शहर में 13 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था निर्धारित की है. इनमें प्रमुख रूप से रणधीर वर्मा चौक से हटिया तालाब जाने वाले मार्ग पर नगर निगम पार्क के सामने रोड किनारे, एसएसपी आवास चौक से हटिया तालाब जाने वाले रास्ते में रोड किनारे और जाविक ग्रीन पार्क से हटिया तालाब जाने वाले मार्ग पर निर्धारित स्थान शामिल हैं. इसी तरह राम मंदिर से कांके डैम जाने वाले मार्ग पर सीएमपीडीआई चौक, गांधी नगर और रॉक गार्डन में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी. शालीमार बाजार से छठ तालाब जाने वाले मार्ग पर शालीमार बाजार तथा शहीद मैदान से छठ तालाब जाने वाले रास्ते पर शहीद मैदान में वाहन खड़े किए जा सकेंगे. इसके अलावा जेल चौक के पास भगवान बिरसा मुंडा के पास, लालपुर यातायात थाना के पास, सजना चौक से बड़ा तालाब जाने वाले मार्ग पर सजना चौक और फिरायालाल के बीच बने पार्किंग स्थल पर भी वाहन पार्क किए जा सकेंगे. चुटिया से स्वर्णरेखा नदी जाने वाले मार्ग पर सरस्वती शिशु मंदिर के बगल में, धुर्वा तालाब और चुटिया मंर रोड किनारे, किशोरगंज चौक से बड़ा तालाब जाने वाले मार्ग पर रोड किनारे तथा देवेंद्र मांझी चौक के पास निवारणपुर में भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है. ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आवश्यकता पड़ने पर शहर के अन्य मार्गों पर भी कुछ समय के लिए वाहनों को डायवर्ट किया जा सकता है या उनका परिचालन रोका जा सकता है. इसका उद्देश्य छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को घाटों तक पहुंचने में परेशानी से बचाना तथा शहर में जाम की स्थिति नहीं बनने देना है. रांची ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने लोगों से अपील की है कि छठ घाटों पर जाने के दौरान निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही इस्तेमाल करें और प्रतिबंधित रास्तों पर वाहन लेकर जाने से बचें.

## रांची में 12 लोगों ने दो भाइयों को घेरकर किया जानलेवा हमला, लोहे की रॉड से सिर फोड़ा, एफआईआर दर्ज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** राजधानी रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में आपसी विवाद को लेकर हिंसक झड़प का एक गंभीर मामला सामने आया है. हुंडरू के हरिजन मोहल्ले में 12 लोगों पर दो सगे भाइयों को घेरकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा है. आरोप है कि हमलावरों ने दोनों भाइयों पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला किया. मारपीट में एक भाई का सिर फट गया और उसके चेहरे से काफी खून बहने लगा. वहीं, दूसरे भाई की छाती, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों पर बेरहमी से वार किया गया. आरोप है कि मारपीट के दौरान एक आरोपी ने रिवॉल्वर निकालकर दोनों भाइयों पर गोली भी चलाई, लेकिन गोली मिसफायर हो गई. इसके बाद दोनों भाई किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागे और पुलिस के पास पहुंचे.

इस मामले में मनीष लोहरा ने एयरपोर्ट थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने 9 नवंबर 2026 को प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. प्राथमिकी में 12 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है. प्राथमिकी में मनीष लोहरा ने बताया है कि 4 नवंबर 2026 को वह अपने भाई संजय लोहरा के साथ हुंडरू स्थित हरिजन मोहल्ले में एक दुकान पर बैठकर चाउमिन खा रहे थे. यह दुकान एसटीएस मिशन स्कूल के ठीक बगल में बबलू राशन दुकान के पास स्थित है. इसी दौरान उनके गांव के रहने वाले कुछ लोग वहां पहुंच गए. आरोप है कि सभी ने दोनों भाइयों को चारों तरफ से घेर लिया. उन्हें संभलने या कुछ समझने तक का मौका नहीं दिया गया. सभी आरोपी एकजुट होकर दोनों भाइयों पर हमला करने लगे.

शिकायत के अनुसार, सुमित नायक ने अन्य आरोपियों को ललकारते हुए कहा कि दोनों को जान से मार डालो. इसके बाद सभी आरोपियों ने अपने हाथों में लिए लोहे की रॉड और लाठी-डंडे से दोनों भाइयों पर हमला शुरू कर दिया. आरोप है कि सुमित नायक ने संजय लोहरा को पकड़ लिया. इसके बाद राजकुमार नायक, लुलु नायक, अभिषेक नायक और प्रिंस नायक ने लाठी-डंडे से हमला किया. वहीं विशाल नायक और साहिल नायक समेत अन्य आरोपियों ने लोहे की रॉड से संजय की छाती, पीठ और शरीर के दूसरे हिस्सों पर लगातार वार किए.

## रिम्स के डॉक्टरों ने जटिल सर्जरी कर बचायी महिला की जान, फट सकती थी पेट की मुख्य नस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रिम्स के कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग के डॉक्टरों ने एक महिला की पेट की मुख्य रक्तवाहिनी की जटिल सर्जरी कर उसे नया जीवन दिया है. महिला की मुख्य रक्तवाहिनी का 10 से 12 सेंटीमीटर हिस्सा असामान्य रूप से फूलकर कमजोर हो गया था. उसमें कैल्शियम जमने के कारण नस कठोर हो गयी थी. बीमारी दोनों पैरों तक खून पहुंचाने वाली मुख्य रक्तवाहिनियों तक फैल चुकी थी. ऐसे में ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण था. डॉक्टरों की टीम ने खराब हिस्से को हटाकर दो शाखाओं वाली कृत्रिम रक्तवाहिनी लगायी और दोनों पैरों में रक्त प्रवाह फिर से बहाल कर दिया.

कार्डियक सर्जन डॉ अंशुल कुमार ने बताया कि इस बीमारी को मेडिकल भाषा में एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म कहा जाता है. इसमें हृदय से शरीर के निचले हिस्से तक रक्त पहुंचाने वाली मुख्य रक्तवाहिनी का पेट के अंदर का एक हिस्सा असामान्य रूप से फूलकर कमजोर हो जाता है. इसके फटने पर शरीर के अंदर गंभीर रक्तस्राव हो सकता है, जो कई बार जानलेवा साबित होता है. महिला मरीज की मुख्य रक्तवाहिनी का करीब 10-12 सेंटीमीटर हिस्सा फूल गया था. उसमें कैल्शियम जमने से वह कठोर हो गयी थी. साथ ही बीमारी दोनों पैरों में रक्त पहुंचाने वाली मुख्य रक्तवाहिनियों तक फैल गयी थी. इस वजह से सर्जरी में काफी सावधानी और विशेषज्ञता की जरूरत थी.

डॉ अंशुल कुमार ने डॉ शील अवनीश के मार्गदर्शन में ऑपरेशन किया. सर्जरी के दौरान क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाकर दो शाखाओं वाली कृत्रिम रक्तवाहिनी लगायी गयी. इससे दोनों पैरों में रक्त का प्रवाह फिर से सामान्य किया जा सका. ऑपरेशन में डॉ राकेश चौधरी, डॉ अंजय और एनेस्थीसिया टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही. खास बात यह रही कि इतने जटिल ऑपरेशन में केवल चार यूनिट रक्त की जरूरत पड़ी. ऑपरेशन के 12वें दिन महिला मरीज की स्थिति संतोषजनक है. डॉक्टरों के अनुसार, जल्द ही उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जायेगी. रिम्स निदेशक डॉ डीके सिन्हा और सीटीवीएस विभागाध्यक्ष डॉ पंकज बोदरा ने सफल ऑपरेशन के लिए पूरी टीम को बधाई दी.

## छठ पूजा को लेकर सब्जी बाजार में बढ़ी रौनक, दोगुना हुआ कद्दू का दाम

**कद्दू 60 रुपए किलो तो फूलगोभी 40 रुपए पीस**

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** छठ महापर्व को लेकर सब्जी बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है. शहर के विभिन्न बाजारो मोरहाबादी बाजार, वेजीटेबल मार्केट रातु रोड, डेली मार्केट, समेत अन्य बाजारों में सबजियों की खरीदारी भी बढ़ गई है. मोरहाबादी की रहने वाली हेमंती कुमारी ने बताया कि छठ पूजा में आरवा चावल बनता है. लेकिन सब्जी में लहसुन प्याज का उपयोग नही करते हैं. सब्जी विक्रेता सूरत साहु ने बताया कि छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाले कद्दू समेत अन्य हरी सब्जियों की मांग बढ़ी है. बाजार में कद्दू 60 रुपए किलो बिक रहा है. वहीं, 11 नवंबर को इसकी कीमत 40 रुपए थी. महज कुछ दिनों में कद्दू के दाम में 20 रुपए की बढ़ोतरी हुई है.सब्जी बाजार में धनिया 80 रुपए, मूली 40 रुपए, बंदा गोभी 15 रुपए, पालक 30 रुपए, बीन्स 40 रुपए, बैंगन 40 रुपए, आलू 40 रुपए और कटहल 80 रुपए की दर से बिक रहा है.वहीं, फूलगोभी 40 रुपए पीस,शकरकंद -60 किलो बाजार में बिक रहा है. वेजीटेबल मार्केट के सब्जी विक्रेता श्याम साहु ने बताया कि कद्दू की आवक रातू, सिल्ली, गोला और रामगढ़ से हो रही है. छठ पूजा में कद्दू का विशेष महत्व होने के कारण इसकी मांग बढ़ जाती है.

## झारखंड के पुलिसकर्मियों और सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत, 3 सप्ताह के लिए फिर खुलेगा मानव संपदा पोर्टल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड के पुलिसकर्मियों और अन्य विभागों के सरकारी कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है. झारखंड पुलिस एसोसिएशन के लगातार प्रयासों के बाद राज्य सरकार ने मानव संपदा पोर्टल को एक बार फिर तीन सप्ताह के लिए खोलने का निर्णय लिया है. इस फैसले से उन हजारों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा, जो फरवरी में पोर्टल बंद हो जाने के कारण अपनी संपत्ति विवरणी जमा नहीं कर पाए थे. अब ऐसे सभी कर्मचारी निर्धारित तीन सप्ताह की अवधि के भीतर पोर्टल पर अपनी संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे.

झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित रजक पिछले करीब एक महीने से इस मांग को लेकर लगातार प्रयासरत थे. दरअसल, समय पर संपत्ति विवरणी जमा नहीं होने के कारण कई कर्मचारियों को एसीआर, पदोन्नति और अन्य विभागीय प्रक्रियाओं में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. कर्मचारियों की इस व्यावहारिक समस्या को देखते हुए एसोसिएशन ने सरकार से पोर्टल दोबारा खोलने की मांग की थी. एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सचिव-सह-कोषाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस पहल में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का महत्वपूर्ण सहयोग मिला. उन्होंने कर्मचारियों की परेशानी को गंभीरता से समझते हुए संबंधित प्राधिकार के समक्ष इस मामले को प्रमुखता से उठाया. इसके अलावा सचिवालय में प्रतिनियुक्त अवर निरीक्षक उपेंद्र मिश्रा, एसोसिएशन के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष महताब आलम, प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री ने भी इस दिशा में लगातार प्रयास किए.

राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि पोर्टल के दोबारा खुलने से छूटे हुए कर्मचारियों को अपनी संपत्ति विवरणी जमा करने का अंतिम अवसर मिलेगा और उन्हें विभागीय कार्यों में आ रही बाधाओं से मुक्ति मिलेगी. उन्होंने इस सकारात्मक निर्णय में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ मीडिया का भी आभार जताया. उन्होंने कहा कि प्रेस के माध्यम से कर्मचारियों की यह गंभीर समस्या मुख्यमंत्री तक पहुंची, जिसका सुखद परिणाम आज सबके सामने है. गौरतलब है कि फरवरी महीने में मानव संपदा पोर्टल बंद हो जाने के बाद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और दूसरे विभागों के कर्मचारी अपनी वार्षिक संपत्ति विवरणी जमा नहीं कर पाए थे.

## संक्षिप्त खबर

### चोगा गांव में सात बिजली के खंभों से तार की चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश



**सोनाहातु।** सोनाहातु थाना क्षेत्र अंतर्गत चोगा गांव में बीती रात चोरों ने बिजली विभाग को बड़ी क्षति पहुंचाते हुए एक साथ सात बिजली के खंभों से तार की चोरी कर ली। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। बिजली के खंभों से तार गायब होने के कारण ग्रामीणों में चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। बताया जाता है कि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। सुबह जब ग्रामीणों को बिजली के खंभों से तार गायब होने की जानकारी मिली तो उन्होंने इसकी सूचना पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू को दी। सूचना मिलते ही रूप कुमार साहू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सोनाहातु थाना से संपर्क किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है। लगातार इस तरह की चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से चोरी में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी करने तथा चोरी हुए बिजली के तार की बरामदगी की मांग की है।

### रांची के बुढ़मू में दुकानों पर गैस टैंकर का कहर, मलबे में तब्दील हुए दुकान



**रांची।** जिला के बुढ़मू में लगातार दूसरे दिन भी बड़ा हादसा सामने आया है. बुधवार को ट्रक के टक्कर में दो युवकों की मौत के बाद गुरुवार को एक गैस टैंकर ने तबाही मचाई. इस हादसे में दो दुकानें जमींदोज हो गई. बुढ़मू थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक गैस टैंकर ने सड़क किनारे जमकर तबाही मचाई. चकमे से बुढ़मू की ओर जा रहा टैंकर अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और सीधे सड़क किनारे बनी दो दुकानों में जा घुसा. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों दुकानों में रखा सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इस घटना में दुकानदारों को लाखों रुपये के नुकसान हुआ है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टैंकर के दुकानों में घुसते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई. अचानक हुए इस हादसे से आसपास के लोग सहम गए. कुछ ही देर में घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई. लोगों ने देखा कि भारी वाहन की टक्कर से दुकानों का सामान इधर-उधर बिखर गया था और काफी नुकसान हुआ था. इस हादसे में सबसे राहत की बात यह रही कि घटना के वक्त दोनों दुकानों में कोई मौजूद नहीं था. अगर दुकानें खुली होतीं और वहां ग्राहक या दुकानदार मौजूद रहते, तो जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता था. बुंडू थाना प्रभारी नवीन शर्मा ने बताया कि एक अनियंत्रित टैंकर सड़क किनारे स्थित दुकान में जा घुसा था इस वजह से दो दुकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं. हादसे के वक्त कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था. टक्कर की वजह से टैंकर खराब हो गया है उसे ठीक करवा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### रांची एयरपोर्ट पर मना अंतरराष्ट्रीय एटीएसईपी दिवस, तकनीकी अधिकारियों का हुआ सम्मान

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एयर ट्रैफिक सेफ्टी इलेक्ट्रॉनिक्स पर्सनल (एटीएसईपी) दिवस मनाया गया. इस अवसर पर सुरक्षित विमान परिचालन और सुचारु हवाई यातायात में संचार, नेविगेशन एवं निगरानी (सीएनएस) विभाग के अधिकारियों के योगदान को सराहा गया. एयरपोर्ट निदेशक विनोद कुमार ने बताया गया कि एटीएसईपी अधिकारी हवाई यातायात प्रबंधन की तकनीकी रीढ़ होते हैं. ये कुशल अधिकारी संचार, नेविगेशन और निगरानी प्रणालियों के संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी निभाते हैं. इन्हीं उपकरणों के जरिए पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) के बीच निर्बाध संपर्क बना रहता है. साथ ही विमानों को सटीक दिशा-निर्देश और निगरानी मिलती है, जिससे हर उड़ान सुरक्षित पूरी होती है. रांची एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) का सीएनएस विभाग कई अत्याधुनिक उपकरणों का संचालन करता है. इनमें वीएचएफ संचार उपकरण, इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस), डीवीओआर, डीएमई, एडीएस-बी और ऑटोमेशन सिस्टम शामिल हैं. एयरपोर्ट प्रबंधन ने पर्दे के पीछे रहकर काम करने वाले इन तकनीकी विशेषज्ञों की कार्यक्षमता और समर्पण की प्रशंसा की. मौके पर सीएनएस प्रभारी अविनाश सोरेंग, विभागाध्यक्ष व तकनीकी कर्मी मौजूद रहें.

### शादी का झांसा देकर सबंध बनाने का युवती ने लगाया आरोप, 4 साल से थी लिव-इन में

**रांची।** रांची में 4 साल से लिव-इन में रह रही एक युवती ने युवक पर मामला दर्ज कराया है. ये मामला सुखदेवनगर थाना में दर्ज हुआ है. दरअसल युवती ने शादी का प्रलोभन देकर युवक पर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है. युवती का कहना है कि 4 साल से हरमू रोड स्थित किराये के मकान में दोनों साथ रह रहे थे. लेकिन शादी की जब बात आयी तो पहले तो युवक ने उसे जातिसूचक गालियां दीं और शादी से इनकार कर दिया. युवती ने बताया कि सुखदेव नगर थाना में 29 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज करने पहुंची थी. लेकिन थाना में आवेदन ले ने के बाद उसे रिसिविंग नहीं दी गयी. जिसके बाद युवती एसएसटी थाना पहुंची और मामला दर्ज किया. एससीएसटी थाना द्वारा सुखदेव नगर थाना के साथ मिलकर महिला का मेडिकल चेकअप सदर अस्पताल में कराया गया.

## झारखंड में जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक का आधार खत्म, हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रेशन एक्ट की धारा 22अ को बताया असंवैधानिक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड में जमीन की रजिस्ट्री को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद पर हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. अदालत ने रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1908 की धारा 22अ को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है. इसी धारा के आधार पर राज्य सरकार को यह अधिकार मिला हुआ था कि वह किसी जमीन या दस्तावेज की रजिस्ट्री को पब्लिक पॉलिसी के खिलाफ बताकर उस पर रोक लगा सके. हाईकोर्ट ने इस प्रावधान के तहत झारखंड सरकार की ओर से 26 अगस्त 2015 को जारी अधिसूचना को भी निरस्त कर दिया है. इतना ही नहीं, इस अधिसूचना के आधार पर सब-रजिस्ट्रार और निबंधन विभाग के अधिकारियों की ओर से जारी सभी आदेशों को भी रद्द कर दिया गया है. इस फैसले से उन जमीन मालिकों को राहत मिलने की उम्मीद है, जिनकी जमीन की रजिस्ट्री सरकारी प्रतिबंधों के कारण नहीं हो पा रही थी. यह फैसला झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस मनोज प्रसाद की खंडपीठ ने सुनाया है. मामला चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के हेरिंग गांव निवासी कौशलेंद्र कुमार सिंह की याचिका से जुड़ा है. उन्होंने वर्ष 2016 में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रजिस्ट्रेशन एक्ट की धारा 22अ की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी थी. याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता अंकित विशाल ने अदालत में पक्ष रखा. सुनवाई के दौरान उन्होंने बताया कि इसी तरह के मामले में हाईकोर्ट की दूसरी खंडपीठ पहले ही एक मई 2025 को फैसला सुना चुकी है. लिहाजा, वर्तमान मामले में भी उसी फैसले के आधार पर निर्णय लिया जाना चाहिए.

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि एक मई 2025 के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है. हालांकि, सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में अब तक कोई अंतरिम राहत नहीं मिली है. इसके बाद हाईकोर्ट ने अपने पूर्व के फैसले और सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण निर्णय को आधार बनाते हुए इस मामले में भी धारा 22अ को असंवैधानिक घोषित कर दिया. इस पूरे विवाद को समझने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2005 के एक फैसले को जानना जरूरी है. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने State of Rajasthan Vs Basant Nahata मामले में रजिस्ट्रेशन एक्ट में राजस्थान सरकार की ओर से जोड़ी गई इसी तरह की धारा 22अ को असंवैधानिक करार दिया था. सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि सार्वजनिक नीति यानी पब्लिक पॉलिसी एक ऐसा विषय है, जिसकी कोई निश्चित और सर्वमान्य परिभाषा तय करना आसान नहीं है. ऐसे अस्पष्ट आधार पर सरकार की कार्यपालिका को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता कि वह अपनी मर्जी से किसी दस्तावेज की रजिस्ट्री पर रोक लगा दे. अदालत ने यह भी स्पष्ट किया था कि सार्वजनिक नीति की व्याख्या न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में आती है.

## 'झारखंड में इथेनॉल मिलावट की जांच कराए हेमंत सरकार', भाकपा माले ने की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** भाकपा माले राज्य कमिटी की ओर से राज्य सचिव मनोज भक्त ने मांग की है कि हेमंत सरकार झारखंड में विभिन्न कंपनियों द्वारा आपूर्ति किए जा रहे पेट्रोल की स्वतंत्र जांच की व्यवस्था करे और उसमें इथेनॉल की वास्तविक मात्रा को सार्वजनिक करे. उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हुई जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि कुछ कंपनियां पेट्रोल में निर्धारित मानक से अधिक इथेनॉल की मिलावट कर रही हैं, जिससे वाहनों और इंजनों को नुकसान पहुंच रहा है. झारखंड सरकार को राज्यहित में विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति किए जा रहे पेट्रोल की जांच कराने में विलंब नहीं करना चाहिए. कर्नाटक के बाद अब केरल ने भी ईंधनों की जांच शुरू कर दी है. उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में लाखों लोग परिवहन, कृषि, छोटे कारोबार और रोजगार के लिए दोपहिया तथा चारपहिया वाहनों पर निर्भर हैं. पेट्रोल की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का सीधा आर्थिक बोझ आम जनता, ऑटो चालकों, टैक्सी चालकों, किसानों और छोटे कारोबारियों पर पड़ता है. खनिज समृद्ध झारखंड को निम्न गुणवत्ता वाले ईंधन का बाजार नहीं बनने दिया जा सकता. भाकपा माले ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें पेट्रोल पर कर वसूलती हैं, इसलिए यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे वाहन इंजनों के लिए संभावित रूप से हानिकारक इथेनॉल मिश्रण की निगरानी करें और उपभोक्ताओं को मानक गुणवत्ता वाला ईंधन सुलभ कीमतों पर उपलब्ध कराएं. साथ ही, सही सूचना और पारदर्शिता उपभोक्ताओं का बुनियादी अधिकार है. जनता को यह जानने का अधिकार है कि उसे किस गुणवत्ता का पेट्रोल बेचा जा रहा है और उसमें कितना इथेनॉल मिश्रित है. इसलिए सरकार को जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए तथा पेट्रोल पंपों पर ईंधन में इथेनॉल की वास्तविक मात्रा की स्पष्ट सूचना प्रदर्शित करानी चाहिए. भाकपा माले ने मांग की कि सरकारें पेट्रोल कंपनियों को जवाबदेह बनाएं, ताकि मानक से अधिक इथेनॉल मिश्रण अथवा मिलावट के कारण इंजनों को हुए नुकसान की भरपाई कंपनियां करें, न कि उपभोक्ताओं को अकेले पूरी क्षति का बोझ उठाना पड़े.

# रूपसपुर पंचायत के कई गांवों में पहुंचे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, ग्रामीणों से की मुलाकात, सुनीं समस्याएं

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत रूपसपुर पंचायत में गुरुवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री आलमगीर आलम ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत के जलालपुर, मटाँग, रूपसपुर, नुरई और करेला गांवों का भ्रमण कर स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने गांव के लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर उनका हालचाल जाना तथा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और लोगों को हो रही परेशानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा। लोगों ने क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं, स्थानीय विकास कार्यों तथा अन्य जनसमस्याओं से उन्हें अवगत कराया। पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों से बातचीत की जाएगी तथा जल्द से जल्द आवश्यक पहल की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि क्षेत्र के लोगों से मिलना और उनके सुख-दुख में शामिल होना उनकी पुरानी आदत रही है। उन्होंने कहा, जब भी मैं रांची से अपने पैतृक आवास लौटता हूं, तो मेरी कोशिश रहती है कि क्षेत्र के लोगों के बीच जाऊं, उनसे मुलाकात करूं और उनका हालचाल जानूं। इसी परंपरा के तहत आज मैं रूपसपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में पहुंचा हूं। यहां के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जानने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीणों ने मुलाकात के दौरान कुछ समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। इन समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से वार्तालाप किया जाएगा, ताकि उनका जल्द से जल्द समाधान हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनना और उनके निदान के लिए प्रयास करना उनकी प्राथमिकता रही है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। पूर्व मंत्री का गांवों में पहुंचना और ग्रामीणों के बीच समय बिताना क्षेत्र के लोगों के साथ उनके पुराने जुड़ाव को दर्शाता है। उनके इस दौरे के दौरान ग्रामीणों ने अपनी बातें खुलकर रखीं और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से एक बार फिर पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने यह संदेश दिया कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच सीधा संवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है। क्षेत्र की समस्याओं को समझकर उनके समाधान की दिशा में पहल करना ही इस दौरे का मुख्य उद्देश्य रहा। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, मुरसलीन खान,हजरत,अहदक,कारुन शेख ,जहांगीर, नबीद अंजुम ,नेहाल अख्तर, शारिक रब्बानी ,शमीम मंसूरी , कालू, मतीउर अंसारी, शाकीर शेख,नईम शेख,अफसर शेख,बेल्टूशेख,तोफिकुल शेख , गोपी शेख, आलमगीर,खाबीर शेख ,सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## 18 नवंबर को साहिबगंज में मनेगा जनजातीय गौरव दिवस, आदिवासी समाज की जुटेगी भीड़:-भाजपा



### एसपीटी-सीएनटी एक्ट के उल्लंघन, घुसपैठ और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को घेरा,पंचायत चुनाव में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग

**साहिबगंज।**भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने को लेकर भाजपा की ओर से आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में भाजपा महामंत्री सलखु सोरेन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 18 नवंबर को सिदो-कान्हू की धरती साहिबगंज में भव्य रैली,जुलूस एवं मेला का आयोजन किया जाएगा,जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों की भागीदारी होगी।भाजपा महामंत्री सलखू सोरेन ने कहा कि वर्ष 2021 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।भाजपा आदिवासी समाज के सम्मान, अधिकार और विकास के लिए लगातार काम कर रही है।18 नवंबर तक अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में आदिवासी भाई-बहनों के बीच जनजातीय गौरव दिवस को लेकर प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे राजनीतिक दलों ने आदिवासी समाज को केवल छलने का काम किया है।उन्होंने प्रदेश सरकार पर एसपीटी-सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन की खरीद-बिक्री कराने तथा बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने का आरोप लगाया।जिलाध्यक्ष गौतम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति के रूप में आदिवासी समाज की महिला को स्थान देकर समाज को गौरवान्वित किया है।भाजपा शासनकाल में सिदो-कान्हू पार्क का निर्माण कराया गया तथा उनके वंशजों के लिए आवास की व्यवस्था की गई।उन्होंने 18 नवंबर के कार्यक्रम को आदिवासी समाज के सम्मान और एकजुटता का प्रतीक बताया।वहीं,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज महतो ने अपने संताल परगना प्रवास के तीसरे दिन साहिबगंज पहुंचकर भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठक की।उन्होंने बताया कि अगले 10 दिनों के अंदर प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों सहित ओबीसी मोर्चा की नई कार्यसमिति की घोषणा कर दी जाएगी।मनोज महतो ने पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायत चुनाव मई में प्रस्तावित हैं, लेकिन अब तक सरकार ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी नहीं कर सकी है।उन्होंने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द ट्रिपल टेस्ट पूरा कर ओबीसी वर्ग को आरक्षण सुनिश्चित करे और निर्धारित समय पर पंचायत चुनाव कराए।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा पंचायत चुनाव को समय पर कराने की नहीं है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की थी,लेकिन अब तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है।ओबीसी छात्रों को भी समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है।उन्होंने सरकार से ओबीसी को आरक्षण का लाभ देने और विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने की मांग की।साथ ही चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ओबीसी मोर्चा आंदोलन करने को बाध्य होगा।प्रेस कॉन्फ्रेंस मे भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव,संजय पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर बोरियो में सघन वाहन जांच अभियान, 21 वाहनों का चालान कर 37,500 का जुमार्ना वसूला गया

झारखंड उजाला संवाददाता



**साहिबगंज।**जिला परिवहन पदाधिकारी अमर जॉन आइंद के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, यातायात नियमों का अनुपालन कराने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से बोरियो थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया सहित विभिन्न प्रकार के कुल 38 वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले 21 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। इसके माध्यम से कुल ?37,500 का जुमार्ना वसूला गया।इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का अनुपालन तथा सुरक्षित वाहन परिचालन के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि सड़क सुरक्षा केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के जीवन की सुरक्षा से जुड़ी सामूहिक जिम्मेदारी है।जिला प्रशासन ने आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करें। वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा तेज गति, लापरवाही एवं यातायात नियमों की अनदेखी से बचें। आपकी थोड़ी-सी सावधानी किसी की अनमोल जिंदगी बचा सकती है।मौके पर मोटरयान निरीक्षक, साहिबगंज कुमार उत्कर्ष, थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, आईटी सहायक राजहंस, अभिषेक मुंडा एवं अन्य पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित, अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित मामलों की हुई समीक्षा




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।**उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित कुल 20 मामलों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अभिलेखों, पात्रता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप मामलों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए आवश्यक प्रक्रियाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता विजय कुमार, परियोजना निदेशक, आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक उर्मिला हांसदा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## घायल लेसर एडजुटेंट स्टॉर्क का सफल उपचार एवं पुनर्वास, उधवा झील पक्षी अभयारण्य में सुरक्षित छोड़ा गया

झारखंड उजाला संवाददाता



**साहिबगंज।**साहिबगंज वन प्रमंडल की टीम ने एक घायल लेसर एडजुटेंट स्टॉर्क (गरुड़ ) का सफल उपचार एवं पुनर्वास कर उसे सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में वापस पहुंचाया।दिनांक 22 .09. 2026 को उधवा के प्राणपुर में गंगा नदी के किनारे उक्त पक्षी घायल अवस्था में मिला था। उसकी चोंच मछली पकड़ने वाले कांटे में फंसी हुई थी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सावधानीपूर्वक कांटे को बाहर निकाला और पक्षी को आवश्यक चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराया।इसके बाद पक्षी को आवश्यक दवाइयां देने के साथ लगातार निगरानी एवं देखभाल में रखा गया। उपचार के दौरान उसके स्वास्थ्य में संतोषजनक सुधार हुआ और वह पूरी तरह स्वस्थ पाया गया।स्वास्थ्य में सुधार एवं उड़ान भरने की स्थिति में आने के बाद पक्षी को उधवा झील पक्षी अभयारण्य में सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया।

## मलाहिटोला गांव में घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख; पड़ोस के पांच लोगों पर आग लगाने का आरोप

झारखंड उजाला संवाददाता




**राजमहल/साहिबगंज।** थाना क्षेत्र की सैदपुर पंचायत स्थित मलाहिटोला गांव में गुरुवार सुबह एक घर में आग लगने से हजारों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। गनीमत रही कि घटना में किसी की जान नहीं गयी। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे गांव निवासी बिजली बेवा रोज की तरह घरेलू कामकाज में व्यस्त थीं। इसी दौरान अचानक उनके घर में आग लग गयी।घटना के समय पूरा परिवार घर के भीतर मौजूद था। आग की तेज लपटें उठती देख परिजन शोर मचाते हुए किसी तरह बाहर निकले और अपनी जान बचायी। परिवार की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गये। आग की लपटें काफी तेज थीं। ग्रामीणों ने सूझ-बूझ दिखाते हुए बोरिंग और कुएं के पानी की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे आसपास के अन्य घरों में आग फैलने से बच गयी। घटना की सूचना मिलते ही राजमहल थाने के एएसआई दिनेश चंद्र हांसदा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। मौके पर जुटे लोगों के बीच आग लगने के कारणों को लेकर तरह-तरह की चचाएं होती रहीं। इसी बीच, पीड़िता बिजली बेवा ने पड़ोस के ही पांच लोगों पर घर में आग लगाने और घर को क्षतिग्रस्त करने सहित कई आरोप लगाये हैं। उन्होंने राजमहल थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।मलाहिटोला गांव में घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित



**साहिबगंज।**उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान जिला शिक्षा स्थापना समिति से संबंधित विभिन्न मामलों पर उपायुक्त के समक्ष विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की तथा नियमानुसार मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि समिति से जुड़े मामलों में निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध तरीके से की जाए।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक, आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक उर्मिला हांसदा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## थाना रोड छठ घाट पर दिखेगी भव्य विद्युत सज्जा, सूर्योदय अर्घ्य के बाद होगी विशेष सूर्य आरती की व्यवस्था



**बरहरवा/साहिबगंज।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर कोटालपोखर थाना रोड स्थित श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ व्रतियों की सुविधा और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, आकर्षक सजावट, रोशनी और साउंड सहित तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर एवं व्यवस्थित तरीके से की जाएंगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ महापर्व के दौरान घाट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी। इसके साथ ही आकर्षक विद्युत सज्जा और लाइटिंग से पूरे परिसर को सजाया जाएगा, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। समिति हर वर्ष छठ पूजा के अवसर पर बेहतर लाइटिंग, साउंड और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करती आ रही है। इस वर्ष पूजा कार्यक्रम में एक विशेष पहल भी की जाएगी। सूर्योदय अर्घ्य के बाद छठ व्रतियों द्वारा अपने-अपने स्थान पर रहकर ही मंत्रोच्चार के साथ भगवान सूर्यदेव की आरती की जाएगी। इसके लिए विशेष धार्मिक व्यवस्था की जाएगी, जिससे श्रद्धालु सामूहिक रूप से भक्तिमय वातावरण में आरती कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और भक्तिमय वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी सदस्य मिलकर तैयारियों में जुटे हुए हैं।इस दौरान पूजा समिति के सदस्य शंकर माली, राजीव कुमार गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, जयंत कुमार टार्जन, सांवरिया माली एवं विकास भगत उपस्थित रहे।

## जलजमाव की समस्या से परेशान दर्जनों आक्रोशित ग्रामीणों ने उधवा-राजमहल एनएच-33 को बांस-बल्ला लगाकर किया सड़क जाम, सांसद ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया


झारखंड उजाला संवाददाता



**उधवा/ साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र के पहाड़गांव ईदगाह मोड़ के समीप सरकारी सड़क पर लंबे समय से जलजमाव की समस्या से परेशान दर्जनों आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को उधवा-राजमहल एनएच-33 को बांस-बल्ला लगाकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण एनएच के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़गांव ईदगाह मोड़ के समीप सरकारी सड़क पर लंबे समय से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। सड़क पर पानी जमा रहने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इस समस्या के समाधान के लिए कई बार संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।लगातार परेशानी झेल रहे ग्रामीणों ने आखिरकार सड़क पर उतरकर विरोध जताया और एनएच-33 को जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को काफी देर तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार उधवा प्रखंड के पतौड़ा पहाड़गांव ईदगाह मोड़ के समीप सरकारी सड़क पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी जमा हो जाता है। इससे स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार,लोगों की सुविधा और आवागमन को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों का आवागमन हेतु पूर्व में सरकारी राशि से सड़क का निर्माण कराया गया था।लेकिन फोरलेन सड़क निर्माण के बाद जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बीते 6 नवंबर को राधानगर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी।आवेदन में ग्रामीणों ने जलनिकासी की वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी आग्रह किया था। इसके बावजूद जलजमाव की समस्या का समाधान नहीं होने पर गुरुवार को ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।इधर सड़क जाम की सूचना मिलते ही राधानगर थाना के एसआई गजाधर कुमार पासवान एवं प्रभा कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर स्थिति संभालने का प्रयास किया। वहीं तकरीबन 3 घंटे तक जाम लग रहा।इसके बाद राजमहल सांसद विजय कुमार हंसदा मौके पर पहुंचे एवं विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया एवं ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि समस्या का समाधान की जाएगी।विरोध प्रदर्शन के दौरान शाकीर शेख, दुरुद शेख, सफीक शेख, रमजान शेख, जाहिद आलम, हाफिज तौशिफ आलम, शमीम अख्तर, मोजीबुर रहमान, महबूब शेख, जहांगीर आलम, सजाहन शेख, रमजनी शेख, राहिल शेख सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# हजारीबाग में सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई: अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, लगभग 30.80 मीट्रिक टन कोयला बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**हजारीबाग।** अवैध कोयला खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की केऔसुब इकाई एनटीपीसी-सीएमपी, हजारीबाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 30.80 मीट्रिक टन अवैध कोयला लदे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक सहित कोयले का कुल वजन 43.850 मीट्रिक टन पाया गया। यह कार्रवाई विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर की गई। केऔसुब इकाई एनटीपीसी-सीएमपी, हजारीबाग के वरिष्ठ कमांडेंट श्री विवेक शर्मा के निर्देशन में तथा उप कमांडेंट श्री सुरेश जी की उपस्थिति में दिनांक 09.11.2026 को रात्रि 2100 बजे से चरही के 14 माइल में एम्बुश लगाया गया था। इसी दौरान रात्रि लगभग 0330 बजे एम्बुश पार्टी ने अवैध कोयला लदे एक ट्रक को देखा और इसकी सूचना तत्काल मौके पर तैनात केऔसुब की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (QRT) को दी। सूचना प्राप्त होते ही QRT पार्टी ने अपने वाहनों से उक्त ट्रक का पीछा किया। लगभग 01 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद ट्रक को चरही फ्लाई ओवर ब्रिज के पास रोक लिया गया। ट्रक की जांच के दौरान उसमें लदे कोयले के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। फलस्वरूप, उक्त ट्रक को उसमें लदे कोयले सहित जब्त कर लिया गया।

विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, जोराकाट क्षेत्र में अवैध रूप से कोयले का खनन कर दासोखाप में उसका अवैध भंडारण किया जा रहा था। साथ ही, नए एवं वैकल्पिक रास्तों के माध्यम से कोयले का परिवहन किए जाने की जानकारी भी प्राप्त हुई थी। इसी सूचना के आधार पर सीआईएसएफ द्वारा उक्त क्षेत्र में निगरानी बढ़ाते हुए यह कार्रवाई की गई।

जब्त ट्रक का वजन केऔसुब बल सदस्यों की निगरानी में कराया गया। वजन के दौरान ट्रक सहित कोयले का कुल वजन 43.850 मीट्रिक टन पाया गया, जिसमें लगभग 30.80 मीट्रिक टन कोयला लदा होने का अनुमान है। जब्त ट्रक को केऔसुब की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। मामले में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (MMDR Act) के लागू प्रावधानों के तहत अग्रिम आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

सीआईएसएफने इस अभियान में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग एवं उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की है। बल ने कहा कि ग्रामीणों से प्राप्त सूचनाएं अवैध कोयला खनन, भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। स्थानीय समुदाय का सहयोग इस प्रकार के अभियानों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण है।

सीआईएसएफ ने स्पष्ट किया है कि कोयले के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## ›››: संक्षिप्त खबर :‹‹‹

### लोहरदगा के सभी थानों को वितरित किए गए ब्रेथ एनालाइजर, थाना प्रभारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**लोहरदगा:** जिला परिवहन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आज लोहरदगा जिले के सभी थाना प्रभारियों के लिए ब्रेथ एनालाइजर मशीन के संचालन एवं उपयोग को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा एवं नशे में वाहन चलाने वालों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से प्राप्त ब्रेथ एनालाइजर मशीनों का जिले के सभी थानों में वितरण किया जाना है। इसी क्रम में सभी थाना प्रभारियों को आमंत्रित कर मशीन के सही संचालन, उपयोग एवं जांच की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वाहन जांच अभियान के दौरान इसका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान जिले में लंबित हिट एंड रन (Hit and Run) मामलों की भी सभी थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने संबंधित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण, शराब पीकर वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने तथा हिट एंड रन मामलों के निष्पादन में तेजी लाना है।

### पुलिस को गुमराह कर ट्रक छोड़ चालक फरार हुआ,संदिग्ध हालत में कबाड़ लदा वाहन जब्त



**लोहरदगा:** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु चौक के समीप पुलिस को देखते ही एक ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में खड़े ट्रक CG13AQ-9432 को जब्त कर सेन्हा थाना ले आई है और मामले में आगे की कानूनी कारवाई शुरू कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब्त किए गए ट्रक में भारी मात्रा में स्क्रैप कबाड़ का सामान लोड है। पुलिस को देखते ही चालक शौच का बहाना बना फरार हो गया। चालक के भागने के बाद से ही इस माल के अवैध होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि ट्रक में यह कबाड़ का सामान कहां से लोड किया गया था और इसे कहां ले जाया जा रहा था। साथ ही वाहन के पंजीयन नंबर के आधार पर ट्रक मालिक और फरार चालक की पहचान करने का प्रयास भी किया जा रहा है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि संदिग्ध वाहन के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर गश्ती दल ने त्वरित कारवाई करते हुए अहले सुबह अरु चौक में ट्रक के चालक से वाहन सम्बंधित एवं लोड कबाड़ से जुड़े कागजात की मांग किया गया। परंतु चालक पुलिस को गुमराह करते हुए गाड़ी छोड़ भाग निकला जिसे पुलिस अपने कब्जे में लिया। जब्त किए गए ट्रक को सेन्हा थाना लाया गया है। पुलिस के गहन जांच के पश्चात तथा आगे की कानूनी कारवाई शुरू कर दी गई है।

### जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा ने बिरसा मुंडा के संघर्ष और विकास योजनाओं को किया रेखांकित




**पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने कहा- जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की लड़ाई थी भगवान बिरसा का उलगुलान**

**लोहरदगा:** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भाजपा लोहरदगा जिला की ओर से नोवेल्टी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने भगवान बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक उलगुलान, जनजातीय अस्मिता और केंद्र सरकार की विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, बलिदान, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में योगदान को सम्मान देने का दिन है।

### छएऊवैन के माध्यम तिसिया बजार किस्को लोहरदगा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा:** झालसा रांची के निर्देशन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजकमल मिश्रा एवं डालसा सचिव श्री मनोरंजन कुमार के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया पीएलवी शाहिद हुसैन एवं इजहार अहमद के द्वारा तिसिया बाजार एवं गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को डालसा से मिलने वाला सहायता मध्यस्थता डायन प्रथा बाल विवाह कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका, कार्यों और उपलब्ध कानूनी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही विभिन्न कानूनी प्रावधानों, जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं और जरूरतमंद लोगों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके माध्यम से सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। यह अभियान झालसा, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजकमल मिश्रा एवं सचिव मनोरंजन कुमार के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इसके तहत पीएलवी अपने कार्यक्षेत्र की पंचायतों, विद्यालयों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

### लोहरदगा के प्रसिद्ध नागपुरी गायक बसीर अंसारी की मौत, संगीत जगत में शोक की लहर

लोहरदगा जिले के हीरही निवासी जाने-माने नागपुरी गायक बसीर अंसारी की मौत की दुखद खबर सामने आ रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया। इसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। बसीर अंसारी की मौत की खबर से नागपुरी संगीत जगत और उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन से क्षेत्र ने एक प्रतिभाशाली कलाकार को खो दिया है।

# स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन का आवाह्न एसोसिएशन की अगुआई में आरम्भ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**मूलभूत सुविधाएं एवं ड्राइवर के साथ मारपीट तथा वाहन तोड़फोड़ पर रोक लगाने को लेकर संघ ने किया आवाज बुलंद**



**लोहरदगा:** ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर महासंघ एसोसिएशन की अगुवाई में विभिन्न मांगों को लेकर 12 नवंबर 2026 से अनिश्चितकालीन स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन की शुरूआत की गई। लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत स्थित लोहरदगा-गुमला ड्राइवर एसोसिएशन कार्यालय के समीप संघ के अध्यक्ष सज्जाद अंसारी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आंदोलन का उद्देश्य ड्राइवरों की सुरक्षा और उनके अधिकारों से जुड़ी प्रमुख मांगों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाना है। इसी के तहत मुख्य बिंदुओं पर मांग करते हुए कहा ड्राइवर सुरक्षा कानून का गठन किया जाए। ड्राइवरों के लिए रोजगार और ड्राइवर कल्याण बोर्ड की स्थापना हो। हाइवे पर ड्राइवरों के लिए शौचालय,विश्राम गृह और मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।ड्राइवरों का बीमा एवं सहायता राशि निर्धारित की जाए। सड़क दुर्घटना मामलों में निष्पक्ष जांच और न्याय सुनिश्चित हो,साथ ही जरूरतमंद ड्राइवरों को कानूनी सहायता मिले। परिवार कल्याण योजना का लाभ ड्राइवरों को मिले। आम लोगों द्वारा ड्राइवरों के साथ की जाने वाली मारपीट और गाड़ियों की तोड़फोड़ पर रोक लगे तथा शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो। संघ के पदाधिकारियों ने सभी वाहन चालकों से इस आंदोलन में एकजुट होकर समर्थन देने की अपील की है। साथ ही महासंघ के विरुद्ध काम कर रहे चालकों को फूल-माला पहनाकर मुख्यधारा से जुड़ने का आग्रह किया गया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष मासूम अब्दुल बारीक,उपाध्यक्ष किशोर सिंह,सचिव मजीद अंसारी, कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय,उप सचिव वीरेंद्र सिंह,मीडिया प्रभारी सलमान खान,मकसूद आलम सहित संघ के संरक्षक और बड़ी संख्या में वाहन चालक मौजूद थे।

# झारखंड सरकार स्वयं को संविधान से ऊपर समझती है: संदीप

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीप वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के झारखंड दौरे के दौरान मुख्यमंत्री और राज्य के डीजीपी की ओर से उनसे मुलाकात के लिए समय नहीं देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह राज्य सरकार की महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों के प्रति संवेदनहीनता को दशार्ता है।वर्मा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ लगातार गंभीर घटनाएं हो रही हैं। आदिवासी समाज की आवाज उठाने वाली निशा भगत, रूपा तिर्की और संध्या तोपनो जैसे मामले सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। हाल ही में हजारीबाग में नौ वर्षीय बच्ची के साथ हुई घटना भी बेहद चिंताजनक है।उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं से जुड़ी इतनी घटनाएं होने के बावजूद सरकार ने अब तक महिला आयोग और मानवाधिकार आयोग का गठन नहीं किया है। यह समझ से परे है कि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष के दौरे के दौरान न तो स्थानीय उपायुक्त और एसपी उनसे मिलने पहुंचे और न ही मुख्यमंत्री और डीजीपी ने मुलाकात करना जरूरी समझा।उन्होंने कहा कि निशा भगत मामले में सरकार विपक्ष के दबाव में सीबीआई जांच की अनुशंसा कर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रही है। यदि सरकार वास्तव में संवेदनशील होती, तो मुख्यमंत्री या उनके मंत्री पीड़ित परिवार से मिलने जरूर जाते। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार में शामिल किसी भी दल के प्रतिनिधि ने अब तक परिवार से मिलना जरूरी नहीं समझा।

# जनजाति आयोग की केंद्रीय सदस्य आशा लकड़ा से मिले जय श्रीराम समिति के पदाधिकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** जय श्रीराम समिति, जिला लोहरदगा के पदाधिकारियों ने जनजाति आयोग की केंद्रीय सदस्य एवं पूर्व महापौर आशा लकड़ा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान समिति की ओर से जिले में संचालित सामाजिक गतिविधियों, सेवा कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने समिति द्वारा जरूरतमंदों की सहायता, सामाजिक सहभागिता और समाज में एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आशा लकड़ा का समय-समय पर मिलने वाला सहयोग और मार्गदर्शन समिति के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। इसके लिए पदाधिकारियों ने उनके प्रति आभार जताते हुए भविष्य में भी सहयोग और मार्गदर्शन बनाए रखने की अपेक्षा की। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि सामाजिक कार्यों को गति देने के लिए प्रबुद्धजनों और जनप्रतिनिधियों का सहयोग जरूरी है। सामूहिक प्रयास से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। मौके पर जिला संरक्षक लक्ष्मी भगत, अजय सोनी, ओम महतो, जिला अध्यक्ष बजरंग करूवा, प्रकाश साहू, महिला जिला महामंत्री जान्हवी गोयल, जिला संगठन मंत्री सरिता देवी, गुड़िया देवी सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

# अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की निगरानी में चंडू का चुनाव 18 नवंबर को, नामांकन को लेकर सरगर्मी तेज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सदर पद के लिए हाजी जियाउर्रहमान और इमाम नूरानी समेत कई दावेदार मैदान में, सेक्रेटरी और खजांची पदों के लिए भी बढ़ी हलचल**



**कुडू-लोहरदगा:** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की जेरे निगरानी अंजुमन इस्लामिया चंडू का चुनाव आगामी 18 नवंबर को कराया जाएगा। चुनाव की तारीख तय होने के साथ ही चंडू में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। सदर, सेक्रेटरी और खजांची जैसे अहम ओहदों के लिए उम्मीदवारों की दावेदारी सामने आने लगी है। नामांकन प्रक्रिया को लेकर उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में खासा जोशो-खरोश देखा जा रहा है। चंडू में जारी चुनावी प्रक्रिया के तहत सदर पद के लिए हाजी जियाउर्रहमान अंसारी और इमाम नूरानी, सेक्रेटरी पद के लिए मौलाना हाशिम अंसारी और मुनसफ आलम तथा खजांची पद के लिए मोद्दसर अंसारी की दावेदारी सामने आई है। उम्मीदवारों ने चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेते हुए नामांकन की औपचारिकताएं पूरी की हैं। दूसरे दिन भी तीन नामांकन फॉर्म की बिक्री हुई।

**अब्दुल रऊफ अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा से पहुंचा प्रतिनिधिमंडल**

अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चंडू पहुंचा और चुनावी प्रक्रिया की निगरानी की। प्रतिनिधिमंडल में मुजम्मिल अंसारी, मास्टर रूहानी साहब, सिराज अंसारी, हसनैन अंसारी, फारूक कुरैशी, यासीन कुरैशी, मोहीबीन, बब्बन वारिस, हुसैन, वार्ड पार्षद जुम्मन राजा और मीनू खान सहित कई लोग शामिल थे। इस दौरान चुनावी व्यवस्था, नामांकन प्रक्रिया और मतदान की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। चुनाव को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और अमन-ओ-अमान के माहौल में संपन्न कराने पर जोर दिया गया।

**18 नवंबर को होगा मतदान, समाज में बढ़ी दिलचस्पी**

आगामी 18 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर चंडू के लोगों में खासा उत्साह है। चुनावी गतिविधियों के दौरान हुसैन खान, ताजुद्दीन खान, हाजी हसन अंसारी, काजिम अंसारी, दानिश कमर, नवाज खान, अमानुल अंसारी, नसीम खान, आरिफ अंसारी, रैयान उर्फ राजू, हाफिज तफीजुल, यूनुस अंसारी, मजहर अंसारी, वसीम अकरम, जैद अंसारी, तालिब अंसारी और रहमुल अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इसके अलावा महफूज अंसारी, खुर्शीद अंसारी, शमसुल अंसारी, मोजहरुल खान, इम्तियाज खान, शेख मुतालिब, राजू खान, अर्जुन टोप्पो, रियाज अंसारी और अख्तर खान ने भी चुनावी प्रक्रिया में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया केवल एक संस्था नहीं, बल्कि समाजी इत्तेहाद, तालीम, फलाह-ओ-बहबूद और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का अहम मंच है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 18 नवंबर को होने वाला चुनाव जम्हूरी उसूलों के मुताबिक शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न होगा तथा नई कमेटी समाज की तरक्की और बेहतरी के लिए पूरी संजीदगी से काम करेगी।

# छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सभी छठ घाटों पर सुरक्षा एवं स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश**



**रामगढ़।** रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर आज अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ कृष्ण मुरारी तिर्की की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आगामी छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अंचल अधिकारियों, थाना एवं ओपी प्रभारियों तथा छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं छठ पूजा समितियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध तरीके से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया:**

**1. छठ घाटों की साफ-सफाई: सभी छठ घाटों पर समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा घाटों को व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया गया।**

**2. पहुंच पथ एवं प्रकाश व्यवस्था: छठ घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों की आवश्यक मरम्मती कराने तथा पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।**

**3. हेल्प डेस्क एवं उद्घोषणा व्यवस्था: सभी प्रमुख छठ घाटों पर हेल्प डेस्क स्थापित करने तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से आवश्यक सूचनाओं एवं दिशा-निर्देशों का प्रसारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।**

**4. बैरिकेडिंग एवं गोताखोरों की व्यवस्था: नदी एवं तालाबों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग कराने तथा पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।**

**5. चेंजिंग रूम की व्यवस्था: सभी छठ घाटों पर महिलाओं की सुविधा एवं निजता को ध्यान में रखते हुए लगभग 15 से 20 फीट की दूरी पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।**

**6. पार्किंग की व्यवस्था: छठ घाटों पर भीड़ एवं यातायात के दबाव को कम करने के उद्देश्य से घाट से लगभग 500 मीटर पहले उपयुक्त स्थान चिह्नित कर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।**

**7. विधि-व्यवस्था एवं स्वयंसेवकों की तैनाती: छठ घाटों पर विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों (Volunteers) की प्रतिनियुक्ति करने तथा सभी स्वयंसेवकों को फोटोयुक्त पहचान पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।**

**8. खतरनाक स्थलों का चिह्नीकरण: नदी एवं तालाबों में पानी की गहराई का आकलन कर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग कराने, खतरे के निशान चिह्नित करने तथा छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए संभावित खतरनाक क्षेत्रों (Danger Zone) में लाल झंडे लगाने का निर्देश दिया गया।**

अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं छठ पूजा समितियों से आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने तथा छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की।

# आस्था का महापर्व छठ को लेकर नगर अध्यक्ष और उनके टीम ने किया सभी छठ घाटों का निरीक्षण

संवाददाता अजीत कुमार सिंह



**छत्तरपुरः** छत्तरपुर लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर छतरपुर नगर पंचायत में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर पंचायत की पूरी टीम ने नगर क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, शौचालय, चेंजिंग रूम और आवागमन की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, उपाध्यक्ष मनजीत कुमार यादव, कार्यपालक पदाधिकारी फैजूर रहमान नगर प्रबंधक मुर्तजा अंसारी सहित विभिन्न वार्ड पार्षद एवं प्रतिनिधि शामिल रहे। टीम ने एक-एक कर सभी छठ घाटों का जायजा लिया और जहां भी व्यवस्था में कमी पाई गई, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए। नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों, नगर प्रबंधक और सफाई सुपरवाइजरों को स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ पर्व से पहले सभी घाटों की व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त कर ली जाए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर छतरपुर आने वाले श्रद्धालुओं और छठव्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। नगर पंचायत का प्रयास है कि प्रत्येक घाट पर स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी, पेयजल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। उन्होंने कहा कि घाटों की साफ-सफाई के साथ नदी और तालाबों में जलस्तर बनाए रखने, श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन तथा भीड़ प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी वार्ड पार्षदों और संबंधित कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने को कहा गया है, ताकि छोटी से छोटी कमी को भी समय रहते दूर किया जा सके। नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनजीत कुमार यादव ने कहा कि सभी वार्ड पार्षद अपने-अपने क्षेत्र के छठ घाटों की नियमित निगरानी करेंगे। सामूहिक प्रयास से समय रहते सभी तैयारियां पूरी की जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर माहौल और सुबिधा मिल सके। कार्यपालक पदाधिकारी फैजूर रहमान अंसारी ने बताया कि छठ घाटों पर अस्थायी शौचालय, पेयजल टैंकर और कचरा उठाव के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। पर्व के दौरान नगर पंचायत के कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाया जाएगा। घाट निरीक्षण में वार्ड पार्षद मोहम्मद हसीमुद्दीन अंसारी,उमेश कुमार यादव, अब्दुल जलील अंसारी, पार्षद एवं प्रतिनिधि रवि राज, सेवक यादव, रॉकी कुमार, रामप्रसाद, धीरज कुमार, शिव कुमार तथा लेखापाल सूरज कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद नगर पंचायत छत्तरपुर ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे छठ घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा पूजा के बाद पूजन सामग्री और कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालें। नगर पंचायत का संकल्प है कि इस बार छतरपुर के सभी छठ घाटों पर स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का बेहतर इंतजाम हो, ताकि लोक आस्था का महापर्व श्रद्धा, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम को आमंत्रण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने नई दिल्ली में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड के गुमला जिले में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया। यह कार्यक्रम 23 नवंबर 2026 को गुमला जिले के घाघरा प्रखंड स्थित एसएस प्लस-2 उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित होगा। डॉ. आशा लकड़ा ने केंद्रीय मंत्री को कार्यक्रम के उद्देश्य और तैयारियों की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय समाज की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और विरासत को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही जनजातीय महापुरुषों के योगदान को याद किया जाएगा।डॉ. लकड़ा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य जनजातीय समाज के अधिकारों, सम्मान और सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है. उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने का आग्रह किया.उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय समाज की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और विरासत को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही जनजातीय महापुरुषों के योगदान को याद किया जाएगा। डॉ. लकड़ा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य जनजातीय समाज के अधिकारों, सम्मान और सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

## जर्जर सड़कें और अंधेरे रास्ते बढ़ा सकते हैं छठ व्रतियों की परेशानी, घरों की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस रहे अलर्ट

झारखंड उजाला संवाददाता




**सिंदरी/धनबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर सिंदरी में तैयारियां जोरों पर हैं। 15 नवंबर को संध्या अर्घ्य और 16 नवंबर को उषा अर्घ्य दिया जाएगा। इस दौरान हजारों व्रती और श्रद्धालु आईएम टाइप छठ तालाब एवं सेवन लेक के जलस्रोतों पर पहुंचेंगे। लेकिन इन प्रमुख घाटों तक जाने वाले जर्जर रास्ते और प्रकाश व्यवस्था का अभाव श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ा सकते हैं।घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों पर जगह-जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हैं और गिट्टियां उखड़कर बाहर निकल आई हैं। इन्हीं रास्तों से व्रती नंगे पांव पूजन सामग्री से भरे दउरा लेकर गुजरेंगे। वहीं, दंडवत करते हुए घाट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी चोट लगने का खतरा है। संध्या अर्घ्य के बाद अंधेरे में घर लौटने और सुबह कम रोशनी में घाट पहुंचने के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष परेशानी हो सकती है।

सूने घरों की सुरक्षा भी जरूरी-

छठ के दौरान अहले सुबह व्रती और उनके परिजन घरों में ताला लगाकर अर्घ्य देने घाट जाते हैं। ऐसे में सूने घरों में चोरी की आशंका बनी रहती है। पूर्व में ताला तोड़कर चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसलिए व्रतियों को घर से निकलने से पहले पड़ोसियों को इसकी सूचना देनी चाहिए और घर की सुरक्षा की जरूरी इंतजाम करने चाहिए। वहीं इस दौरान पुलिस प्रशासन को भी विशेष सतर्कता बढ़ाते हुए गली- मोहल्ले में गश्ती बढ़ानी चाहिए ताकि श्रद्धालु निश्चिंत होकर छठ पूजा कर सके और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।स्थानीय श्रद्धालुओं ने नगर निगम और प्रशासन से पर्व से पहले जर्जर सड़कों की मरम्मत, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है, ताकि व्रती और श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से छठ महापर्व मना सकें।

## जनता सेवा केंद्र पहुंचे ग्रामीण, विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार ने समस्या का समाधान करते हुए



**इस आवाज को आज जागेश्वर जी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास पत्र लिखकर ज्ञापन सौंपें और अविलंब भुगतान करने की मांग रखें।**

**बारियातु / हजारीबाग** :- ग्राम पंचायत बारियातु के अपने आवास स्थित जनता सेवा केंद्र में बृहस्पतिवार सुबह में ग्रामीणों ने एक एक करके आते गए अंतिम में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीण अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। मौके पर पहुंचे जुझारू कर्मठ भावी उम्मीदवार सह विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार ने सभी की समस्याओं को एक-एक कर सुना और मौके पर ही समाधान कराने का आश्वासन दिया।ग्रामीणों ने बताया कि वृद्धा पेंशन कई महीनों से नहीं आ रहा है। बूढ़े-बुजुर्गों का कहना है कि पेंशन ही उनका एकमात्र सहारा है। पेंशन नहीं आने से दवा, राशन और रोजमर्रा के खर्च में काफी परेशानी हो रही है। कई बुजुर्गों ने बताया कि वे बार-बार ब्लॉक के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक पैसा खाते में नहीं आया है।वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री मैया योजना आने पर महिलाओं में काफी खुशी देखी गई। महिलाओं ने कहा कि इस योजना से घर चलाने में मदद मिल रही है। लेकिन बूढ़े-बुजुर्गों में नाराजगी है। बुजुर्गों का कहना है कि सरकार महिलाओं को तो योजना का लाभ दे रही है, लेकिन बुजुर्गों की पेंशन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।इस पर जागेश्वर कुमार ने कहा कि ₹बुजुर्ग हमारे गांव की धरोहर हैं, उनका सम्मान और हक सबसे पहले है। वृद्धा पेंशन की समस्या को मैं संबंधित अधिकारी तक पहुंचाऊंगा और जल्द से जल्द भुगतान कराने का प्रयास करूंगा। मैया योजना अच्छी है, लेकिन बुजुर्गों को भी उनका हक मिलना ही चाहिए।उन्होंने मौके पर ही कई ग्रामीणों के आवेदन, आधार, बैंक खाता और पेंशन से जुड़े कागजात की जांच की और जिनका पेंशन रुका है, उनकी सूची तैयार कराई।ग्रामीणों ने जागेश्वर कुमार के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि वे हमेशा गांव की जनता के सुख-दुख में खड़े रहते हैं।

## छठ महापर्व को लेकर सिंदरी के बाजारों में बढ़ी रौनक, सूप-दउरा और फलों की दुकानों पर उमड़ी भीड़

झारखण्ड उजाला, संवाददाता

**पूजन सामग्री और फलों की कीमतों में उछाल, 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा चार दिवसीय महापर्व**



**सिंदरी/धनबाद।** लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ को लेकर सिंदरी में उत्साह और भक्ति का माहौल बनने लगा है। पर्व की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। घरों में साफ-सफाई और पूजन की तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं शहर के विभिन्न बाजारों में छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों से सज गए हैं। सूप, दउरा, फल, नारियल, गन्ना, दीपक और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। छठ महापर्व की शुरूआत 13 नवंबर शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ होगी। इस दिन व्रती स्नान कर शुद्धता के साथ कद्दू-भात का प्रसाद ग्रहण करेंगे। 14 नवंबर शनिवार को खरना होगा। इस दिन व्रती दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद उनका 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। 15 नवंबर रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि 16 नवंबर सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व का समापन होगा।छठ को लेकर बाजारों में खरीदारी तेज हो गई है। शुक्रवार को नहाय-खाय होने के कारण कद्दू की मांग बढ़ गई है। बाजार में कद्दू लगभग 100 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। वहीं, केला, सेब, संतरा, नारियल सहित अन्य फलों की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। सूप और दउरा की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ जुट रही है। व्रती और उनके परिजन पूजा की आवश्यक सामग्री की खरीदारी में व्यस्त हैं।इधर, घरों में छठी मैया के पारंपरिक गीत गूंजने लगे हैं। छठ घाटों की साफ-सफाई, सजावट और रोशनी की व्यवस्था को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं। व्रती और उनके परिजन पूरी श्रद्धा, पवित्रता और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ महा पर्व मनाने की तैयारी में जुटे हैं। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व शुद्धता, संयम, तपस्या और प्रकृति के प्रति आस्था का प्रतीक है। छठ वर्ती भगवान सूरज और छठी मैया की आराधना कर परिवार की सुख समृद्धि, संतान की दीर्घायु और समाज की खुशहाली की कामना करेंगे।

## एसएससी परीक्षा में 38वीं रैंक हासिल करने वाले अमरनाथ तिवारी को भाजपा नेताओं ने किया सम्मानित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**सिंदरी/धनबाद।** सिंदरी के रोहराबांध निवासी अमरनाथ तिवारी ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की संयुक्त हिंदी अनुवादक परीक्षा-2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 38वीं रैंक हासिल कर सिंदरी एवं धनबाद जिले का नाम रोशन किया है। वे तेज नारायण तिवारी एवं शशिकला देवी के पुत्र हैं। इस सफलता के बाद उनका चयन भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के अंतर्गत केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो में वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर हुआ है।अमरनाथ तिवारी की इस उपलब्धि पर भाजपा के निवर्तमान जिला महामंत्री मनोज मिश्रा एवं सिंदरी मंडल के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह ने उनके रोहराबांध स्थित आवास पहुंचकर उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि कुमार एवं सुरेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे। सभी ने अमरनाथ तिवारी को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नेताओं ने कहा कि अमरनाथ की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कठिन परिश्रम, लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।उन्होंने उम्मीद जताई कि अमरनाथ तिवारी अपनी नई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उनकी इस सफलता से सिंदरी और धनबाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## आनंदा चौक में डीके इलेक्ट्रॉनिकस का भव्य शुभारंभ, सांसद मनीष जायसवाल ने किया उद्घाटन



एक ही छत के नीचे मिलेंगे सभी कंपनियों के मोबाइल, हर मॉडल के आकर्षक कवर, रिपेयरिंग और मोबाइल एसेसरीज की सुविधा

हजारीबाग। शहर के आनंदा चौक में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिकस सामानों की नई दुकान डीके इलेक्ट्रॉनिक का भव्य उद्घाटन किया गया। दुकान का शुभारंभ हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने दुकान संचालक विवेक कुमार को नई शुरूआत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शहर में इस तरह के प्रतिष्ठानों के खुलने से लोगों को एक ही स्थान पर बेहतर सुविधाएं मिलती हैं और स्थानीय स्तर पर व्यापार को भी बढ़ावा मिलता है।डीके इलेक्ट्रॉनिक के संचालक विवेक कुमार ने बताया कि दुकान में ग्राहकों को विभिन्न कंपनियों के सभी प्रमुख ब्रांड के मोबाइल फोन और अलग-अलग मॉडल उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही हर कंपनी और हर मॉडल के मोबाइल के आकर्षक कवर, बैक कवर, स्क्रीन गार्ड, टेम्पर्ड ग्लास, चार्जर, ईयरफोन, हेडफोन, डाटा केबल सहित मोबाइल से जुड़ी सभी प्रकार की एसेसरीज मिलेगी। दुकान में सभी तरह के मोबाइल फोन की रिपेयरिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की जरूरत और पसंद को ध्यान में रखते हुए मोबाइल से संबंधित अधिक से अधिक सामान और सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है।संचालक विवेक कुमार ने कहा कि ग्राहकों को उचित कीमत पर गुणवत्तापूर्ण सामान और बेहतर सेवा देना उनकी प्राथमिकता होगी। डीके इलेक्ट्रॉनिक के खुलने से आनंद चौक और आसपास के क्षेत्र के लोगों को मोबाइल खरीदने, मोबाइल की मरम्मत कराने तथा हर मॉडल के कवर और अन्य एसेसरीज के लिए अब एक नया और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा।उद्घाटन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक देव, भाजपा नेता मुकेश कुमार, शेखर सुमन, अवधेश कुमार, दीपक जैन, दिनेश कुमार, दिनेश खंडेलवाल, संतोष कुमार, संजीव कुमार सोनी, योगेंद्र कुमार, विजेंद्र कुमार ब्रह्मचारी, शैलेंद्र कुमार,उषा देवी, प्रेमलता, सुमन गुप्ता, निर्मला देवी, कुसुम देवी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने दिया समर्थन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता

मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

पत्रकारों के सम्मान और स्वतंत्रता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : शाहनवाज हसन




हजारीबाग। नगर आयुक्त की कार्यशैली और पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार के विरोध में हजारीबाग प्रेस क्लब के तत्वावधान में गुरुवार को पुराने समाहरणालय के समक्ष धरना स्थल पर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना के माध्यम से पत्रकारों ने अपने सम्मान, स्वतंत्रता और प्रेस की गरिमा की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और प्रबुद्धजनों का व्यापक समर्थन मिला। धरना की अध्यक्षता हजारीबाग प्रेस क्लब के संरक्षक कृष्णा गुप्ता ने की, जबकि संचालन हजारीबाग प्रेस क्लब के सचिव दीपक सिंह ने किया। धरना को संबोधित करते हुए झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जे.जे.ए.) के संस्थापक शाहनवाज हसन ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकारों का दायित्व जनता की आवाज उठाना और सरकारी व्यवस्था से सवाल करना है। यदि किसी खबर से किसी अधिकारी को आपत्ति है तो उसे तथ्यों के साथ जवाब देना चाहिए, न कि पत्रकारों के बीच पहुंचकर प्रेस क्लब के दस्तावेज मांगने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पत्रकारों के सम्मान और स्वतंत्रता से किसी भी कीमत पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना पत्रकारों का अधिकार है। सरकारी अधिकारियों का प्रेस क्लब पहुंचकर कागजात मांगना और पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन को अपनी कार्यशैली में सुधार लाना चाहिए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। पूर्व विधायक अकेला यादव ने कहा कि पत्रकार समाज और शासन के बीच मजबूत कड़ी हैं। उनकी आवाज दबाने या उन्हें डराने का प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। पत्रकारों के मान-सम्मान की रक्षा होनी चाहिए। महापौर अरविंद राणा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और जनहित के मुद्दों को सामने लाना उनकी जिम्मेदारी है। पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार उचित नहीं है। पूरे मामले में सभी पक्षों की बात सुनकर निष्पक्षता के साथ उचित कार्रवाई होनी चाहिए। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि पत्रकारों का सम्मान लोकतांत्रिक व्यवस्था के सम्मान से जुड़ा हुआ है। किसी भी अधिकारी को अपने पद का इस्तेमाल पत्रकारों को दबाव में लाने के लिए नहीं करना चाहिए। उन्होंने मामले में उचित जांच और कार्रवाई की मांग की।

### मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

धरना-प्रदर्शन के समापन के बाद हजारीबाग प्रेस क्लब के प्रतिनिधियों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम हजारीबाग उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पूरे घटनाक्रम से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच कराने, जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने तथा पत्रकारों के सम्मान और प्रेस की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने में हजारीबाग प्रेस क्लब के पदाधिकारियों, पत्रकारों सहित पूरे जिले के पत्रकारों और सहयोगी साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से पत्रकारों ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनहित के मुद्दों पर सवाल उठाने वाली पत्रकारिता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।धन्यवाद ज्ञापन हजारीबाग प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार विकास सिंह ने किया। मौके पर सभी अखबार के ब्यूरो चीफ एवं कई राजनीतिक एवं सामाजिक माननीय व्यक्ति तथा विधायक, सांसद उपस्थित थे।

# घुसपैठ के लिए मशहूर बांग्लादेश के लिए सिरदर्द बने रोहिंग्या घुसपैठिये, म्यांमार सीमा पर नियंत्रण खो चुका है ढाका!



राजकुमार सिंह, पत्रकार

सवाल उठता है कि क्या बांग्लादेश म्यांमार बॉर्डर पर अपना नियंत्रण खोता जा रहा है? क्या उसकी सीमा अब केवल शरणार्थियों की आवाजाही का रास्ता बनकर रह गई है? और क्या रोहिंग्या संकट आने वाले समय में बांग्लादेश के लिए एक बड़े आंतरिक सुरक्षा संकट का रूप लेने जा रहा है? खुद घुसपैठ की समस्या को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाला बांग्लादेश आज रोहिंग्या घुसपैठियों की एक ऐसी बड़ी चुनौती से जूझ रहा है, जिसने उसकी आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और सीमा प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। म्यांमार से लगी सीमा पर हालात लगातार विस्फोटक होते जा रहे हैं। एक तरफ म्यांमार के रखाइन प्रांत में सशस्त्र संगठन अराकान आर्मी का प्रभाव बढ़ रहा है, तो दूसरी तरफ हिंसा और विस्थापन से परेशान रोहिंग्या परिवार बांग्लादेश में दाखिल होने के रास्ते तलाश रहे हैं। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि बांग्लादेश को म्यांमार की केंद्रीय सत्ता के बजाय अराकान आर्मी से भी बातचीत करनी पड़ रही है। यहां सवाल उठता है कि क्या बांग्लादेश म्यांमार बॉर्डर पर अपना नियंत्रण खोता जा रहा है? क्या उसकी सीमा अब केवल शरणार्थियों की आवाजाही का रास्ता बनकर रह गई है? और क्या रोहिंग्या संकट आने वाले समय में बांग्लादेश के लिए एक बड़े आंतरिक सुरक्षा संकट का रूप लेने जा रहा है?

### 15 लाख रोहिंग्या, बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ

हम आपको बता दें कि बांग्लादेश सरकार के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने 11 नवंबर को संयुक्त राष्ट्र की म्यांमार संबंधी विशेष रैपोर्टियर केली ई. करी से मुलाकात के दौरान एक बेहद गंभीर आंकड़ा सामने रखा। उनके मुताबिक बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों की संख्या 15 लाख से अधिक हो चुकी है। दिलचस्प बात यह है कि सरकारी रिकॉर्ड में संख्या इससे कम दर्ज है, लेकिन वास्तविक स्थिति कहीं ज्यादा बड़ी बताई जा रही है। इनमें से अधिकांश रोहिंग्या कॉक्स बाजार के शिविरों में रह रहे हैं। ये वे लोग हैं जो अगस्त 2017 में म्यांमार की सैन्य कार्रवाई के बाद अपना घर छोड़कर बांग्लादेश पहुंचे थे। बांग्लादेश के गृह मंत्री ने साफ कहा कि इतने बड़े शरणार्थी समुदाय को लंबे समय तक अपने यहां रखने से देश की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ रहा है। ढाका ने अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय से म्यांमार पर समन्वित कूटनीतिक दबाव बनाने की मांग की है। ढाका में सवाल उठ रहा है कि बांग्लादेश आखिर कब तक इस आबादी का बोझ उठाएगा? जब शरणार्थियों की वापसी का कोई ठोस रास्ता नहीं दिख रहा और सीमा पार हिंसा लगातार जारी है, तब ढाका के सामने संकट और गहराता जा रहा है।



### म्यांमार की सीमा पर अब अराकान आर्मी का दबदबा

साथ ही बांग्लादेश की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि म्यांमार के रखाइन प्रांत में अब वहां की सैन्य सरकार का नियंत्रण पहले जैसा नहीं रह गया है। अराकान आर्मी ने बड़े भूभाग पर अपना कब्जा जमा लिया है और बांग्लादेश से लगी सीमा के बड़े हिस्से पर भी उसका प्रभाव है। यानी बांग्लादेश के सामने अब एक ऐसी ताकत खड़ी है, जो म्यांमार की आधिकारिक सरकार नहीं है, लेकिन सीमा के दूसरी तरफ वास्तविक नियंत्रण उसी का है। यही वजह है कि बांग्लादेश की विदेश मामलों की राज्य मंत्री शमा ओबैद इस्लाम ने 8 नवंबर को खुलासा किया कि ढाका म्यांमार की सैन्य सरकार के साथ-साथ अराकान आर्मी से भी बातचीत कर रहा है। रोहिंग्याओं की वापसी के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति बनाने वाली समिति गठित की गई है और इस समिति के तहत दोनों पक्षों से संपर्क साधा जा रहा है। देखा जाये तो यह घटनाक्रम अपने आप में बांग्लादेश की कूटनीतिक मजबूरी को उजागर करता है। जिस संगठन के नियंत्रण वाले इलाके से रोहिंग्याओं का पलायन हो रहा है, उसी संगठन से अब बांग्लादेश को बातचीत करनी पड़ रही है। यह संकेत है कि म्यांमार की सीमा पर सत्ता और नियंत्रण का समीकरण पूरी तरह बदल चुका है।

### समुद्री रास्ते से घुसपैठ, 38 रोहिंग्या पकड़े गए

साथ ही सीमा पर बिगड़ते हालात का ताजा उदाहरण 38 रोहिंग्याओं की गिरफ्तारी है। बुधवार की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड्स ने टेकनाफ इलाके में म्यांमार से मछली पकड़ने वाली नाव के जरिए पहुंचे 38 रोहिंग्याओं को हिरासत में लिया। इनमें आठ पुरुष, 14 महिलाएं और 16 बच्चे शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक इन लोगों को नाव के जरिए बांग्लादेश लाने के लिए मोटी रकम वसूली गई थी। नाव से उतरने के बाद उन्हें एक स्थानीय महिला के घर में ठहराया गया था। सूचना मिलने पर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने छापा मारकर सभी को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने कानूनी कार्रवाई शुरू करने की पुष्टि की है। यह घटना बताती है कि म्यांमार में जारी हिंसा अब बांग्लादेश की सीमा पर किस तरह दबाव बना रही है। घुसपैठ के लिए केवल जमीन का रास्ता ही नहीं, बल्कि समुद्री मार्ग भी इस्तेमाल हो रहा है। स्थानीय नाव मालिकों और बिचौलियों की भूमिका इस समस्या को और गंभीर बनाती है।

### रोहिंग्याओं का संकट अब बांग्लादेश की आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती

देखा जाये तो रोहिंग्या संकट अब केवल शरणार्थियों को भोजन, आवास और चिकित्सा उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रह गया है। कॉक्स बाजार में बड़ी संख्या में शरणार्थियों की मौजूदगी ने स्थानीय संसाधनों, रोजगार और सामाजिक व्यवस्था पर दबाव बढ़ाया है। इसके साथ ही अवैध आवाजाही, मानव तस्करी और संगठित घुसपैठ के नेटवर्क की आशंकाएं भी सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती हैं। साथ ही म्यांमार के रखाइन प्रांत में अराकान आर्मी के नियंत्रण वाले इलाकों में रोहिंग्या समुदाय पर हिंसा, जबरन विस्थापन और आवाजाही पर पाबंदियों की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। ब्रिटिश सरकार की जनवरी 2026 की देश संबंधी रिपोर्ट में भी अराकान आर्मी के नियंत्रण वाले इलाकों में रोहिंग्याओं के उत्पीड़न, मनमानी गिरफ्तारियों और आवाजाही पर प्रतिबंधों का उल्लेख है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 और 2025 के दौरान हिंसा के कारण दो लाख तक रोहिंग्या बांग्लादेश पहुंचे। ऐसे में बांग्लादेश के लिए मुश्किल दोहरी है। एक तरफ पहले से मौजूद 15 लाख से अधिक लोगों का बोझ है, दूसरी तरफ म्यांमार में जारी संघर्ष नए लोगों को सीमा पार करने के लिए मजबूर कर रहा है। यदि यह सिलसिला जारी रहा तो शरणार्थी शिविरों का विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था और स्थानीय प्रशासन पर दबाव और बढ़ सकता है। उधर, बांग्लादेश अब इस संकट से निकलने के लिए भारत, चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे प्रभावशाली पक्षों से म्यांमार पर कूटनीतिक दबाव बनाने की मांग कर रहा है।




**मेष राशि :-** दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा. नए काम शुरू होंगे और सोचे हुए काम भी पूरे होंगे. काम भी पूरे हो सकते हैं. संपत्ति के कामकाज पर ध्यान देंगे. आपका पराक्रम बढ़ सकता है. सौदेबाजी में बहुत अच्छी सफलता भी मिलने के योग हैं. आपका दिन परिवार, निजी जीवन और पैसों के मामले में ही बीत सकता है. जरूरी कामों की योजना बन सकती है. अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान दें. पार्टनर के लिए समय निकालें. सेहत के मामले में सावधानी जरूर रखें.

**वृषभ राशि :-** आज भागीदारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है. इस कारण आप बेचैन और अनिश्चित हो सकते है. आर्थिक पक्ष अस्थिर हो सकता है. व्यापारी वर्ग को सार्वजनिक समर्थन हासिल करने के लिए अथक प्रयास करने की आवश्यकता हैं. आपके आलोचक और शत्रु आपके लिए समस्याएं पैदा करेंगे, वह आप पर हावी हो सकते हैं. किन्तु आप कूटनीति के प्रयोग से उन्हें चुप करा सकते हैं.

**मिथुन राशि :-** आज अचल संपत्ति में लाभ के योग आपकी राशि में दिखाई देते हैं. आज का दिन प्यार मामलों के मामले में बहुत खास होगा. भाई-बहनों के साथ तर्क आपको काफी उदास कर सकता है और आप असहाय महसूस कर सकते हैं. परिवार में किसी को सुधारने का जिम्मा आप खुद उठा सकते हैं. रिश्तों के बीच आपसी समझ बढ़ाने के लिये भी दिन अच्छा है. आपको किसी प्रॉपर्टी से मुनाफा हो सकता है. आज आपको विवाह प्रस्ताव भी मिल सकते हैं?.

**कर्क राशि :-** नए काम और नई बिजनेस डील सामने आ सकती है.परेशानियों से निपटने के लिए दिन अच्छा रहेगा. कोई नया ऑफर भी मिल सकता है. सोचे हुए काम शुरू कर दें, आपके काम जल्दी ही पूरे हो जाएंगे.रोजमर्रा के काम पूरे होने में कोई रुकावट नहीं आएगी. आप आगे भीबढ़ेंगे. महत्वपूर्ण मीटिंग और काम करने के लिए दिन शुभ है. समस्याएं भी जल्दी ही खत्म हो जाएंगी.

**सिंह राशि :-** यह आपके लिए बाधाओं और मुश्किल से निपटने के लिए एक कठिन समय है. आज कार्यस्थल पर दूसरों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने से बचें. अपने लक्ष्यों को प्राथमिकताओं दें. दूसरों से उपहार प्राप्त करने का यह अच्छा समय है. लंबे समय से लंबित अदालती मामले आपके पक्ष में सुलझेंगे. जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उन्हें मौका मिलेगा. पारिवारिक एवं सामाजिक संदर्भ में आप किसी भी गलती के लिए सवालों के घेरे में आएंगे.

**कन्या राशि :-** नए ग्राहकों से बात करने के लिए बेहतरीन दिन है. आज कुछ ऐसा दिन है जब चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं. प्रेमियों के मध्य कुछ मनमुटाव हो सकता है. आप नया वाहन खरीद सकते हैं. खर्च की मात्रा बढ़ने से आर्थिक तंगी का अनुभव हो सकता है. इष्टदेव की आराधना करें. शारीरिक परिश्रम की अधिकता रहेगी. आज पारिवारिक समस्याओं को लेकर भी आप परेशान हो सकते हैं लेकिन ध्यान रखें किसी भी परेशानी का हल करने में सक्षम हैं.

**तुला राशि :-** दिन आपके लिए अच्छा है. आप परिस्थितियों का फायदा उठाकर अपने काम पूरे कर सकते हैं. कामकाज में भी आपका मन लगेगा.आज आपको अचानक कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं. आप उनका फायदा उठाने के लिए तैयार रहें. अचानक मन में बदलाव आ सकते हैंजो कि आपके लिए फायदेमंद रहेंगे. जीवनसाथी से संबंधों में अनुकूलता रहेगी. दिन आपके लिए अच्छा है. पार्टनर से सरप्राइज मिलने के योग हैं. आपकी सेहत अच्छी रहेगी.

**वृश्चिक राशि :-** आप सभी गतिविधियों में चमकेंगे और आज भाग्य आपका साथ देगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए कोई विशेष कार्य सफलता प्रदान कर सकता हैं. विदेशी संपर्क वाले लोगों को कुछ अचानक लाभ मिलेगा और यात्रा भी हो सकती है. आय अच्छी रहेगी और स्वरोजगार में लिप्त जातक एक आकर्षक सौदे को अंतिम रूप प्रदान कर सकते हैं. पारिवारिक सदस्यों के मध्य सामंजस्य रहेगा और पारिवारिक उत्सव आपको व्यस्त रखेंगे.

**धनु राशि :-** आपके खर्चे बजट को बिगाड़ सकते हैं और इसलिए कई योजनाएँ बीच में अटक सकती हैं. आर्थिक निवेश और लेन-देन से बचें, नुकसान होने संभावना है. कमाई घट सकती है और धन अवरुद्ध हो सकता है. प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे. आज आपकी राशि में वाहन सुख दिखाई देता है आज खर्च की आशंकाएं आपके साथ हैं इसलिए खर्च करते समय आपको थोड़ा सावधानी बरतनी चाहिए. संबंधो में भावनाओं की प्रधानता रहेगी.

**मकर राशि :-** आज आपको दिनभर सावधान रहना होगा. कुछ लोग अपने स्वार्थ के कारण आपके ही लिए परेशानी खड़ी करने की कोशिश करेंगे, सावधान रहें. आपके मन में उथल-पुथल हो सकती है. पुरानी बातों में आज आप उलझे हुए रहेंगे. किसी समस्या का समाधान हाथों-हाथ नहींहोगा. कुछ खास काम आज अधूरे रह सकते हैं. काम में आपका मन नहीं लगेगा. बिजनेस में नए एग्रीमेंट अभी न करें तो ही अच्छा है. सेहत के मामले में दिन ठीक-ठाक रहेगा.

**कुम्भ राशि :-** आपका रचनात्मक कौशल आज चरम पर होगा और आप इसका उपयोग अपने सभी कामों में करेंगे. रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोग अच्छा करेंगे और अच्छा लाभ भी प्राप्त करेंगे. आप बैठकों, प्रस्तुतियों, प्रदर्शनियों और सम्मेलनों में लोकप्रिय रहेंगे. आप अपने घर को ठीक करने की योजना बनाएंगे और कुछ कलाकृतियों की खरीदारी भी करेंगे. आज आपकी सहभागिता बढ़ेगी और आप अपने दोस्तों या परिवार के साथ एक छोटी यात्रा कर सकते हैं.

**मीन राशि :-** आज कोई भी बड़ा कदम उठाने से पहले आपको उससे जुड़े जोखिम के उपर भी विचार करना चाहिए. कार्य स्थल पर किसी से झगड़े और टकराव से बचने की कोशिश करें. आगे बढ़ने का दौर है. जो काम आपको दिया जाएगा, उसे आप निपटा लेंगे. आप जो भी करेंगे, उसके साथ कुछ एक्स्ट्रा जिम्मेदारी भी रहेगी. प्रेम संबंधों में सावधानी बरतें. आप अपने दिनभर के कामों की एक लिस्ट तैयार कर लें. परिवार की कुछ जिम्मेदारियां जीवनसाथी को सौंप सकते हैं.

# वित्तीय वर्ष 2026-27 की आर्थिक विकास दर ने चौंकायां



वित्तीय वर्ष 2026-27 की विकास दर हासिल करने को केंद्र सरकार की योजनाओं की सफलता के रूप में भी देखा जा सकता है। केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया नामक योजना को तेजी से आगे बढ़ाया है और इसने भारत को कई क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है। दिनांक 31 अगस्त 2026 को सायंकाल में केंद्र सरकार ने भारत के वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के आंकड़े जारी किए हैं। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित अन्य वैश्विक संस्थानों, एसोचेम, भारतीय रिजर्व बैंक आदि के अनुमानों को धत्ता बताते हुए अप्रेल-जून 2026 की तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

जबकि, उक्त संस्थानों ने उक्त अवधि में 6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत के बीच की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। उक्त वृद्धि दर वैश्विक स्तर पर विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं के बीच हासिल हुई है, इसलिए भारत के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होगी। रूस-यूक्रेन युद्ध तो बहुत लम्बे समय से चल रहा है, ईरान-अमेरिका/इजराईल युद्ध भी इस तिमाही में जारी रहा, जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली थी। एक समय तो कच्चे तेल की कीमतें 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई थीं। ज्ञातव्य हो कि भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ईरान द्वारा स्ट्रेट ओफ होर्मुज को बंद करने के पश्चात इस मार्ग से गुजरने वाले तेल के जहाजों को रोक दिया गया था एवं कच्चे तेल की आपूर्ति पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ा था। परंतु, भारत ने इस दयनीय स्थिति को बहुत ही सूझ बूझ के साथ सम्भाला और अन्य कई देशों से तेल एवं गैस का आयात जारी रखा, जिससे भारत में न तो तेल की आपूर्ति कम हुई और न ही भारत में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई।

जबकि अन्य कई देशों में तो पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। इतिहास भारत के युवाओं (जेन-जी) को इस बात को समझना होगा कि भारत आज आर्थिक विकास के जिस दौर से गुजर रहा है, वह बहुत ही संवेदनशील है। यदि देश में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलायी जाती है तो आर्थिक विकास की पटरी से भारत डीरेल हो सकता है। आगे आने वाले 10 वर्षों तक भारत यदि विकास दर की इसी ट्रेजेक्टरी में अपने आप को बनाए रखने में सफल होता है तो भारत के वर्ष 1947 में विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार होने से कोई रोक नहीं सकता है। अर्थ के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अप्रेल-जून 2026 तिमाही में सराहनीय वृद्धि दर हासिल की गई है।

सकल मूल्य संवर्धन में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही है जो अप्रेल-जून 2025 की तिमाही में 7 प्रतिशत की रही थी। विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की तिमाही में 8.3 प्रतिशत की रही थी जो इस वर्ष की तिमाही में बढ़कर 9.2 प्रतिशत की हो गई है। इसी प्रकार सेवा के क्षेत्र में भी आर्थिक विकास दर इस वर्ष की प्रथम तिमाही में बढ़कर 10 प्रतिशत पर पहुंच गई जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 8 प्रतिशत रही थी। भारत की अर्थव्यवस्था उपभोग आधारित है, अतः निजी उपभोग में इस वर्ष की तिमाही में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 6.8 प्रतिशत रही थी।

सकल स्थिर पूंजी निर्माण में भी अतुलनीय 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में केवल 5.8 प्रतिशत की रही थी। इसी प्रकार, रोजगार निर्मित करने वाले क्षेत्रों में भी विकास दर प्रभावशाली रही है। वित्तीय क्षेत्र में वृद्धि दर 12.1 प्रतिशत की दर्ज हुई है तो व्यापार, होटल, यातायात एवं संचार के क्षेत्र में 8.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल की गई है। साथ ही गैस एवं बिजली उत्पादन में भी वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सराहनीय विकास दर हासिल करने को केंद्र सरकार की योजनाओं की सफलता के रूप में भी देखा जा सकता है। केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया नामक योजना को तेजी से आगे बढ़ाया है और इसने भारत को कई क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है।

विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजिटल भुगतान, फिन टेक, इंजिनीयरिंग डिजाइन, व्यापार परामर्श, वैश्विक ग्लोबल योग्यता सेंटर, आदि क्षेत्रों में भारत आज पूरे विश्व में लीड कर रहा है। मेक इन इंडिया योजना ने भारतीय नागरिकों में जोश भरा और भारत की प्रतिभा का डंका पूरे विश्व में बज गया है। दूसरे, भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को भी लागू किया गया। इस योजना ने भारत को उपभोक्ता बाजार से निकालकर मजबूत वैश्विक विनिर्माण हब में बदल दिया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 14 प्रमुख क्षेत्रों में करीब 2.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, 16.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कुल उत्पादन हुआ है एवं 12 लाख से अधिक रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए।

# खोखला होता जा रहा है पाकिस्तान

तमाम चुनौतियों से जूझ रहे पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। पिछले कुछ महीनों से गुलाम जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सुरक्षा बलों की गोलाबारी में 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग विधानसभा में 'शरणार्थी सीटों' को खत्म करने की है। पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान इन सीटों का इस्तेमाल मुजफ्फराबाद की स्थानीय सरकार में अपने पिट्ठुओं को बिठाने के लिए करता आया है। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए जोइंट अवामी एक्शन कमेटी यानी जेएएसी का गठन किया, लेकिन पाकिस्तानी सत्ता ने उसे आतंकी संगठन घोषित कर उस पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके विरोध में जेएएसी ने 12वीं विधानसभा के चुनावों का बहिष्कार किया। ऐसे माहौल में हुए चुनावों की कोई वैधता नहीं। जैसी उम्मीद थी, इन चुनावों में सत्तारूढ़ दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल-एन) की जीत हुई। गुलाम जम्मू-कश्मीर के साथ ही इमरान खान की लगातार हिरासत को लेकर खैबर-पख्तूनख्वा में भी विरोध प्रदर्शन जारी हैं। इन विरोध-प्रदर्शनों का जवाब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने यह कहकर दिया कि मीरपुर और रावलकोट जैसे इलाकों के लोग कश्मीरी ही नहीं हैं। ध्यान रहे इसके पहले पाकिस्तान कश्मीर पर अपने दुष्प्रचार के लिए लंदन में बसे मीरपुरवासियों का इस्तेमाल करता आया है, लेकिन जैसे ही इन इलाकों के स्थानीय लोगों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग उठाई तो उनकी कश्मीरी पहचान पर ही सवाल खड़े कर दिए गए। रक्षा मंत्री ने उन्हें पाकिस्तान का दुश्मन तक बताकर उनकी तुलना भारत से की। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की कुल 53 सीटें हैं। इनमें स्थानीय लोगों के लिए 33 सीटें, 12 शरणार्थी सीटें और महिलाओं, टेक्नोक्रेट्स, मौलवियों तथा विदेश में रहने वाले यहां के लोगों के लिए आठ आरक्षित सीटें हैं। शरणार्थी सीटों से आशय उन सीटों से है, जो कश्मीर घाटी और जम्मू संभाग से आए। अजीब बात यह है कि ये शरणार्थी यहां के निवासी न होकर पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में रहते हैं। विधानसभा चुनाव में इनकी सहभागिता से स्थानीय निवासियों और अन्य हिस्सों के लोगों के बीच का अंतर खत्म हो जाता है। शरणार्थी सीटों में मतदाताओं की संख्या बहुत कम है और वे बड़े क्षेत्र में बिखरे हुए हैं।

इससे पाकिस्तानी सरकार के लिए चुनाव परिणामों में हेरफेर करना आसान हो जाता है और हर चुनाव में अधिकांश सीटों पर उसी दल की ही जीत होती है, जिसे पाकिस्तानी शासक जिताना चाहते हैं। ये चुनाव क्षेत्र कितने छोटे हैं, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हाल के चुनावों में एलए-43 निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 1,839 ही थी, जबकि अधिकतम मतदाताओं वाली एलए 45 सीट पर 4,271 ही मतदाता थे। इन सीटों की बदौलत पाकिस्तान सरकार को इस प्रांत की विधानसभा में 25 प्रतिशत की एकमुश्त वोटिंग मिल जाती है, जो सत्ता की चाबी अपने पास रखने में मददगार बनती है। प्रांतीय सरकार ने शरणार्थी सीटों को खत्म करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट से सलाह मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शरणार्थी सीटें प्रांतीय संविधान द्वारा ही तय की गई हैं और उन्हें संविधान में परिवर्तन के बिना समाप्त नहीं किया जा सकता।

# योग्यता को मिले पहली प्राथमिकता

हाल में बिहार सरकार ने शिक्षकों की भर्ती में डोमिसाइल को लेकर एक ऐसा नीतिगत फैसला लिया, जो चिंता पैदा करता हैं। 32 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए जारी विज्ञापन में रखी गई यह शर्त सवालों में है कि दूसरे राज्य की वे महिलाएं बिहार के डोमिसाइल (मूल निवासी होने का) और आरक्षण का लाभ नहीं ले सकेंगी, जिनकी शादी बिहार में हुई है। केवल उन्हीं महिलाओं को इसका लाभ मिल सकेगा, जिनके माता-पिता के पास बिहार का पता है। पति के बिहार में रहने का प्रमाणपत्र मान्य नहीं होगा। आखिर जो महिला बिहार की बहू बन चुकी है और जिसका पति बिहार निवासी हो, उसे शिक्षक बनने से वंचित क्यों किया जाना चाहिए?

पिछले कुछ वर्षों में बिहार में लाखों शिक्षकों की भर्ती हुई है, पर ऐसी कोई शर्त नहीं थी, फिर अब इसकी जरूरत क्यों पड़ गई? हम बेटियों को आगे बढ़ाना चाहते हैं या ऐसी शर्तें लगाकर उनके रास्ते में बाधाएं खड़ी करना चाहते हैं? जब केंद्र और राज्य सरकारें बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए तरह-तरह की योजनाएं लागू कर रही हैं और उनका लाभ पूरे समाज को मिल रहा है, तब ऐसी शर्त उचित नहीं लगती। नौकरियों के मामले में अंततः योग्यता महत्वपूर्ण होनी चाहिए, न कि केवल डोमिसाइल या किसी वर्ग विशेष से संबंधित होना। हमारे संविधान निमार्ताओं ने देश की एकता और अखंडता के लिए ऐसे दूरदर्शी प्रविधान किए, जिनकी वजह से महाद्वीप जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश को एक सूत्र में बांधे रखना संभव हुआ। इसी कारण ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल की यह भविष्यवाणी गलत साबित हुई कि भारत 50 वर्षों में टूट जाएगा। भारत को पूरी दुनिया में लोकतंत्र के एक माडल के रूप में देखा जाता है और इसकी सबसे बड़ी वजह यहां की विविधता है। भाषा, बोली, पंथ, संस्कृति, रीति-रिवाज और जीवनशैली की जितनी विविधता भारत में है, वह बहुत कम देशों में देखने को मिलती है। देश की व्यवस्थाओं में भी इस विविधता के बीच एकता को मजबूत करने का प्रयास दिखाई देता है। आइएएस, आइपीएस और भारतीय वन सेवा जैसी अखिल भारतीय सेवाएं इसका उदाहरण हैं। केंद्रीय सेवाओं में भी अधिकारियों की नियुक्ति देशभर में होती है। राजनीतिक व्यवस्था में भी यह परंपरा देखने को मिलती है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्म पंजाब में हुआ और उन्होंने दिल्ली में अध्यापन किया, जबकि वे असम से राज्यसभा के लिए चुने गए। इसी तरह इंदिरा गांधी का राजनीतिक आधार उत्तर प्रदेश और दिल्ली में रहा, लेकिन उन्होंने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से भी चुनाव लड़ा। ऐसे सैकड़ों उदाहरण मिल सकते हैं, जिन्हें राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से सकारात्मक माना जाता है।

पिछले कुछ दशकों में आइआइटी जैसे राष्ट्रीय संस्थानों ने भी इस एकता को नया आयाम दिया है। चेन्नई का छात्र दिल्ली, गुवाहाटी या कानपुर के आइआइटी में पढ़ता है, तो बिहार का छात्र चेन्नई में। इन संस्थानों में देश के सभी राज्यों के विद्यार्थी साथ पढ़ते हैं। यहां केवल योग्यता और मेधा महत्वपूर्ण होती है, डोमिसाइल नहीं। इसका दूरगामी सामाजिक प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थी दूसरे राज्यों के लोगों, उनकी संस्कृति और रीति-रिवाजों को समझते हैं तथा उनके साथ रहते हुए विविधता का सम्मान करना सीखते हैं। यही सामाजिक एकता राष्ट्रीय एकता की रीढ़ का काम करती है। इसलिए बिहार सरकार का ऐसा निर्णय चिंता पैदा करता है। बिहार में उद्योग और रोजगार के अवसरों की कमी की वजह से वहां के लाखों लोग देश के विभिन्न राज्यों में काम करते हैं।



# स्वच्छता में पटना नगर निगम की हैट्रिक, राष्ट्रपति ने दिया स्टेट फर्स्ट स्वच्छ सिटी पुरस्कार

एजेंसी

**पटना।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में पटना नगर निगम को स्टेट फर्स्ट स्वच्छ सिटी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह पुरस्कार प्रदान किया। नगर निगम की टीम ने सफाईकर्मी अमरजीत मांझी और रॉकी पासवान के साथ सम्मान ग्रहण किया।स्वच्छता के क्षेत्र में पटना नगर निगम ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित 10वें स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार समारोह में पटना नगर निगम को ह्यस्टेट फर्स्ट स्वच्छ सिटीह्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हाथों से यह पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी कुमारी, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव संदीप पुडकलकट्टी और नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने पुरस्कार ग्रहण



किया। इस उपलब्धि को खास बनाते हुए पटना नगर निगम की टीम अपने दो सफाईकर्मियों अमरजीत मांझी (नूतन राजधानी अंचल) और रॉकी पासवान (अजीमाबाद अंचल) को भी समारोह में साथ लेकर पहुंची। दोनों सफाईकर्मियों ने भी टीम के साथ यह सम्मान प्राप्त किया। यह पहल शहर को स्वच्छ बनाने में दिन-रात मेहनत करने वाले सफाईकर्मियों के समर्पण और योगदान को सम्मान देने का प्रतीक बनी। बेहतर कचरा प्रबंधन और नागरिकों की भागीदारी से मिली सफलता पटना नगर निगम को यह उपलब्धि बेहतर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, पुराने कचरे (लीगेसी वेस्ट) का नियमानुसार निस्तारण, जन शिकायतों का त्वरित समाधान और ठोस कचरा प्रबंधन में लगातार सुधार के चलते मिली है। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान में पटनावासियों की बढ़ती भागीदारी ने भी इस सफलता में अहम भूमिका निभाई है। इस मौके पर महापौर सीता साहू ने कहा कि यह सम्मान पूरे पटना शहर और यहां के नागरिकों को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए पटना नगर निगम की पूरी टीम प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार के शहरों में विकास और स्वच्छता को नई गति मिल रही है। पटना नगर निगम भी इसी दिशा में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी सफाईकर्मियों, निगमकर्मियों और पटनावासियों को बधाई दी। उप महापौर रेशमी कुमारी ने कहा कि पटना नगर निगम को मिला यह सम्मान सफाईकर्मियों की कड़ी मेहनत और पटनावासियों के सहयोग का परिणाम है। स्वच्छ शहर का निर्माण केवल नगर निगम के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। यह पुरस्कार स्वच्छता के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा। वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट और नए एसटीपी से बदलेगी व्यवस्था नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने कहा कि आने वाले समय में पटना क्लस्टर में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की स्थापना, पुराने कचरे का पूरी तरह निस्तारण और इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का विकास किया जाएगा। इसके अलावा नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना और मोबाइल कोर्ट जैसी पहलें भी की जाएंगी। इन योजनाओं से शहर की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन प्रयासों से आगामी स्वच्छ सर्वेक्षणों में पटना का प्रदर्शन और बेहतर होगा। लगातार तीन स्वच्छ सर्वेक्षणों में पटना ने दर्ज की उपलब्धि पटना नगर निगम ने पिछले तीन स्वच्छ सर्वेक्षणों में लगातार अपना प्रदर्शन बेहतर किया है। वर्ष 2023 के स्वच्छ सर्वेक्षण में पटना ने बिहार में स्वच्छता के क्षेत्र में पहला स्थान हासिल किया था। इसके साथ ही नगर निगम को वाटर प्लस सर्टिफिकेट और 1-स्टार गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग भी मिली थी। वर्ष 2024 में नगर निगम ने अपने प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए 3-स्टार गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग हासिल की। इसके अलावा उसे ह्यप्रॉमिसिंग स्वच्छ शहरह्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। वहीं, स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में पटना को ह्यस्टेट फर्स्ट स्वच्छ सिटीह्न का पुरस्कार मिला है। लगातार तीन सर्वेक्षणों में मिली ये उपलब्धियां नगर निगम के निरंतर प्रयासों, स्वच्छता व्यवस्था में किए जा रहे सुधारों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का प्रमाण हैं। इस सम्मान से स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ पटना बनाने के संकल्प को और मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की अन्य श्रेणियों के परिणाम भी जल्द जारी किए जाएंगे।

## दरभंगा के रैयाम चीनी मिल का होगा विस्तार, विभागों को मिली जानकारी

एजेंसी

**पटना।** दरभंगा की रैयाम चीनी मिल परिसर का होगा व्यवस्थित विकास. जिला प्रशासन ने डीएम के नेतृत्व में निरीक्षण कर विस्तार और सुविधाओं के विकास की दिशा में कदम बढ़ाया है. रैयाम चीनी मिल परिसर के विकास को लेकर जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है. बुधवार को डीएम कौशल कुमार ने मिल परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं और विकास की संभावनाओं का जायजा लिया. उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को परिसर में जरूरी सुविधाएं विकसित करने और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया. परिसर के विस्तार के लिए 35 एकड़ अतिरिक्त जमीन के अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा गया है. निरीक्षण के दौरान डीएम ने अलग-अलग विभागों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि परिसर के व्यवस्थित विकास के लिए जरूरी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए सभी कार्य समयबद्ध तरीके से किये जाएं. जीएम आवास का होगा जीर्णोद्धार चीनी मिल परिसर में स्थित जीएम आवास की मौजूदा स्थिति का भी डीएम ने जायजा लिया. भवन निर्माण विभाग और इंडियन पोटाश लिमिटेड को आवास के जीर्णोद्धार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. डीएम ने भवन की स्थिति का आकलन कर मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम जल्द शुरू कराने की दिशा में पहल करने को कहा. परिसर का समतलीकरण जल्द पूरा करने का निर्देश रैयाम चीनी मिल परिसर को व्यवस्थित और उपयोग के अनुकूल बनाने के लिए पथ निर्माण विभाग को समतलीकरण का काम अविलंब पूरा करने को कहा गया है. परिसर में उपलब्ध जमीन और आधारभूत संरचनाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की तैयारी है. डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समतलीकरण सहित अन्य जरूरी काम में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए.

# वाराणसी ट्रॉमा सेंटर में घायल पवन तिवारी की मौत, विवाद में तीन लोगों को लगी थी गोली

एजेंसी

**पटना।** बिहार के बक्सर जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बैरी गांव में गुरुवार सुबह हुए गोलीकांड में घायल पवन तिवारी की वाराणसी ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके पेट में गोली लगी थी। चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी थी, लेकिन गंभीर अंदरूनी चोटों और अधिक रक्तस्राव के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। बिहार के बक्सर जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बैरी गांव में गुरुवार सुबह हुए गोलीकांड में घायल पवन तिवारी की मौत हो गई। उन्होंने वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पवन के पेट में गोली लगी थी, जिससे उनके अंदरूनी अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचा था और काफी रक्तस्राव हुआ था। चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर गोली



निकाल दी थी, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी है। इसके बाद पोस्टमार्टम समेत अन्य कानूनी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। गोली निकालने के बाद भी नहीं बच सकी जान परिजनों के अनुसार, गोली लगने से पवन तिवारी के पेट के अंदरूनी अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था। वहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी, लेकिन काफी रक्तस्राव और गंभीर अंदरूनी चोटों के कारण उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। आखिरकार इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पवन की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पानी बहाने और गाय बांधने को लेकर हुआ था विवाद गौरतलब है कि बैरी गांव में पानी बहाने और गाय बांधने को लेकर दो पाटीदार पक्षों के बीच विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पहले से भी रंजिश चली आ रही थी। इसी विवाद ने देखते ही देखते मारपीट और गोलीबारी का रूप ले लिया। घटना में पवन तिवारी समेत तीन लोग गोली लगने से घायल हुए थे। मुख्य आरोपी सेना के जवान ने थाने में किया था आत्मसमर्पण इस मामले के मुख्य आरोपी सेना के जवान पुतुल उर्फ जयप्रकाश तिवारी ने बुधवार को इटाढ़ी थाने में आत्मसमर्पण कर दिया था। वह अपनी लाइसेंसी पिस्टल और दोनाली बंदूक भी पुलिस को सौंपने पहुंचा था। पूछताछ में उसने पिस्टल से गोली चलाने की बात स्वीकार की थी। हालांकि, उसका दावा था

# नकली नोटों के बड़े गिरोह का खुलासा, 500 के 28 जाली नोटों के साथ तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना।** मुजफ्फरपुर के साहेबगंज थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर गांव में पुलिस ने नकली नोटों के कारोबार का खुलासा करते हुए 500 रुपये के 28 जाली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी करीब 20 हजार रुपये के नकली नोट लेकर आया था, जिनमें से छह हजार रुपये बाजार में खपा चुका था। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर गांव में पुलिस ने नकली नोटों के कारोबार का खुलासा किया है। पुलिस ने 500 रुपये के 28 जाली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी करीब 20 हजार रुपये के नकली नोट लेकर आया था। इनमें से छह हजार रुपये के नोट वह स्थानीय बाजार में खपा चुका था, जबकि 14 हजार रुपये के नकली नोट पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। शुरूआती जांच में इस कारोबार के



पीछे संगठित गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आई है। पुलिस को आशंका है कि गिरोह का नेटवर्क दूसरे राज्यों और सीमावर्ती जिलों तक फैला हुआ है। बाजार में नकली नोट चलाने की मिली थी सूचना ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हुस्सेपुर जोड़ाकांही गांव में एक व्यक्ति नकली नोटों का इस्तेमाल कर रहा है। वह स्थानीय बाजार और लोगों के बीच जाली नोट देकर उन्हें खपाने की कोशिश कर रहा था। सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ सरैया अभिजित कौर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी करीब 20 हजार रुपये के जाली नोट लेकर आया था। इसमें से छह हजार रुपये के नकली नोट वह बाजार में चला चुकआ था। बाकी 14 हजार रुपये पुलिस ने बरामद कर लिए। बरामद नोट 500 रुपये के हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है

# दो मासूम बेटियों की मां का कत्ल, पति ने धारदार हथियार से रेता गला; वारदात के बाद थाने में किया सरेंडर

एजेंसी

**पटना।** मुंगेर के जमालपुर में बुधवार देर रात पति दशरथ मंडल ने धारदार हथियार से पत्नी पूजा देवी की गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात सदर बाजार फाड़ी के समीप हुई। हत्या के बाद आरोपी ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। बिहार के मुंगेर जिले के जमालपुर में पति ने धारदार हथियार से पत्नी का गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात बुधवार देर रात सदर बाजार फाड़ी के समीप हुई। हत्या के बाद आरोपी पति दशरथ मंडल ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं, मृतका के मायके में चीख-पुकार मच गई। इस वारदात में दो मासूम बच्चियों के सिर से मां का साया उठ गया। मृतका की पहचान पूजा देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार बरामद कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। 2015 में हुई थी शादी, कुछ साल बाद शुरू हुआ विवाद जानकारी के अनुसार, पूजा देवी की शादी वर्ष 2015 में धरहरा थाना क्षेत्र के दशरथपुर निवासी दशरथ मंडल से हुई थी। दशरथ रेलवे में लोको पायलट के पद पर कार्यरत था। बाद में उसने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेकर नौकरी छोड़ दी थी। दंपती की दो बेटियां हैं। बताया जाता है कि शादी के कुछ वर्षों बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया था। दोनों के बीच अक्सर कहासुनी और झगड़े होते थे। परिवार के लोगों ने कई बार आपसी सहमति से विवाद सुलझाने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद उनके बीच तनाव बना रहा। मामला एक बार पुलिस थाने तक भी पहुंचा था। भाई का आरोप- बहन को लंबे समय से किया जा रहा था प्रताड़ित पोस्टमार्टम हाउस के पास मौजूद मृतका के भाई शुभम कुमार ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को लंबे समय से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। करीब एक साल पहले भी उसके साथ मारपीट की गई थी। इस मामले में थाने में आवेदन भी दिया गया था। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया था। आधी रात को भाई को फोन कर दी हत्या की सूचना बुधवार देर रात करीब 12:30 बजे जमालपुर पुलिस ने पूजा के भाई को फोन कर उसकी हत्या की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मायके के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पूजा खून से लथपथ हालत में मृत पड़ी थी। धारदार हथियार से उसका गला रेता गया था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य, हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने मौके की बारीकी से जांच की और जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार भी बरामद कर लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। जमालपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी पति दशरथ मंडल ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद किया गया है।

# ज्वेलर्स कारोबारी के घर छह हथियारबंद अपराधियों का धावा, परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट

एजेंसी

**पटना।** बेगूसराय के खोदावंदपुर पंचायत में बुधवार शाम दो बाइक पर सवार छह हथियारबंद अपराधियों ने सजनी ज्वेलर्स के संचालक दशरथ पोद्दार के घर में घुसकर लूटपाट की। अपराधियों ने गृहस्वामी, उनकी पत्नी और पुत्रवधू को शौचालय में बंद कर दिया। बिहार के बेगूसराय में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ज्वेलर्स कारोबारियों और उनके परिवारों को निशाना बनाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला खोदावंदपुर पंचायत के वार्ड संख्या-2 स्थित यूको बैंक के पास का है। यहां बुधवार शाम करीब 6:30 बजे दो बाइक पर सवार छह हथियारबंद अपराधियों ने सजनी ज्वेलर्स के संचालक दशरथ पोद्दार के घर में



घुसकर लूटपाट की। वारदात के दौरान अपराधियों ने गृहस्वामी, उनकी पत्नी और पुत्रवधू को हथियार के बल पर शौचालय में बंद कर दिया। इसके बाद जब आसपास के लोग जुटने लगे तो अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी की और मौके से फरार हो गए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दो बाइक से पहुंचे छह अपराधी, परिवार को बनाया बंधक परिजनों के अनुसार, दो बाइक पर सवार होकर छह अपराधी घर पहुंचे थे। सभी ने घर के नीचे बाइक खड़ी की और सीढ़ियों के रास्ते अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद हथियार दिखाकर दशरथ पोद्दार, उनकी पत्नी और पुत्रवधू को शौचालय में बंद कर दिया। परिवार के सदस्यों को बंधक बनाने के बाद अपराधियों ने घर में लूटपाट शुरू कर दी। गृहस्वामी ने शोर मचाया तो अपराधियों ने की फायरिंग बताया जाता है कि शौचालय में बंद दशरथ पोद्दार ने हिम्मत दिखाते हुए डकैत-डकैत चिल्लाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे। भीड़ को अपनी ओर आता देख अपराधियों ने दहशत फैलाने के इरादे से गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर मुसहरी की ओर फरार हो गए। गोलीबारी में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मौके से दो खोखा और दो गमछा बरामद घटना की सूचना मिलते ही खोदावंदपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच के दौरान दो खोखा और दो गमछा बरामद किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ अमरकांत, पुलिस निरीक्षक महानंद चौधरी के अलावा चेरियाबरियारपुर, मंझौल और छौड़ाही थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस की टीमें मामले की जांच में जुटी हैं। दुकान बंद कर घर आए थे दशरथ पोद्दार परिजनों ने बताया कि बुधवार शाम करीब 6:30 बजे दशरथ पोद्दार की सजनी ज्वेलर्स दुकान बंद करने के बाद अमरजीत पोद्दार घर आए थे।
घर में बही-खाते आदि रखने के बाद वह किसी काम से दोबारा बाजार चले गए थे। इसी दौरान अपराधियों ने घर पर धावा बोल दिया और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। फिलहाल घर से कितने की संपत्ति लूटी गई है और अपराधियों ने किन-किन सामानों को निशाना बनाया, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस और पीड़ित परिवार की ओर से भी लूटे गए सामानों का विस्तृत ब्योरा साझा नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। इस वारदात के बाद इलाके के कारोबारियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। लगातार ज्वेलर्स कारोबारियों और उनके परिवारों को निशाना बनाए जाने से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि आखिर बेगूसराय में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं और ज्वेलर्स कारोबारियों की सुरक्षा कब सुनिश्चित होगी।

## संक्षिप्त डायरी

### अटल घाट और अटल वाटिका का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कार्यक्रम की तैयारी पूरी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को सारण जिले के मांझी स्थित रामघाट पर करीब साढ़े नौ करोड़ रुपये की लागत से बने अटल घाट और अटल वाटिका का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को सारण जिले के मांझी स्थित रामघाट पर नवनिर्मित अटल घाट और अटल वाटिका का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान वे पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे। नमामि गंगे परियोजना के तहत करीब साढ़े नौ करोड़ रुपये की लागत से रामघाट पर अटल घाट और अटल वाटिका का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण भी किया गया है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पिछले एक पखवाड़े से निर्माण और सजावट के काम तेजी से कराए जा रहे थे। रामघाट तक पहुंचने वाली प्रमुख सड़कों का निर्माण और सौंदर्यीकरण भी कराया गया है। कार्यक्रम को लेकर पूरे इलाके में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार शाम डीएम वैभव श्रीवास्तव और एसएसपी रौशन कुमार समेत जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेते रहे। घाट पर करीब 250 मजदूर अलग-अलग कामों को अंतिम रूप देने में जुटे थे। कार्यक्रम के संयोजक और सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल भी अपने समर्थकों के साथ तैयारियों की निगरानी करते रहे। संत रामप्रिय दास और रामसेवक दास भी विकास कार्यों में सक्रिय रहे। कार्यक्रम के लिए दलन सिंह उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज परिसर में सभास्थल बनाया गया है। इसके साथ ही रामघाट को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कॉलेज परिसर में दो हेलीपैड तैयार किए गए हैं। यहां से रामघाट तक जाने वाली सड़क को सुरक्षा के लिहाज से जाली और बांस-बल्लियों से घेरा गया है। रास्ते में जगह-जगह होर्डिंग और तोरण द्वार लगाए गए हैं। सड़कों की मरम्मत और साफ-सफाई के साथ पूरे इलाके को भाजपा के झंडों से सजाया गया है। दोपहर 12:30 बजे मांझी पहुंचेंगे मुख्यमंत्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे मांझी पहुंचेंगे। वह लगभग एक घंटे तक कार्यक्रम स्थल पर रहेंगे। उनकी सुरक्षा को लेकर पटना से पहुंची विशेष टीम ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था अपने हाथ में ले ली है। यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। गुरुवार सुबह से मांझी के बलिया मोड़ और मियांपट्टी मोड़ पर भारी वाहनों का परिचालन रोक दिया जाएगा। रेलपुल और जयप्रभा सेतु पर भी पुलिस बल तैनात रहेगा। मुख्यमंत्री मांझी चट्टी के रास्ते रामघाट पहुंचेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के लिए बहोरन सिंह के टोला से अलग रास्ता निर्धारित किया गया है।सरयू नदी में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रहेंगी तैनात कार्यक्रम के दौरान रामघाट और सरयू नदी में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। नदी में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात रहेंगी। इसके अलावा क्रूज के माध्यम से भी नदी और आसपास के इलाके की निगरानी की जाएगी। कार्यक्रम के मंच पर अन्य अतिथियों के साथ नगर पंचायत की मुख्य पार्षद और उपमुख्य पार्षद भी मौजूद रहेंगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मांझी चट्टी के बाजार में भी रौनक बढ़ गई है। एनडीए के नेता सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। अटल घाट और अटल वाटिका के लोकार्पण को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है।

### छठ की खुशियों पर टूटा दुखों का पहाड़! नेपाल में 700 मीटर गहरी खाई में गिरी वैन, 10 लोगों की मौत

एजेंसी

**पटना।** नेपाल में छठ पर्व पर घर लौट रहे लोगों के साथ दर्दनाक हादसा हो गया. काठमांडू से सलाहीं जा रही यात्रियों से भरी वैन 700 मीटर गहरी खाई में गिर गई. हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हैं. रक्सौल. लोक आस्था के महापर्व छठ पर अपने घर लौट रहे लोगों की यात्रा दर्दनाक हादसे में बदल गयी. नेपाल के मकवानपुर जिले में गुरुवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये. हादसा भीमफेदी गांवपालिका-6 स्थित चिसापानीगढ़ी के पास हुआ. यहां काठमांडू से सलाहीं की ओर जा रही एक इलेक्ट्रिक वैन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 700 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी. मृतकों में तीन महिलाएं, दो बच्चियां और पांच पुरुष शामिल हैं. बताया जा रहा है कि मृतकों में अधिकांश सलाहीं जिले के निवासी थे. हालांकि, देर तक मृतकों की पहचान सार्वजनिक नहीं की जा सकी थी. सुबह 6:10 बजे हुआ हादसा, खाई में गिरी ईवी मिली जानकारी के अनुसार, मधेस प्रदेश 03-001 ज 0880 नंबर की इलेक्ट्रिक वैन गुरुवार सुबह करीब 6:10 बजे काठमांडू से सलाहीं की ओर जा रही थी. इसी दौरान चिसापानीगढ़ी के पास चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और वैन सड़क से नीचे गहरी खाई में गिर गयी. दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन में सवार 10 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गयी. दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस कार्यालय मकवानपुर के पुलिस अधीक्षक श्याम खत्री सहित नेपाल पुलिस और अन्य सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे. बचाव दल ने खाई से निकाले घायल, तीनों की हालत गंभीर सूचना मिलने के बाद बचाव दल खाई में उतरा और घायलों को बाहर निकाला. तीनों घायलों को उपचार के लिए हेटौंडा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बतायी जा रही है. वहीं, मृतकों के शवों को भी खाई से निकालकर हेटौंडा लाया जा रहा है. भीमफेदी पुलिस चौकी से आठ किलोमीटर दूर है घटनास्थल हादसे का स्थान इलाका प्रहरी कार्यालय भीमफेदी से करीब आठ किलोमीटर उत्तर में स्थित है. पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है. छठ पर्व को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग काठमांडू सहित नेपाल के अन्य शहरों से अपने घरों की ओर लौट रहे हैं. ऐसे में इस हादसे ने पर्व से पहले कई परिवारों की खुशियों को मातम में बदल दिया है.

### पटना के दो सड़क हादसों में पिता-पुत्र सहित 5 की मौत, ट्रक ने तीन को कुचला

एजेंसी

**पटना।** पटना में सड़क हादसों का कहर जारी है. पंडारक और पचरुखिया थाना क्षेत्रों में हुए भीषण हादसों में पांच लोगों की जान चली गई, जिनमें पिता-पुत्र भी शामिल हैं. पटना जिले में मंगलवार देर रात और बुधवार सुबह हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गयी. पंडारक में ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा पर सवार वार्ड सदस्य और किसान समेत तीन लोगों की जान चली गयी. वहीं, पचरुखिया थाना क्षेत्र में बाइक बिजली के पोल से टकरा गयी, जिससे पिता और सात वर्षीय बेटे की मौत हो गयी. इसके अलावा मोकामा में कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. पंडारक में ट्रक की टक्कर से वार्ड सदस्य समेत तीन की मौत पंडारक थाना क्षेत्र के पैठानीचक प्राथमिक विद्यालय के पास बुधवार सुबह उच्च पथ पर तेज रफ्तार ट्रक ने सब्जी से लदे ई-रिक्शा में टक्कर मार दी. हादसे में पूर्वी पंडारक पंचायत के वार्ड संख्या तीन के वार्ड सदस्य सुरेश प्रसाद (48), किसान लल्लू महतो (40) और 12वीं के छात्र संजीत कुमार (19) की मौत हो गयी. तीनों पैठानीचक गांव के रहने वाले थे. लल्लू महतो की मौत पंडारक अस्पताल में हो गयी, जबकि सुरेश प्रसाद ने बाढ़ अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया. गंभीर रूप से घायल संजीत कुमार को पीएमसीएच ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया. मुआवजे और गिरफ्तारी की मांग पर चार घंटे तक जाम तीन लोगों की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और फरार ट्रक चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उच्च पथ जाम कर दिया. सूचना मिलने पर सीओ अंकित कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया. उन्होंने सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया. इसके बाद करीब चार घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया.

## जापान ने आंध्र प्रदेश से दुर्लभ खनिजों की नियमित आपूर्ति का आग्रह किया

**विशाखापत्तनम में सीएम नायडू से मिले जापानी राजदूत**

**विशाखापत्तनम ।**

जापान ने आंध्र प्रदेश से अपने लिए दुर्लभ खनिजों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। हाल ही में विशाखापत्तनम में मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ हुई बैठक में जापानी राजदूत केईची ओनो ने इस मुद्दे को उठाया। यह पहल महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति के क्षेत्र में भारत-जापान साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जापानी प्रतिनिधियों ने इस सहयोग को महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में भारत-जापान साझेदारी के लिए अहम बताया। यह कूटनीतिक पहल आंध्र प्रदेश सरकार की राज्य के तटीय क्षेत्र को दुर्लभ खनिज तत्व गलियारे के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना के अनुरूप है। राज्य में 16,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 16 प्रकार के खनिज भंडार चिन्हित किए गए हैं, जिसमें देश के समुद्र तटीय रेत खनिज भंडार का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा शामिल है, जो आंध्र प्रदेश को इन महत्वपूर्ण संसाधनों का दूसरा सबसे बड़ा भंडार बनाता है।

## एचएफसीएल को 834 करोड़ के निर्यात ठेके मिले

**नई दिल्ली ।**

दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी एचएफसीएल को विदेश स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के जरिये एक अंतरराष्ट्रीय ग्राहक को ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति के लिए करीब 834.36 करोड़ रुपये (लगभग 88.94 करोड़ डॉलर) के निर्यात ठेके मिले हैं। ठेके जून 2027 तक पूरे किए जाएंगे। हालांकि, कंपनी ने ग्राहक की पहचान उजागर नहीं की। एचएफसीएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा` कि ये ठेके कंपनी की विनिर्माण क्षमताओं, प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता और उत्पादों की गुणवत्ता में ग्राहकों के भरोसे को दर्शाते हैं। गौरतलब है कि कंपनी के निदेशक मंडल ने ऑप्टिकल फाइबर और ऑप्टिकल फाइबर केबल की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए करीब 400 करोड़ रुपये के नए निवेश को मंजूरी दी है। प्रस्तावित विस्तार के लिए धन की व्यवस्था आंतरिक स्रोतों से जुटाई गई राशि और कर्ज के जरिये की जाएगी। इसके जुलाई 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है।

## रिन्यू आंध्र प्रदेश में 29,500 करोड़ का निवेश करेगा

**विशाखापत्तनम ।**

आंध्र प्रदेश के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी रिन्यू ने राज्य में 29,500 करोड़ रुपए के भारी निवेश की सैद्धांतिक प्रतिबद्धता जताई है। यह महत्वपूर्ण घोषणा सीआईआई साझेदारी सम्मेलन से इतर आंध्र प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री नारा लोकेश और रिन्यू के चेयरमैन एवं सीईओ सुमंत सिन्हा के बीच हुई बैठक में की गई। कंपनी ने बताया कि यह निवेश दो प्रमुख स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में किया जाएगा। इनमें दो गीगावाट (जीडब्ल्यू) की पंप्ड स्टोरेज परियोजना शामिल है, जिसके लिए 12,500 करोड़ रुपए आवंटित किए जाएंगे। दूसरी परियोजना हरित अमोनिया एवं ई-ईंधन से संबंधित है, जिसमें 17,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा। मंत्री लोकेश ने रिन्यू की 11,000 करोड़ रुपए की पॉलीसिलिकॉन और धातुकर्म-ग्रेड सिलिकॉन परियोजना के लिए बधाई दी और कंपनी को आईआईटी तिरुपति व यूएनएसडब्ल्यू द्वारा स्थापित सौर सेल प्रोटोटाइप केंद्र के साथ सहयोग करने का न्योता भी दिया।

## अक्टूबर में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में 6,566 करोड़ का निवेश

**सितंबर के मुकाबले गोल्ड ईटीएफ में लगभग 22 फीसदी की गिरावट आई**

**नई दिल्ली ।**

बाजार की उठापटक के बीच भी निवेशक गोल्ड और सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) पर भरोसा बनाए हुए हैं। अक्टूबर में इन दोनों श्रेणियों में कुल 6,566 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया, जिसमें सिल्वर ईटीएफ में अच्छी वृद्धि देखी गई, वहीं गोल्ड ईटीएफ में मामूली गिरावट रही। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, इस कुल शुद्ध निवेश में गोल्ड ईटीएफ का हिस्सा 3,474 करोड़ रुपये और सिल्वर ईटीएफ का 3,092 करोड़ रुपये रहा। खास बात यह है कि सितंबर के मुकाबले गोल्ड ईटीएफ में लगभग 22 फीसदी की गिरावट आई, पर यह पिछले छह महीने के औसत से 45 फीसदी अधिक है।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

**मुंबई ।**




घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को हल्की तेजी के साथ बंद हुआ। दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों से बाजार पर दबाव बना रहा। इसी कारण बाजार पर अंकुश लगा रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर बीएसई सेंसेक्स 31.61 अंक की मामूली बढ़त के साथ 81,911.01 पर और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 44.30 अंक की तेजी के साथ 25,299.35 पर बंद हुआ। यह बढ़त मुख्य रूप से रियल्टी और वित्तीय क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण आई है। जिसने बाजार को स्थिरता मिली है।

दिन के अंत में रियल्टी शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया, निफ्टी रियल्टी सूचकांक तेजी के साथ शीर्ष पर रहा। इसके अतिरिक्त, निफ्टी मीडिया त, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज , निफ्टी प्राइवेट बैंक , निफ्टी इंडिया डिफेंस बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में गिरावट भी दर्ज की गई, जिसमें निफ्टी ऑटो , निफ्टी पीएसई , निफ्टी एफएमसीजी , निफ्टी ऑयलएंडगैस और निफ्टी कमोडिटीज की गिरावट के साथ बंद हुए।

प्रमुख सूचकांकों में आई हल्की तेजी के विपरीत, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बड़ी खरीदारी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 519.90 अंक की उछाल के साथ 62,039.00 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने 217.40 अंक की और भी मजबूत बढ़त दर्ज की, जो 19,706.75 पर पहुंचा।

आज सेंसेक्स पैक में, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, बीईएल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक जैसे प्रमुख शेयरों ने हरे निशान में कारोबार किया, जिससे सूचकांक को समर्थन मिला। दूसरी ओर, एचयूएल, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, टीसीएस, एमएंडएम, टाइटन, एनटीपीसी, एचसीएल टेक, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल जैसे कई दिग्गज शेयरों में मुनाफावसूली के चलते गिरावट रही।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की तेज शुरुआत हुई। सेंसेक्स 169 अंकों की बढ़त पर कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी में भी 48 अंकों का उछाल आया।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।**




अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को 32 पैसे की गिरावट के साथ ही 94.03 पर बंद हुआ। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया छह पैसे टूटकर 93.77 प्रति डॉलर पर आ गया। अमेरिकी डॉलर में मजबूती से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में महंगाई तथा रोजगार के नवीनतम आंकड़ों से अमेरिकी कोष बॉन्ड पर प्रतिफल और डॉलर मजबूत हुए हैं। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के साथ घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और विदेशी पूंजी का प्रवाह रुपये को समर्थन दे सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया करीब 93.73 प्रति डॉलर पर खुला। फिर टूटकर 93.77 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को छह पैसे मजबूत होकर 93.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 फीसदी की बढ़त के साथ 103.03 पर आ गया।

## पिछले पांच माह से घरेलू सिलेंडर के दाम अपरिवर्तित

**बांग्लादेश में 52 फीसदी की वृद्धि और पाकिस्तान में भी महंगाई की मार**

**नई दिल्ली ।**

जहां एक ओर भारत में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतें पिछले करीब पांच महीनों से स्थिर बनी हुई हैं, वहीं पड़ोसी देश बांग्लादेश और पाकिस्तान में उपभोक्ताओं को लगातार बढ़ती कीमतों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति भारतीय परिवारों के मासिक बजट के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, जबकि पड़ोसियों के लिए एलपीजी अब एक महंगा बोझ बन गई है। बांग्लादेश में नवंबर में 12 किलो एलपीजी सिलेंडर का दाम 2,060 टका हो गया है, जो फरवरी से अब तक करीब 52 फीसदी की भारी वृद्धि दर्शाता है। पाकिस्तान में भी एलपीजी की कीमतें आसमान छू रही हैं; 11.8 किलो का घरेलू सिलेंडर अब लगभग 3,470 पाकिस्तानी रुपए का हो गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान के कुछ इलाकों में यह खुले बाजार में 600 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है, जो आम जनता के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है। इसके विपरीत, भारत में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम जून 2023 से अपरिवर्तित हैं, दिल्ली में यह 942 रुपए पर कायम है। हालांकि भारत अपनी अधिकांश एलपीजी आयात करता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतें तथा आपूर्ति मार्गों में रुकावट के कारण आयात लागत बढ़ी है, सरकार और सरकारी तेल कंपनियां लागत का बड़ा हिस्सा स्वयं वहन कर रही हैं। जानकारों के मुताबिक, 1,600 रुपए से अधिक की वास्तविक आपूर्ति लागत के बावजूद, ग्राहकों को केवल 942 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं।

# सोने की शुद्धता की गारंटी बढ़ी, 6 और नए जिलों में बढ़ा हॉलमार्किंग का दायरा

**बिहार, दिल्ली, गुजरात, यूपी व उत्तराखंड के जिले शामिल; ग्राहकों को मिलेगी शुद्धता की गारंटी**

**नई दिल्ली ।**

सोने की खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अनिवार्य गोल्ड हॉलमार्किंग का दायरा अब देश के 6 और जिलों तक बढ़ा दिया गया है, जिससे कुल 398 जिलों में बिना हॉलमार्क वाले सोने की बिक्री करना दंडनीय अपराध बन गया है। इस कदम का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को सोने की शुद्धता की शत-प्रतिशत गारंटी के रूप में मिलेगा। उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा हाल ही में जारी अधिसूचना के तहत, भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत यह चौथा संशोधन आदेश लागू किया गया है। इसके बाद, अब 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 398 जिलों में बिना बीआईएस स्टैंडर्ड मार्क और एचयूआईडी (हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन) के सोने के आभूषणों का निर्माण, भंडारण या बिक्री गैरकानूनी मानी जाएगी। नए शामिल किए गए 6 जिलों में बिहार का पश्चिमी चंपारण, दिल्ली का दक्षिण पश्चिम दिल्ली, गुजरात का पंचमहल, उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर और संत कबीर नगर, तथा उत्तराखंड का रुद्रप्रयाग शामिल हैं। यह नियम 14के से 24के तक की विभिन्न शुद्धता वाले सोने के आभूषणों पर लागू है, और इन जिलों के सभी ज्वेलर्स को बीआईएस पोर्टल पर



पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इस विस्तार से ग्राहकों को सोने की खरीद पर धोखाधड़ी से मुक्ति मिलेगी।

हॉलमार्किंग यह सुनिश्चित करती है कि उपभोक्ता जो सोना खरीद रहे हैं, वह बिल पर दर्ज शुद्धता के अनुरूप ही हो। प्रत्येक हॉलमार्क वाले आभूषण पर मौजूद एचयूआईडी नंबर के जरिए, ग्राहक बीआईएस केयर मोबाइल ऐप पर सोने की पूरी जानकारी सत्यापित कर सकते हैं, जिससे खरीद में पूरी पारदर्शिता और विश्वास बना रहेगा।

# भारत को एआई अर्थव्यवस्था में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने की जरूरत

**नई दिल्ली ।**

भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बदल रही वैश्विक अर्थव्यवस्था में केवल निवेश और तकनीकी लाभ हासिल करने वाले देश के बजाय एक सक्रिय भागीदार बनना होगा। विशेषज्ञों के अनुसार एआई कारोबार, रोजगार और काम करने के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। भारत के पास अपनी तकनीकी प्रतिभा व मजबूत घरेलू बाजार के दम पर इस क्षेत्र में नेतृत्व करने का बेहतरीन अवसर है, जबकि अमेरिका और चीन अभी अग्रणी हैं।

भारतीय कंपनियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए नई तकनीकों के अनुरूप खुद को तैयार करना होगा। इस बीच, यूरोप और ब्रिटेन में कुछ कंपनियों के कम मूल्यांकन से भारतीय फर्मों के लिए विदेश में वैश्विक ब्रांड, तकनीक और कारोबारी क्षमताएं हासिल करने के अवसर बढ़े हैं, खासकर औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में।




घरेलू पूंजी बाजार भी मजबूत स्थिति में है, जहां सात-आठ बड़े आईपीओ को मंजूरी मिल चुकी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि उचित मूल्यांकन पर आईपीओ, एफपीओ और ब्लॉक डील के माध्यम से अगले वर्ष भी लगभग 50 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई जा सकती है। विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए बेहतर विकास संभावनाओं वाली कंपनियां और मजबूत कारोबारी माहौल अनुकूल कर व्यवस्था से अधिक महत्वपूर्ण हैं।

## बजाज फाइनेंस क्यूआईपी से 11,700 करोड़ जुटाएगी




**नई दिल्ली ।**

बजाज फाइनेंस ने कारोबार विस्तार के लिए पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 11,700 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने की पेशकश शुरू की।कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की विशेष समिति ने बैठक में पेशकश की शर्तों के अनुरूप पात्र संस्थागत खरीदारों के लिए निर्गम खोलने को मंजूरी दी।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) ने बताया कि समिति ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आईसीडीआर नियमों में निर्धारित मूल्य निर्धारण प्रक्रिया के आधार पर प्रति इक्विटी शेयर 992.25 रुपये का न्यूनतम मूल्य भी तय किया है।

# अमूल-मदर डेयरी ने 2 से 4 रुपए तक बढ़ाए दाम

**12 नवंबर से पूरे देश में नई दरें लागू**

**नइ दिल्ली ।**

महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों को एक और झटका लगा है। देश की दो प्रमुख डेयरी कंपनियों, अमूल और मदर डेयरी, ने 12 नवंबर गुरुवार से दूध की कीमतों में 2 से 4 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह वृद्धि पूरे देश में लागू होगी, जिससे रसोई का बजट और प्रभावित होगा। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के अनुसार अमूल दूध की कीमतों में करीब 4 से 5 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। अमूल ताजा टोंड दूध (3 फीसदी फैट) अब 2 रुपये महंगा होकर 59 रुपये प्रति लीटर मिलेगा, जबकि अमूल गोल्ड (6 फीसदी फैट) की कीमत में 4 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिससे यह 74 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसी तरह, मदर डेयरी ने भी अपनी विभिन्न किस्मों के दाम 2 से 4 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए हैं।




कंपनियों ने इस वृद्धि का कारण दूध उत्पादन और प्रसंस्करण लागत में लगातार हो रही वृद्धि को बताया है। पशु आहार जैसे हरा और सूखा चारा, खली, मक्का और शीरा के दाम बढ़ने के साथ-साथ पैकेजिंग फिल्म और ईंधन की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। जीसीएमएमएफ ने यह भी बताया कि अनियमित बारिश के कारण पशुपालकों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# स्टैंड-अप इंडिया योजना 2031 तक बढ़ी, नए उद्यमियों को मिलेगा लाभ

**केंद्र सरकार ने योजना को 31 मार्च 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को कारोबार शुरू करने में मदद करने वाली स्टैंड-अप इंडिया योजना को 31 मार्च 2031 तक बढ़ा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस विस्तार को मंजूरी दी, साथ ही योजना के तहत दिए जाने वाले कर्ज की गारंटी के लिए 4,111 करोड़ रुपये का फंड भी स्वीकृत किया। इस कदम का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में 2.5 लाख अतिरिक्त उद्यमियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। अप्रैल 2016 में शुरू हुई इस योजना ने अब तक 2.75 लाख से अधिक महिला और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के उद्यमियों को लाभान्वित किया है। इसके तहत पात्र आवेदक 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक का बैंक ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिसका उपयोग नया कारोबार स्थापित करने, मशीनरी खरीदने और शुरुआती खर्चों को पूरा करने में किया जा सकता है। योजना परियोजना की कुल लागत का अधिकतम 85 फीसदी तक ऋण कवर करती है। यह योजना विनिर्माण, सेवा, व्यापार और कृषि से जुड़ी सहायक गतिविधियों में नया उद्यम शुरू करने के लिए सहायक है।

इसका मूल उद्देश्य पूंजी की कमी के कारण कारोबार शुरू करने में असमर्थ लोगों को अवसर प्रदान करना है। सरकार द्वारा स्वीकृत 4,111 करोड़ रुपए का गारंटी फंड ऋण राशि के 85 प्रतिशत तक का कवर प्रदान करेगा, जिसके लिए सामान्य गारंटी शुल्क 0.50 प्रतिशत निर्धारित है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस विस्तार से महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे, हालांकि ऋण की अंतिम मंजूरी आवेदक की पात्रता और बैंक के नियमों पर निर्भर करेगी।

## किसानों को बड़ी राहत,गैर-यूरिया उर्वरकों पर रिकॉर्ड सब्सिडी

**सरकार ने 62,370 करोड़ रुपये किए आवंटित**

**नई दिल्ली ।**



केंद्र सरकार ने किसानों को बढ़ती उर्वरक कीमतों के बोझ से बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। गैर-यूरिया उर्वरकों पर सब्सिडी में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिसके तहत पोषक तत्व आधारित सब्सिडी व्यवस्था के लिए 62,370.02 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस फैसले से चालू वित्त वर्ष में गैर-यूरिया उर्वरकों पर कुल सब्सिडी बढ़कर रिकॉर्ड 1.03 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी, जो बजट अनुमान से 92.41 प्रतिशत अधिक है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतों में तेजी, विशेषकर सल्फर में भारी वृद्धि को देखते हुए उठाया गया है। सरकार ने विशेष रूप से सल्फर पर सब्सिडी में सबसे अधिक बढ़ोतरी की है, जो 2.87 रुपये से बढ़कर लगभग 10.42 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। नाइट्रोजन पर 94.21 रुपये और फॉस्फोरस पर 66.11 रुपये प्रति किलोग्राम सब्सिडी तय की गई है। यह वृद्धि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल, खासकर सल्फर की कीमतों में 213 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के जवाब में की गई है। सरकार ने घरेलू सल्फर और सल्फ्यूरिक एसिड उत्पादकों के लिए भी विशेष सहायता पैकेज घोषित किया है, जिसके तहत उन्हें वास्तविक खरीद लागत का 20 प्रतिशत समर्थन मिलेगा। आयातित और घरेलू ट्रिपल सुपर फॉस्फेट (टीएसपी) तथा आयातित मोनो-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए विशेष प्रावधानों को भी आगे बढ़ाया गया है, साथ ही सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) पर मालभाड़ा सब्सिडी जारी रहेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से जटिल एनपी और एनपीकेएस उर्वरकों की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, जिनका घरेलू उत्पादन लागत बढ़ने के कारण प्रभावित हुआ था। यह निर्णय उर्वरक कंपनियों को उत्पादन बढ़ाने और किसानों को संतुलित पोषक तत्वों वाले उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह में मजबूत उछाल,लक्ष्य का 53 फीसदी

**नई दिल्ली ।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल से 10 नवंबर के बीच देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह 11.76 प्रतिशत बढ़कर लगभग 14.42 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह आंकड़ा सरकार के वार्षिक लक्ष्य का 53 प्रतिशत दर्शाता है, जो राजस्व संग्रह में मजबूत गति का संकेत है। इस अवधि में, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6.32 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि व्यक्तिगत करदाताओं, कंपनियों और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) से प्राप्त शुद्ध गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 7.56 लाख करोड़ रुपये हो गया। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से मिलने वाले राजस्व में 52 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई, जो 54,078 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। सरकार ने इस दौरान करदाताओं को 3.08 लाख करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह 14 प्रतिशत बढ़कर 17.50 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष करों से 26.97 लाख करोड़ रुपये जुटाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिसमें से 10 नवंबर तक 53 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

## कुमामोटो मास्टर्स : लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत ने प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



जापान, एजेंसी। कुमामोटो मास्टर्स जापान 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत ने पुरुष सिंगल्स में अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य ने चीनी ताइपे के खिलाड़ी को सीधे गेम में हराया, जबकि पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 श्रीकांत ने डेनमार्क के खिलाड़ी के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

### लक्ष्य सेन ने सीधे गेम में दर्ज की शानदार जीत

भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने कुमामोटो प्रीफेक्चरल जिम्नेजियम में खेले गए मुकाबले में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 21-19, 21-18 से हराया। यह मुकाबला 49 मिनट तक चला, जिसमें लक्ष्य ने दोनों गेम में शानदार खेल दिखाया। लक्ष्य ने दबाव के बावजूद अपना संयम बनाए रखा और लगातार दो गेम जीतकर अगले दौर में जगह पक्की की। उनकी इस जीत से टूर्नामेंट में भारतीय उम्मीदों को मजबूती मिली है।

### किदांबी श्रीकांत ने वापसी कर जीता मुकाबला

पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किदांबी श्रीकांत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल किया। हालांकि, उनका मुकाबला आसान नहीं रहा। डेनमार्क के रासमस गेमके ने पहला गेम 21-18 से जीतकर श्रीकांत पर दबाव बना दिया था। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की और दूसरा गेम 21-16 से अपने नाम किया। निर्णायक तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन श्रीकांत ने 24-22 से गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह मैच कुल 1 घंटे 8 मिनट तक चला।

### BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स की रेस में लक्ष्य सेन की नजरें

लक्ष्य सेन के लिए यह टूर्नामेंट काफी अहम है। हाल ही में हायलो ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्होंने BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स की रेस में आठ स्थान की छलांग लगाई और 10वें नंबर पर पहुंच गए। अब लक्ष्य की नजरें टॉप-8 में जगह बनाने पर हैं, ताकि वह सीजन के आखिर में होने वाले BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई कर सकें। यह टूर्नामेंट चीन में 9 से 13 दिसंबर तक आयोजित होना है।

### मिक्स्ड डबल्स में भारतीय जोड़ियों को मिली हार

पुरुष सिंगल्स में भारत को सफलता मिली, लेकिन मिक्स्ड डबल्स में भारतीय जोड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। ध्रुव रावत और मनीषा के की जोड़ी को चीनी ताइपे की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चान के खिलाफ 21-16, 14-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।
वहीं, तनिषा क्रास्टो और हरिहरन अमसाकरुणन की जोड़ी भी मुकाबला नहीं जीत सकी। उन्हें चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी जियांग झेनबांग और वेई याशिन ने 21-7, 21-9 से सीधे गेम में हराया।

# श्रेयस अय्यर की कप्तानी में न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे एकदिवसीय में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**माउंट मौनगानुई , एजेंसी।** भारतीय टीम यहां मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले चौथे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम इस सीरीज में 2-0 से आगे हैं। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा करना रहेगा। इस मैच में उतरते ही भारतीय टीम बदली-बदली नजर आयेगी। इस अहम मैच में युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पहली बार एकदिवसीय प्रारुप में भारतीय टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। वहीं 19 नवंबर से होने वाली टेस्ट सीरीज को देखते हुए नियमित कप्तान शुभमन गिल , केएल राहुल, सहित कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। ऐसे में ईशान किशन टीम में विकेटकीपर की मुख्य भूमिका भी निभाएंगे। इसके अलावा युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा, कुमार कुशाग्र और तेज गेंदबाज यश ठाकुर को अंतिम दो मैचों के लिए दल में शामिल किया गया है। वहीं, औकिब नबी को भी



बरकरार रखा गया है। अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली भी दोनो मैचों में बने रहेंगे।
वहीं, न्यूजीलैंड भी अपने घरेलू मैदान और हालातों का लाभ उठाकर भारतीय टीम को कड़ी टक्कर देना चाहेगा। यह मुकाबला दोनों देशों के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बेहद रोमांचक होने वाला है। मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली टीम आखिरी दोनों मुकाबले जीतकर सीरीज को बराबरी पर समाप्त करना चाहेगी। इससे पहले उन्होंने टीम में बदलाव किए हैं। इसके तहत ही ब्रेट रैंडेल को न्यूजीलैंड ने चौथे और पांचवें एकदिवसीय मैच के लिए अपनी टीम के साथ जोड़ा है। 31 वर्षीय इस गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई है। उन्होंने अब तक 55 लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें 100 विकेट अपने नाम किए हैं। इस दौरान उन्होंने चार बार 5 विकेट भी लिए हैं। इस तेज गेंदबाज के भारत के खिलाफ इस सीरीज में डेब्यू करने की उम्मीद है।

### टीम इस प्रकार है

**भारतीय टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, तिलक वर्मा, नमन धीर, ऋतुराज गायकवाड़, अक्षर पटेल, ईशान किशन (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), आकिब नबी डार, गुरनूर बराड़, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, यश ठाकुर और कुलदीप यादव।
**न्यूजीलैंड टीम-** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, विल यंग, माइकल ब्रेसवेल, निक कैली, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मिचेल हे (विकेटकीपर), टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), क्रिस्टियन क्लार्क, जैकब डफी, मैथ्यू फिशर, मैट हेनरी और काइल जैमीसन।

# अंडर-19 एशिया कप- भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया



- लक्ष, आर्यवीर और विनीन ने लगाय अर्धशतक

**अल अमरात , एजेंसी ।** कप्तान लक्ष्य राजेश रायचंदानी, आर्यवीर सहवाग और वीके विनीत के अच्छे प्रदर्शन से भारतीय टीम ने अंडर-19 पुरुष एशिया कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम को 228 रनों का लक्ष्य दिया था। जिसे भारतीय टीम ने केवल 36.5 ओवरों में ही केवल दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक 93 रन लक्ष्य ने बनाये। इसके अलावा आर्यवीर और विनीत ने भी अर्धशतक लगाये।
इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाए। उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही, जहां अब्दुल्लाह नादरजान 14 और फरीदुल्लाह एहसास 13 रन ही बना पाये। हालांकि, सुभान जखैल ने 31 रन की पारी खेलकर पारी को संभालने की कोशिश की। बाद में, नुमान सालारजई और शाह फैसल रहीमी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 51-51 रनों की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। कप्तान सोहेल खान 36 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे टीम 227 रन बनाने में सफल रही। भारतीय गेंदबाजों में ईशान सूद सबसे सफल रहे, जिन्होंने अपने नौ ओवर में 43 रन देकर तीन विकेट लिए। आर्यन सावसानी ने दो विकेट लिए, जबकि काव्या पटेल, यशवर्धन चौहान और अर्जुन राजपूत को एक-एक सफलता मिली।
इसके बाद जीत के लिए मिले 228 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग ने जबरदस्त शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 117 रनों की शानदार साझेदारी की। आर्यवीर सहवाग ने 57 गेंदों में 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जिसमें चार चौके और चार छक्के शामिल थे। उनके आउट होने के बाद, लक्ष्य ने वीके विनीत के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने 90 गेंदों में 93 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 13 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वह अपने शतक से मात्र सात रन से चूक गए और टीम के 194 रन के स्कोर पर आउट हुए। इसके बाद, वीके विनीत ने 62 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। यशवर्धन चौहान ने भी 14 गेंदों में तेज 16 रन बनाकर नाबाद रहे, और भारत ने 36.5 ओवर में 230 रन बनाकर मुकाबले को आसानी से अपने नाम कर लिया।
इस बड़ी जीत के साथ भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप 2026 के फाइनल में पहुंच गयी है जहां अब उसका मुकाबला पहले सेमीफाइल की विजेता पाकिस्तान से होगा। खिताबी शनिवार, 14 नवंबर को अल अमरात में भारतीय समयानुसार सुबह 10-30 बजे से शुरू होगा

# आईपीएल2027: हार्दिक को लंबे समय तक पंजाब किंग्स के साथ रखना चाहते हैं: नेस वाडिया

**लखनऊ , एजेंसी ।** नई दिल्ली- आईपीएल 2027 से पहले पंजाब किंग्स ने अपनी टीम में बड़ा बदलाव करते हुए मुंबई इंडियंस से स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को ट्रेड कर लिया है। पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया ने हार्दिक को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने साफ कहा है कि फ्रेंचाइजी हार्दिक को लंबे समय तक अपने साथ बनाए रखना चाहती है। साथ ही उन्हें भरोसा है कि पंजाब की टीम में फैंस को हार्दिक का एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा।

### हार्दिक को लेकर नेस वाडिया का बड़ा बयान

नेस वाडिया ने हार्दिक पंड्या के साथ अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों इस साझेदारी को लेकर गंभीर हैं। उनके मुताबिक, हार्दिक पंजाब किंग्स के साथ जुड़ने को लेकर काफी उत्साहित हैं और टीम को अपना अनुभव देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पीटीआई से कहा, 'हम दोनों इस साझेदारी को लेकर बेहद गंभीर हैं। मेरी हार्दिक से अच्छी बातचीत हुई है। वह पूरी तरह से तैयार हैं और मेरा मानना है कि यहां आपको एक अलग तरह के हार्दिक पंड्या देखने को मिलेंगे।'

### पंजाब किंग्स को हार्दिक से क्या उम्मीदें?

नेस वाडिया का मानना है कि हार्दिक पंड्या का अनुभव पंजाब किंग्स के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अलावा मैदान पर अपने अनुभव से भी टीम को मजबूती देंगे। वाडिया के मुताबिक, हार्दिक का जुड़ना सिर्फ खिलाड़ियों की अदला-बदली नहीं, बल्कि टीम को खिताब जिताने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
उन्होंने कहा, 'वह अपना अनुभव हमारे साथ साझा करने को लेकर बेहद उत्सुक



हैं। इससे हमारी टीम को मजबूती मिलेगी तथा मैदान पर श्रेयस और मैदान के बाहर रिकी (मुख्य कोच रिकी पोंटिंग) और सभी को काफी मदद मिलेगी।'

### क्या श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलेंगे हार्दिक?

हार्दिक पंड्या पहले गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए टीम को आईपीएल चैंपियन बना चुके हैं। ऐसे में उनके पंजाब किंग्स में आने के बाद कप्तानी को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई थीं। हालांकि नेस वाडिया ने स्पष्ट किया कि हार्दिक को श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने में कोई परेशानी नहीं होगी।
नेस वाडिया ने कहा, 'श्रेयस के हार्दिक के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। रिकी ने भी पहले हार्दिक के साथ काम किया है। यह हम सभी के लिए फायदेमंद है। हमारा मानना था कि हमें चीजों को बेहतर बनाने की जरूरत है और इसलिए हमें हार्दिक को टीम से जोड़ना अच्छा सौदा लगा।'

# निशानेबाज नीरज ने विश्व चैंपियनशिप में जीता कांस्य, 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा मिला

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज नीरज कुमार ने बुधवार को दोहा में हुए आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। नीरज ने अपने इस प्रदर्शन के साथ ही भारत ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए अपना दूसरा कोटा स्थान भी सुनिश्चित कर लिया है। यह उपलब्धि भारतीय निशानेबाजी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।
फाइनल मुकाबले में नीरज ने कुल 346.5 अंक हासिल किए। वह रजत पदक जीतने की दौड़ में शामिले थे पर अंतिम दौर में 9.4 अंक के एक मामूली निशाने के कारण वह दूसरे स्थान से खिसक गये और उन्हें कांस्य पदक ही मिला। बावजूद इसके, उनका यह प्रदर्शन भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ, क्योंकि इससे भारत को आगामी ओलंपिक खेलों में भागीदारी के लिए एक और कोटा स्थान मिल गया।
इससे पहले, भारतीय निशानेबाज जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश के लिए पहला ओलंपिक कोटा हासिल किया था। नीरज की इस सफलता से अब भारत के खाते में दो ओलंपिक कोटा हो गए हैं, जो भारतीय निशानेबाजी के लिए एक सकारात्मक संकेत है और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए उत्साहजनक माहौल बनाता है। इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी दिमित्री पिमेनोव ने जीता, जिन्होंने फाइनल में प्रभावशाली 362.8 अंक हासिल करते हुए नया विश्व जूनियर रिकॉर्ड भी स्थापित किया। पिमेनोव ने भी अपने प्रदर्शन के दम पर लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। वहीं स्लोवाकिया के निशानेबाज पैट्रिक जानी ने शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया और वे भी ओलंपिक कोटा प्राप्त करने में सफल रहे। भारत के ही एक अन्य निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे थे पर वह पदक जीतने में असफल रहे और 323.7 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।



## आईपीएल 2027 मिनी नीलामी के लिए मुस्तफिजुर सहित सात बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने नाम दिये

**मुम्बई , एजेंसी ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 के आगामी मिनी नीलामी में इस बार बांग्लादेश के 7 खिलाड़ी शामिल है। जिसमें एक नाम तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान का भी है। ये वही मुस्तफिजुर रहमान हैं, जो पिछले सत्र में विवादों में रहने के कारण आईपीएल से बाहर कर दिये गये थे।




पिछले साल, आईपीएल 2026 से पहले, कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुस्तफिजुर को अपनी टीम में शामिल किया था। हालांकि, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों की खबरों के मद्देनजर उपजे विरोध प्रदर्शनों के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के हस्तक्षेप के बाद, फ्रेंचाइजी ने सीजन की शुरुआत से पहले ही मुस्तफिजुर को बाहर कर दिया था। इस घटना ने दोनों देशों के क्रिकेट संबंधों में काफी खटास पैदा कर दी थी और एक बड़ा राजनीतिक-सामाजिक विवाद खड़ा हो गया था।
इस घटना के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की तरफ से भी कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। भारत द्वारा 2026 टी20 विश्व कप की मेजबानी का बांग्लादेश ने बहिष्कार किया था।
अब, लगभग दस महीने बाद हालातों में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। आगामी आईपीएल 2027 सीजन के लिए 16 दिसंबर को होने वाले मिनी निलामी के लिए बीसीसीआई ने विभिन्न क्रिकेट बोर्ड्स से खिलाड़ियों की सूची मांगी थी, जिसमें बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड भी शामिल रहा। ऐसे में एक रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश के सात खिलाड़ियों ने इस नीलामी के लिए अपना नाम पंजीकृत कराया है। इसमें मुस्तफिजुर रहमान के अलावा, नाहिद राणा, रिशाद हुसैन, हसन महमूद, तौहीद हृदोय, तस्कीन अहमद और शोरफुल इस्लाम शामिल हैं।आईपीएल प्रबंधन की तरफ से नीलामी में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक सूची अभी जारी नहीं की गई है। इस सूची को जारी होने में अभी कुछ वक्त लगेगा, क्योंकि सभी 10 फ्रेंचाइजी पहले अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी करेंगी और रिलीज किए गए खिलाड़ी भी ऑक्शन पूल का हिस्सा बनेंगे।

# डब्ल्यूटीए फाइनल्स : सबालेंका को हराकर मीरा एंड्रीवा सेमीफाइनल में पहुंची

### ये उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की पांचवीं खिलाड़ी बनी

**इंडियन वेल्स , एजेंसी ।** रुस की महिला टेनिस स्टार मीरा एंड्रीवा ने बेलारुस की एरिना सबालेंका को हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स में प्रवेश किया है। इस रोमांचक मुकाबले में एंड्रीवा ने सबालेंका को सीधे सेटों में 6-4, 6-0 से पराजित किया। एक घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मुकाबले में एंड्रीवा ने अंतिम 11 गेम जीतकर 55 में से 45 अंक हासिल किए। इस जीत के साथ ही वह 2009 में कैरोलिन वोज्नियाकी के बाद डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। वह साल 2003 में मौजूदा राउंड-रॉबिन फॉर्मेट शुरू होने के बाद से सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पांचवीं कम उम्र की पांचवीं खिलाड़ी हैं। उनसे पहले मारिया शारापोवा, एना इवानोविच, वोज्नियाकी और कोको गॉफ ने यह उपलब्धि हासिल की थी।
एंड्रीवा ने अपने शुरुआती राउंड-रॉबिन मैच में एलिना स्वितोलिना को 6-4, 6-0 से हराने के साथ ही एक और रिकार्ड अपने नाम किया है। एंड्रीवा टूर्नामेंट के इतिहास में पहली ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने अपने पहले दो डब्ल्यूटीए फाइनल्स मैचों में से प्रत्येक में 6-0 से एक सेट जीता है। इस डब्ल्यूटीए फाइनल्स में टॉप 10 में अपनी पहली जीत पक्की करने के बाद, एंड्रीवा ने इस सप्ताह दो और शीर्ष 10 खिलाड़ियों को हराया। यह उनके करियर में तीसरी बार है जब उन्होंने किसी एक ही इवेंट में कई शीर्ष 10 खिलाड़ियों को हराया है। इससे पहले उन्होंने 2025 में दुबई और इंडियन वेल्स में भी खिताबा जीता था।
वहीं हार के बाद भी सबालेंका बाहर नहीं हुई हैं और सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं। वह और एलिना स्वितोलिना शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में टकरायेंगी। - स्वितोलिना ने अपने मुकाबले में कैरोलिना मुचोवा को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6, 6-2, 6-2 से हराया था। इस जीत के साथ, स्वितोलिना को शुक्रवार को सबालेंका के खिलाफ अपने ग्रुप स्टेज के फाइनल मुकाबले को जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाने का अवसर मिलेगा।
यह डब्ल्यूटीए फाइनल्स में स्वितोलिना की 11वीं जीत थी और 2019 के बाद यह उनकी पहली जीत है। वह तीन सेट के मैचों में डब्ल्यूटीए फाइनल्स में 6-1 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ आगे बढ़ रही हैं। दूसरी ओर अपने दोनों मुकाबले हारने के कारण मुचोवा सेमीफाइनल की दौड़ समाप्त हो गई।



# आईपीएल 2027: दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी नहीं करना चाहते अक्षर

**मुम्बई, एजेंसी ।** आईपीएल 2027 सत्र की तैयारी में लगी दिल्ली कैपिटल्स को अब एक नये कप्तान की तलाश करनी होगी। इसका कारण ये है कि पिछले दो सत्र से कप्तान रहे अक्षर पटेल अब अपने पद को छोड़ना चाहते हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली कैपिटल्स का टीम प्रबंधन चाहता है कि अक्षर कप्तान बने रहें। इसी कारण उन्हें पद न छोड़ने के लिए मनाया जा रहा है। वहीं माना जा रहा है कि अक्षर की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स पिछले दोनों ही सीजनों (आईपीएल 2025 और 2026) में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में असफल रही है, जिसने उनकी कप्तानी पर सवाल खड़े किए हैं। इसी कारण वह ये जिम्मेदारी छोड़ना चाहते हैं।
कप्तानी ही नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी के तौर पर भी अक्षर का प्रदर्शन पिछले कुछ सत्रों में में उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। आईपीएल 2026 में, उन्होंने 11 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए केवल 173 रन बनाए थे, जो एक ऑलराउंडर के लिए काफी कम हैं। वहीं इससे पहले आईपीएल 2025 के सत्र में उनकी गेंदबाजी भी प्रभावी नहीं रही थी और वह 11 पारियों में केवल 5 विकेट ही ले पाए थे। ऐसे में, कप्तानी के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत फॉर्म को लेकर भी सवाल उठ रहे थे।
वहीं रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया है कि अन्य कुछ फ्रेंचाइजी ने अक्षर को ट्रेड के जरिए अपनी टीम में शामिल करने की इच्छा जताई थी, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स ने ऐसे सभी प्रस्तावों को सिरे से नकार दिया है। अगर अक्षर नहीं मानते हैं तो इस स्थिति में, दिल्ली कैपिटल्स के पास एक मजबूत विकल्प के तौर पर ऋषभ पंत मौजूद हैं, जिन्हें फिर से कप्तान बनाया जा सकता है। लखनऊ फ्रेंचाइजी में कुछ साल कप्तानी के अनुभव के बाद ऋषभ की हाल ही में ट्रेड के जरिए दिल्ली कैपिटल्स में वापसी हुई है। उनकी नेतृत्व क्षमता और टीम के साथ पुराना जुड़ाव उन्हें इस भूमिका के लिए एक आदर्श उम्मीदवार बनाता है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि दिल्ली कैपिटल्स का प्रबंधन इस कप्तानी के पेच को कैसे सुलझाता है और आईपीएल 2027 के लिए टीम की बागडोर अंततः किसके हाथ में सौंपता है।



## मणिपुर में सुरक्षाबलों ने हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा किया बरामद

- इसमें रॉकेट, चीन में बने चार मोर्टार और छह इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक बड़े ऑपरेशन के दौरान हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है। इसमें करीब 10 फीट लंबा रॉकेट, चीन में बने चार मोर्टार और छह इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई बुधवार को कांगवई सब-डिवीजन के पी जेलजांग गांव के आसपास जंगल में की गई। खुफिया जानकारी मिलने के बाद जिला पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया था। इसी दौरान जंगल में छिपाकर रखे गए हथियार और विस्फोटक मिले। पुलिस के मुताबिक तलाशी में चार 82 एमएम के मोर्टार मिले, जो चीन में बने हैं। इसके अलावा पांच चीनी ग्रेनेड, एक सीएमजी, एक पिस्टल और दो सिंगल बैरल राइफल भी बरामद की गईं। सुरक्षाबलों को अलग-अलग क्षमता के कुल 30 मोर्टार बम भी मिले। इनमें 82एमएम और 51 एमएम के बम शामिल हैं। इसके साथ ही 5.6एमएम के पांच कारतूस भी बरामद किए गए। इतनी बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों के लिए इनके स्रोत और इस्तेमाल की जांच में जुटी हैं।

## धान कटाई सीजन में अब तक पंजाब में पराली जलाने की 5,517 घटनाएं दर्ज

- प्रशासन ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 85.90 लाख का पर्यावरण जुर्माना लगाया

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब में धान की कटाई के साथ ही पराली जलाने की घटनाएं एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगी हैं। 11 नवंबर को राज्य में पराली जलाने के 515 नए मामले सामने आए। इससे पहले 10 नवंबर को 345 घटनाएं दर्ज की गई थीं यानी एक ही दिन में पराली जलाने के मामलों में 170 की बढ़ोतरी हुई। 15 सितंबर से शुरू हुए मौजूदा धान कटाई सीजन में अब तक पंजाब में पराली जलाने की कुल 5,517 घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं। पिछले साल के मुकाबले इस बार पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। 11 नवंबर 2025 तक राज्य में 4,507 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि इस साल इसी अवधि में यह आंकड़ा बढ़कर 5,517 हो गया है यानी पिछले साल की तुलना में इस बार 1,010 ज्यादा घटनाएं सामने आई हैं. जोकि बेहद चिंताजनक है। पराली जलाने के मामलों में पंजाब के पांच जिले सबसे आगे हैं। फिरोजपुर 728 घटनाओं के साथ पहले स्थान पर है। तरनतारन में 687, संगरूर में 628, बठिंडा में 499 और पटियाला में 374 मामले दर्ज किए गए हैं। इन पांच जिलों में ही राज्य में पराली जलाने की कुल घटनाओं का आधे से ज्यादा हिस्सा सामने आया है. ये जिले इस सीजन में पराली जलाने के प्रमुख हॉटस्पॉट बने हुए हैं।

## सोलापुर हवाई अड्डे पर ट्रेनिंग विमान की हार्ड लैंडिंग, रनवे पर फंसा विमान, महिला पायलट सुरक्षित

सोलापुर, एजेंसी। महाराष्ट्र के सोलापुर हवाई अड्डे पर गुरुवार को एक बड़ा विमान हादसा होते-होते टल गया। पायलट प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जा रहे एक छोटे विमान की रनवे पर अचानक हार्ड लैंडिंग हो गई। लैंडिंग इतनी जोरदार थी कि विमान असंतुलित होकर रनवे पर ही एक तरफ झुक गया और वहीं फंस गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। विमान उड़ा रही महिला प्रशिक्षु पायलट पूरी तरह सुरक्षित बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेडबर्ड एविएशन ट्रेनिंग अकादमी में पायलट का प्रशिक्षण ले रही एक महिला प्रशिक्षु गुरुवार को अपनी सोलो क्रॉस कंट्री उड़ान पर थी। यह एक लंबी दूरी की उड़ान थी, जिसमें प्रशिक्षु पायलट अकेले विमान उड़ाती है। इसी दौरान जब वह सोलापुर हवाई अड्डे पर विमान उतार रही थी, तभी अचानक विमान का संतुलन बिगड़ गया और उसकी जोरदार हार्ड लैंडिंग हुई। इसके बाद विमान रनवे पर ही एक खतरनाक स्थिति में फंस गया।

# विकास और विरासत की थीम पर सजेगा भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 600 स्टार्टअप दिखाएंगे युवाओं का हुनर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



देश की तरक्की, नई तकनीक, कारोबार और सांस्कृतिक विरासत की झलक इस बार भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में एक ही मंच पर देखने को मिलेगी. दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले 45वें व्यापार मेले में इस बार युवाओं के नवाचार और भारतीय स्टार्टअप को विशेष महत्व दिया गया है. पहली बार करीब 600 स्टार्टअप अपने उत्पादों और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे. वहीं, 11 देशों और भागीदारी करने वाली अंतरराष्ट्रीय इकाइयों के प्रदर्शक भी मेले में शामिल होंगे. इनमें थाईलैंड, ईरान, घाना, नेपाल, अफगानिस्तान, दुबई (यूएई), तुर्किये, चीन, श्रीलंका, बांग्लादेश और ट्यूनीशिया हैं. विदेशी प्रदर्शक अपने उत्पादों और सेवाओं को भारतीय कारोबारियों और आगंतुकों के सामने रखेंगे. इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कारोबारी संबंधों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है. इस साल मेले की थीम 'विकास और विरासत' रखी गई है. व्यापार के अध्यक्ष जावेद अशरफ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस बार मेले को देश के विकास, तकनीकी बदलाव और सांस्कृतिक विविधता का प्रतिबिंब बनाने की कोशिश की गई है.

इस बार व्यापार मेले में युवाओं की प्रतिभा और उनके नए विचारों को खास जगह दी गई है. हॉल नंबर-14 के पहले तल पर 'हॉल ऑफ इंस्पिरेशन' बनाया जाएगा. इसमें करीब 600 स्टार्टअप हिस्सा लेंगे. ये स्टार्टअप डीप टेक, एग्रीटेक, ड्रोन, स्पेस टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और एजुकेशन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अपने काम का प्रदर्शन करेंगे. जावेद अशरफ ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल नए उत्पादों को दिखाना नहीं, बल्कि युवाओं को नवाचार और उद्यमिता के लिए प्रेरित करना भी है. यहां युवा देख सकेंगे कि किस तरह नए विचारों और तकनीक के माध्यम से कारोबार के नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं. इस बार मेले में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी भी रहेगी. थाईलैंड, ईरान, घाना, नेपाल, अफगानिस्तान, दुबई (यूएई), तुर्किये, चीन, श्रीलंका, बांग्लादेश और ट्यूनीशिया के प्रदर्शक अपने उत्पाद और सेवाएं पेश करेंगे. इनके लिए देशवार पवेलियन और प्रदर्शनी की व्यवस्था होगी. विदेशी कारोबारी भारतीय कंपनियों और कारोबारियों से सीधे बातचीत कर सकेंगे. इससे नए बाजार तलाशने, व्यापारिक समझौते करने और अंतरराष्ट्रीय कारोबारी नेटवर्क विकसित करने के अवसर मिलेंगे. मेले के जरिए भारतीय कारोबारियों को भी दूसरे देशों के उत्पादों और व्यापारिक संभावनाओं को समझने का मौका मिलेगा.

भारतीय स्टार्टअप को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं. जावेद अशरफ ने बताया कि पेरिस में आयोजित विवा टेक जैसे बड़े तकनीकी आयोजन में भारतीय स्टार्टअप ने प्रभावशाली भागीदारी की है. इसके अलावा खाद्य क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भी भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप मिला. मेले में इस बार 'प्लेवर्स एट वंडरकॉन' भी आकर्षण का केंद्र रहेगा. यह एक डिजिटल और इंटरैक्टिव अनुभव होगा, जिसमें मनोरंजन के साथ शिक्षा को भी शामिल किया गया है. यहां युवा, बच्चे और परिवार के लोग नई तकनीक से जुड़े अनुभव हासिल कर सकेंगे. इसका उद्देश्य युवाओं की मेले में भागीदारी बढ़ाना और उन्हें डिजिटल दुनिया के नए बदलावों से जोड़ना है. मेले में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पवेलियन भी बनाया जाएगा. इसमें 21 राज्यों के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे. इस पहल का उद्देश्य हर जिले की खास पहचान, पारंपरिक कला, हस्तशिल्प, खानपान और स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देना है. इससे स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को अपने उत्पाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा. 14 से 18 नवंबर तक कारोबारी दिवस, 19 से आम लोगों की एंट्रीः 45वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्घाटन 13 नवंबर की शाम को होगा. मेला 14 से 27 नवंबर तक चलेगा. 14 से 18 नवंबर तक कारोबारी दिवस होंगे, जबकि 19 से 27 नवंबर तक आम लोग मेले में प्रवेश कर सकेंगे. मेले में प्रवेश के लिए टिकट दरें निर्धारित कर दी गई हैं. सामान्य दिनों में वयस्कों के लिए टिकट 100 रुपये और बच्चों के लिए 50 रुपये होगा.

## पीएम मोदी के बेंगलुरु और मैसूरु दौरे को लेकर सुरक्षा कड़ी, हजारों पुलिसकर्मी तैनात

- कई इलाके अस्थायी नो-फ्लाई जोन घोषित, ड्रोन और उड़ने वाली वस्तुएं रहेंगी बैन

**बेंगलुरु , एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को प्रस्तावित कर्नाटक दौरे को देखते हुए बेंगलुरु और मैसूरु में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एसपीजी की टीम भी पूरे सुरक्षा इंतजाम पर नजर रख रही है। पीएम के आने-जाने वाले रास्तों, कार्यक्रम स्थलों और आसपास के संवेदनशील इलाकों की गहन जांच की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था में तीन संयुक्त पुलिस आयुक्त, 15 पुलिस उपायुक्त, 20 सहायक पुलिस आयुक्त, 30 पुलिस निरीक्षक, 100 से ज्यादा उपनिरीक्षक और एक हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। एसपीजी की टीम करीब 10 दिन पहले ही शहर पहुंच गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी के काफिले के गुजरने वाले मार्गों पर स्थित ऊंची इमारतों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। आसपास के अपार्टमेंट की भी जांच की गई। पुलिस ने अपार्टमेंट प्रबंधन को निर्देश दिया है कि किसी भी नए या संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि की जानकारी तत्काल अधिकारियों को दें। इसके अलावा मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उनकी कार्यक्षमता तय करें। सुरक्षा के मद्देनजर बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त ने शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक तीन तय स्थानों के एक किलोमीटर के दायरे में अस्थायी नो-फ्लाई जोन घोषित किया है। इस दौरान ड्रोन और अन्य उड़ने वाली वस्तुओं पर प्रतिबंध रहेगा। पीएम मोदी अपने दौरे की शुरुआत आरए मंदुरकर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा प्रशिक्षण केंद्र परिसर के हेलीपैड से करेंगे। इसके बाद वे तावरेकेरे मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद पीएम मैसूरु पहुंचकर चामुंडी पहाड़ी की तलहटी में विकसित भारत वन का उद्घाटन करेंगे। यह वन नम्मा मैसूरु, नम्मा कोडुगे पहल के तहत तैयार किया गया है। इसके अलावा वे भारत के पहले झुके हुए गुंबद वाले एलईडी तारामंडल का उद्घाटन करेंगे। भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान और मैसूरु विश्वविद्यालय ने इसे 118 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया है। इसमें करीब 150 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। कार्यक्रमों के बाद पीएम मोदी हवाई अड्डे से भारतीय वायुसेना के विमान से दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर : किश्तवाड़ में लापता हुए दोनों एसपीओ के मिले शव, गोली मारकर की गई हत्या

**श्रीनगर, एजेंसी।**



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह स्थित देहरना जंगल में लापता हुए दो स्पेशल पुलिस ऑफिसर के शव बरामद किए गए हैं। दोनों जवानों की पहचान ऋषिपाल और बॉबी चंद के रूप में हुई है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, दोनों के शरीर पर गोलियों के निशान मिले हैं। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो पुलिस जवानों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। दोनों जवान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का हिस्सा थे और ड्यूटी के दौरान लापता हो गए थे। सूत्रों के मुताबिक, मारवाह के देहरना जंगल इलाके में दोनों के शव बरामद हुए हैं। उनके शरीर पर गोलियों के निशान मिलने की बात सामने आई है। मृत जवानों की पहचान ऋषिपाल और बॉबी चंद के रूप में हुई है। दोनों कियार दच्छन से अपर रिज देहरना के इंदरवन इलाके में बसनान स्थित सेना की 17 राष्ट्रीय राइफल्स की टीम को रिलीव करने जा रहे थे। हालांकि, वे निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंचे थे। इसके बाद उनकी तलाश के लिए पुलिस और सेना ने संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

जानकारी के मुताबिक, दोनों जवान कियार कैंप से ढारना-मारवाह स्थित सेना की चौकी के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में देहरना जंगल क्षेत्र में करीब दोपहर 3:30 बजे फायरिंग की आवाज सुनाई दी थी। इसी दौरान इलाके में मोबाइल नेटवर्क भी बाधित हुआ था। शुरूआत में दोनों जवानों के मोबाइल फोन पर संपर्क हो रहा था, लेकिन बाद में उनके नंबर बंद हो गए। इसके बाद पुलिस और सेना की राष्ट्रीय राइफल्स ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। दुर्गम पहाड़ी और घने जंगलों में सुरक्षा बलों की कई टीमें तैनात की गई थीं। गुरुवार को तलाशी अभियान के दौरान दोनों के शव बरामद होने की खबर सामने आई। दोनों जवानों के शरीर पर गोलियों के निशान मिलने से उनकी हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, घटना के पीछे किसका हाथ है और वारदात किन परिस्थितियों में हुई, इसकी आधिकारिक पुष्टि और विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

## अजित पवार प्लेन क्रैश: एनसीपी के शक ने महाराष्ट्र में मचाई खलबली

मुंबई,एजेंसी। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रदेश प्रवक्ता उमेश पाटिल ने महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी चीफ मिनिस्टर अजित पवार के प्लेन क्रैश को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। पाटिल ने इस हादसे को कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि एक सोची समझी साजिश करार दिया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके पास इस दावे को साबित करने वाला कोई पुख्ता सबूत फिलहाल मौजूद नहीं है। महाराष्ट्र के विभिन्न हलकों में इस क्रैश को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं, और सरकारी जांच एजेंसियां मामले की गहनता से पड़ताल कर रही हैं। पाटिल ने अपनी गट फीलिंग के आधार पर कहा, मेरे हिसाब से अजित दादा के साथ जो हुआ, वह हादसा नहीं बल्कि साजिश थी। उन्होंने आगे बताया कि वे और पार्टी के कई सहयोगी पिछले 20 से 25 सालों से अजित पवार से जुड़े रहे हैं। अलग-अलग घटनाओं और परिस्थितियों को एक साथ जोड़ने पर उन्हें लगता है कि इसमें साजिश की पूरी संभावना है। पाटिल ने जोर देकर कहा कि प्लेन क्रैश के तकनीकी पहलुओं की पूरी जांच किए बिना किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। उन्होंने माना कि क्रैश की परिस्थितियों पर उनके भी कुछ सवाल हैं, लेकिन जांच काफी आगे बढ़ने के बाद ही कुछ और कहना सही होगा। यह घटना 28 जनवरी 2026 की है, जब अजित पवार मुंबई से बारामती के लिए रवाना हुए थे। वे जिले की जिला परिषद चुनाव की रैलियों को संबोधित करने वाले थे। वे दिल्ली की एक निजी चार्टर कंपनी वीएसआर वेंचर्स के बमबार्डियर लियरजेट 45 में सवार थे। विमान में अजित पवार समेत कुल पांच लोग यात्रा कर रहे थे। विमान ने सुबह करीब 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। बारामती एयरपोर्ट पर कम विजिबिलिटी के कारण पहली लैंडिंग की कोशिश असफल रही। दूसरी कोशिश के दौरान विमान रनवे थ्रेशोल्ड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें भीषण आग लग गई। इस दुखद हादसे में विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# अरविंद केजरीवाल और उनकी बेटी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी : 7 करोड़ की मांगी रंगदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर तिलक नगर से 'आप' विधायक जरनैल सिंह के फोन पर व्हाट्सएप मैसेज और कॉल के जरिए 7 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर जान से मारने की धमकी दी गई है। आरोपी ने तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक जरनैल सिंह के मोबाइल नंबर पर कॉल और व्हाट्सएप मैसेज भेजकर 7 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की है। पैसे न मिलने पर केजरीवाल और उनकी बेटी हर्षिता केजरीवाल को जान से खत्म करने की धमकी दी गई है। इस गंभीर मामले में मोहाली के साइबर क्राइम थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

मोहाली के एसएसपी को दी गई शिकायत में विधायक जरनैल सिंह ने बताया कि 6 नवंबर को उनके निजी मोबाइल नंबर पर एक धमकी भरा कॉल आया और व्हाट्सएप पर भी संदेश भेजा गया। व्हाट्सएप पर भेजने वाले आरोपी की प्रोफाइल पर 'एच' नाम दिख रहा था। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल को 7 करोड़ रुपये देने के लिए कहें, अन्यथा उन्हें और उनकी बेटी को जान से मार दिया जाएगा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्राथमिक जांच की और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(4), 351(2), 351(3), 351(4), 111(2) और आईटी अधिनियम की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज कर लिया। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर सुनील कुमार इस पूरे मामले की तफ्तीश कर रहे हैं। शिकायतकर्ता विधायक ने पुलिस से मांग की है कि आरोपी के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल रिकॉर्ड, आईपी लॉग और उसकी लोकेशन को तुरंत ट्रेस किया जाए। इसके अलावा, इस साजिश में शामिल अन्य लोगों का पता लगाकर उनकी गिरफ्तारी करने और धमकी को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के साथ तालमेल बिठाकर अरविंद केजरीवाल व उनके परिवार की सुरक्षा पुख्ता करने का आग्रह किया गया है। पुलिस को व्हाट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट भी सौंप दिए गए हैं।

# सैम पित्रोदा ने की पीएम मोदी की तारीफ, बोले- 'हमारी आपस में अच्छी बनती है, साथ बैठकर खाना भी खा सकता हूं'

**सैम पित्रोदा ने पीएम नरेंद्र मोदी को कुशल वक्ता और मेहनती बताया। बोले- विचारधारा से असहमति है, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर हमारे संबंध अच्छे हैं।**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



कांग्रेस नेता और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर सकारात्मक टिप्पणी की है। उन्होंने पीएम मोदी को कुशल वक्ता और मेहनती इंसान बताते हुए कहा कि व्यक्तिगत तौर पर उनके और प्रधानमंत्री के बीच अच्छे संबंध हैं। पित्रोदा ने मोदी को अपना 'गुजराती मित्र' बताया और कहा कि वह उनके साथ बैठकर खाना खा सकते हैं और हंसी-मजाक भी कर सकते हैं। हालांकि, पित्रोदा ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी की विचारधारा और दुनिया को देखने के नजरिए से उन्हें असहमति है। उनके मुताबिक, किसी व्यक्ति का व्यक्तिगत व्यवहार और उसकी राजनीतिक विचारधारा दो अलग-अलग बातें हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों के बारे में बात करते हुए सैम पित्रोदा ने कहा कि वह एक इंसान के तौर पर उनका काफी सम्मान करते हैं। उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ प्रधानमंत्री से मिल चुके हैं। व्यक्तिगत मुलाकातों में मोदी का व्यवहार उनके प्रति आत्मीय और स्नेहपूर्ण रहा है। पित्रोदा ने कहा, वे मेरे गुजराती मित्र हैं। एक इंसान के तौर पर मैं उनका सम्मान करता हूं। मैं उनसे मिला हूं, मेरी पत्नी और मैं उनसे मिले थे। व्यक्तिगत तौर पर वे बहुत ही आत्मीय, दयालु, स्नेही और ख्याल रखने वाले शख्स हैं। बेशक, वे एक अच्छे वक्ता हैं और मेहनती भी हैं। हमारी आपस में अच्छी बनती है। उन्होंने आगे कहा कि गुजरात में वह कई बार प्रधानमंत्री मोदी के घर भी जा चुके हैं। पित्रोदा के मुताबिक, मोदी की ओर से उन्हें हमेशा आत्मीयता मिली है और उनकी तरफ से भी प्रधानमंत्री के प्रति कोई व्यक्तिगत दुर्भावना नहीं है।

**'विचारधारा से असहमति, व्यक्ति से नहीं'**


सैम पित्रोदा ने व्यक्तिगत संबंधों और राजनीतिक विचारधारा के बीच अंतर बताते हुए कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के दुनिया को देखने के नजरिए और उनकी विचारधारा से परेशानी हो सकती है, लेकिन यह किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मिस्टर मोदी से असहमत हो सकता हूं और फिर भी उनके साथ बैठकर खाना खा सकता हूं और हंसी-मजाक कर सकता हूं। इसलिए मुझे कोई दिक्कत नहीं है। पित्रोदा की इस टिप्पणी को इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि वह कई मौकों पर बीजेपी और आरएसएस की नीतियों के आलोचक रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के प्रति उनके व्यक्तिगत सम्मान और राजनीतिक असहमति वाले बयान ने ध्यान खींचा है। सैम पित्रोदा की यह टिप्पणी कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के पुराने बयान के संदर्भ में भी सामने आई है। साल 2018 में सोनिया गांधी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुशल वक्ता बताया था। हालांकि, उस समय उन्होंने इसी टिप्पणी के साथ प्रधानमंत्री की आलोचना भी की थी। पित्रोदा से जब सोनिया गांधी के बयान को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह भी प्रधानमंत्री मोदी को एक व्यक्ति के तौर पर सम्मान देते हैं। उनके ताजा बयान में व्यक्तिगत संबंधों और राजनीतिक मतभेदों को अलग-अलग रखने की बात प्रमुखता से सामने आई है।

## एससी-एसटी आरक्षण बढ़ाने कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

### हाईकोर्ट के आरक्षण बढ़ाने वाले कानून को रद्द करने के फैसले को दी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** कर्नाटक में एससी-एसटी आरक्षण बढ़ाने के मामले में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सरकार ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें आरक्षण बढ़ाने वाले कानून को रद्द कर दिया गया था। सरकार चाहती है कि एससी और एसटी के लिए आरक्षण बढ़े और इसे संवैधानिक सुरक्षा मिले। साल 2022 में कर्नाटक की तत्कालीन बीजेपी सरकार ने कानून बनाकर अनुसूचित जाति (एससी) का आरक्षण 15फीसदी से बढ़ाकर 17फीसदी और एसटी आरक्षण 3फीसदी से बढाकर 7फीसदी कर दिया था। इस तरह राज्य में कुल आरक्षण 50 फीसदी से बढ़कर 56 फीसदी हो गया था। हालांकि, 12 अक्टूबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस कानून को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने कहा कि आरक्षण की सीमा 50फीसदी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए 1992 में इंदिरा साहनी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया गया। साथ ही कानून बनाने से पहले राष्ट्रीय एससी और एसटी आयोगों से सलाह नहीं लेने को भी प्रक्रिया में कमी माना गया। कर्नाटक के मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि सरकार बढ़े हुए आरक्षण को बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार के सामने भी यह मामला उठाया जाएगा। राज्य सरकार ने फरवरी 2026 में 56,432 खाली पदों को भरने की मंजूरी दी थी। इसमें बढ़े हुए आरक्षण के तहत एससी-एसटी के लिए तय अतिरिक्त 6फीसदी पदों को कोर्ट का अंतिम फैसला आने तक बैकलॉग श्रेणी में सुरक्षित रखा गया है। इससे पहले 18 दिसंबर 2025 को कर्नाटक विधानसभा ने प्रस्ताव पारित कर केंद्र से 56फीसदी आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की थी। सरकार ने इसके लिए तमिलनाडु में लागू 69फीसदी आरक्षण का उदाहरण दिया था। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरोप लगाया कि तत्कालीन बीजेपी सरकार ने 2022-23 में चुनाव से पहले आरक्षण बढ़ाने का कानून तो बना दिया लेकिन इसे संवैधानिक सुरक्षा दिलाने के लिए कोई जरूरी कदम नहीं उठाया। वहीं, केंद्र सरकार ने जुलाई 2026 में संसद को बताया था कि मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने के कारण 56फीसदी आरक्षण को नौंवी अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव फिलहाल रोका गया है।



# मातृभूमि का ट्रेलर रिलीज, एक्शन अवतार में नजर आए सलमान


नई दिल्ली। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में सलमान खान एक्शन अवतार में नजर आए हैं। लगभग साढ़े चार मिनट के ट्रेलर की शुरुआत चाइनीज सैनिकों को दिखाने से होती है। वह आपस में भारतीय सेना के बारे में बात करते हैं। इसके बाद ट्रेलर में भारतीय और चाइनीज सैनिकों को लड़ते हुए दिखाया जाता है। ट्रेलर में आगे दिखाया जाता है कि कैसे सैनिक अपने परिवार से विदा लेकर बॉर्डर पर जाते हैं। ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति है। दोनों देशों के सैनिकों के बीच भी तनातनी का माहौल बनता है।

## लाइफ Style

# अनुष्का


## 'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है'

24 साल की अभिनेत्री अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपने फैंस को अपनी जिंदगी से जुड़ी हर अपडेट देती रहती हैं। कई बार अभिनेत्री विदेश में अपने टूर की और अपने माता-पिता के साथ तस्वीरें साझा करती है।



हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। अनुष्का सेन ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने सूरज की रोशनी में खूबसूरत पोज दिए हैं। अभिनेत्री ने ब्लैक स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहना है। अभिनेत्री ने ऊपर से मरून दुपट्टा डाला है। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक सनग्लासेस से पूरा किया है। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है।' अभिनेत्री की पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है और कई फैंस ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा 'अन्नू के लिए लाल रंग।' एक और यूजर ने लिखा 'चमकता हुआ खूबसूरत चेहरा।' एक और यूजर ने मजाक में लिखा 'कोई पुलिस को बुलाओ। इतना खूबसूरत दिखना अपराध है।' 4 अगस्त 2002 को जन्मीं अनुष्का सेन झारखंड के रांची से ताल्लुक रखती हैं। बचपन में ही वह अपने माता-पिता के साथ मुंबई में बस गईं। वह बालवीर, झांसी की रानी, फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 11, और दिल दोस्ती डिलेमा के लिए मशहूर हैं। अभिनेत्री को साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एम आई नेक्स्ट' में देखा गया था। इसमें उन्होंने हनी नाम की 14 साल की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया था, जिसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म हुआ और वह गर्भवती हो गई।

## हॉलीवुड मसाला




# थिएटर, फिल्म और टीवी में किया काम

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर स्टेसी कीच का मंगलवार को 85 साल की उम्र में निधन हो गया। स्टेसी कीच 2 जून 1941 को जॉर्जिया के सवाना में पैदा हुए थे। उन्होंने थिएटर, फिल्म और टीवी तीनों में लगभग छह दशक काम किया। शेक्सपियर के नाटकों में उनकी भूमिकाओं को खास पहचान मिली। 1970 में 'इंडियंस' नाटक के लिए उन्हें टोनी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी किया गया था। टीवी पर उन्हें सबसे ज्यादा पहचान जासूस माइक हैमर के किरदार से मिली। 1980 के दशक में 'मिकी स्पिलाने'स माइक हैमर' और बाद की सीरीज में उन्होंने यह रोल निभाया।



# हैरी पॉटर की ओटीटी रिलीज डेट का ऐलान

नई दिल्ली। फिल्मों के बाद अब हैरी पॉटर टीवी सीरीज के रूप में फिर से वापसी कर रहा है। इस बार नई स्टार कास्ट हॉगवर्ट्स की दुनिया में जादू करती हुई दिखाई देगी। जब से हैरी पॉटर की टीवी सीरीज का ऐलान हुआ है, तभी से लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। अब आखिरकार हैरी पॉटर टीवी सीरीज का ऐलान हो गया है। हैरी पॉटर की अनाउंसमेंट 2023 में ही हो गई थी। तीन साल से दर्शक फिर से हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को देखने के लिए बेताब थे। हैरी पॉटर टीवी सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। यह क्रिसमस के दिन यानी 25 दिसंबर को ओटीटी पर एक सरप्राइज पैकेज बनकर आने वाली है।



# 'गनमास्टर जी9' का दमदार ट्रेलर जारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी के फैंस को उनकी फिल्म 'गनमास्टर जी9' का बेसब्री से इंतजार है। 11 नवंबर को इस फिल्म का ट्रेलर वीडियो रिलीज हो गया है, जिसमें उनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ रहे हैं।। 'गनमास्टर जी9' 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आदित्य दत्त ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार लग रहा है। मेकर्स ने जो ट्रेलर वीडियो जारी किया है वो 2 मिनट 41 सेकेंड का है, जिसकी शुरुआत इमरान के एक दमदार डायलॉग से होती है। वो कहते हैं, 'पुजारी अपना तिलक, मियां भाई अपना ईमान और हम अपने इश्क को सिर पर सजाकर रखते हैं। पर एक दिन किसी ने उन्हें कदमों पर गिराकर रौंद डाला। उसके बाद आगे जेनेलिया संग उनकी केमिस्ट्री दिखाई जाती है।



# कंगुआ के फ्लॉप के बाद जबरदस्त कमबैक

मुंबई। साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कंगुवा जब फ्लॉप हुई थी तो एक्टर को बड़ा शॉक लगा था। सीन फिल्म के साथ ही सूर्या की बैक-टू-बैक 4 फिल्में सुपरहिट साबित हुई हैं। रणबीर कपूर की रामायण के सामने भी सूर्या की सीन फिल्म ने बढ़िया कलेक्शन कर के दिखाया। इस फिल्म ने रिलीज के 5 दिन में दुनियाभर में 175 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। इसके पहले सूर्या ने कंगुवा के बाद बॉक्स ऑफिस पर जोरदार वापसी की। उनकी फिल्म रेट्रो 60 करोड़ के बजट में 250 करोड़ का कलेक्शन करने में सफल रही थी। इसके बाद सूर्या की कुरुप्पु ने भी 130 करोड़ के बजट में 360 करोड़ रुपए की कमाई की और बजट से दुगना कमाते हुए सुपरहिट साबित हुई। वहीं, साल 2026 की ही शुरुआत में आई विश्वनाथ एंड सन्स फिल्म ने भी खूब पैसे कमाए।

## टीवी मसाला

# एक्स हसबैंड जय का नाम घसीटने पर भड़कीं माही

नई दिल्ली। रिएलिटी शो 'बिग बॉस 20' का घर एक बार फिर विवादों और पर्सनल अटैक का अखाड़ा बन गया है। हाल ही में सामने आए शो के नए प्रोमो में टेलीविजन एक्ट्रेस माही विज और उनकी साथी कंटेस्टेंट लव गिल के बीच जोरदार कहासुनी और तीखी झड़प देखने को मिली। झगड़े के दौरान जैसे ही बात माही विज की पर्सनल लाइफ, शादी और उनके पति जय भानुशाली तक पहुंची, माही अपना आपा खो बैठीं। रोते-बिलखते हुए माही ने लव गिल को सख्त चेतावनी दी और साफ कहा कि वे उनकी शादीशुदा जिंदगी और पति का नाम बीच में न लाएं। प्रोमो के मुताबिक, इस पूरे फसाद की शुरुआत माही विज द्वारा की गई एक टिप्पणी से हुई थी।



# ऋतिक ने वैश्विक स्तर के कार्यक्रम में छोड़ी भारत की छाप, बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। लॉस एंजिल्स में आयोजित '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन स्टाइलिश अंदाज में नजर आए। इस मशहूर कार्यक्रम में शामिल होने वाले वह पहले भारतीय अभिनेता बने, जिससे एक नया रिकॉर्ड बन गया है। इस इवेंट में हॉलीवुड, संगीत और फैशन जगत की कई बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। ऋतिक के साथ काइली जेनर, किम कार्दशियन और निकोल किडमैन जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियां भी शामिल थीं। इस कार्यक्रम में ऋतिक की मौजूदगी भारतीय प्रतिनिधित्व के लिहाज से एक अहम पल रही। इस मौके पर ऋतिक रोशन ने एक शानदार, पूरी तरह से काले रंग का कस्टम-टेलर सूट पहना। उनका लुक सादा होने के बावजूद काफी स्टाइलिश था, जिसने रेड कार्पेट पर सबका ध्यान खींचा। '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' की सह-अध्यक्षता ऑस्कर विजेता अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो और लैक्मे की ट्रस्टी ईवा चाउ ने की। ये दोनों लगातार 15वें साल इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थे। 2011 में इस गाला की शुरुआत के बाद से ही, वे हर साल इसके सह-अध्यक्ष रहे हैं। किम कार्दशियन और काइली जेनर ने भी अपने फैशन सेंस से सबका ध्यान खींचा। गाला में जूलिया गार्नर, सलमा हायेक, अन्या टेलर-जॉय, एंड्रयू गारफील्ड और मिशेल योह नजर आईं।



# मराठी फिल्म गोंधल के बाद 99वें एकेडमी अवॉर्ड के लिए भेजी गई 'रामायणम'

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायणम: पार्ट 1' लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अब 99वें एकेडमी अवॉर्ड यानी ऑस्कर की रेस में शामिल हो गई है। फिल्म के मेकर्स ने इसे ऑस्कर कमिटी के पास एंट्री के लिए भेजा है। खास बात यह है कि इसी साल मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर चुना गया है। फिल्म के मेकर्स ने फिल्म को ऑस्कर के विचार के लिए भेजा है, हालांकि इसकी कैटेगरी अभी साफ नहीं हैं। ऑस्कर के नियम ऐसे हैं कि भारत की ऑफिशियल एंट्री चुने जाने के बाद भी दूसरी भारतीय फिल्में अलग-अलग कैटेगरी में अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं। यानी जरूरी नहीं कि किसी देश की सिर्फ एक ही फिल्म ऑस्कर तक पहुंच पाए। योग्य फिल्में एकेडमी के नियमों को पूरा करके दूसरी कैटेगरी में भी आवेदन कर सकती हैं। ऑस्कर की दूसरी मुख्य कैटेगरी में जगह बनाने के लिए फिल्मों को एकेडमी के कुछ जरूरी नियम पूरे करने होते हैं। इनमें सबसे अहम नियम है कि फिल्म को अमेरिका के किसी तय शहर के सिनेमाघरों में लगातार कम से कम 7 दिनों तक दिखाया जाना चाहिए। इन शहरों में लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, डलास-फोर्ट वर्थ और अटलांटा शामिल हैं। इसके बाद फिल्म के मेकर्स या डिस्ट्रीब्यूटर को एकेडमी के पास जरूरी फॉर्म और फिल्म से जुड़ी जानकारी जमा करनी होती है।




JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC VOCATIONAL IIT
MANAGEMENT ENGINEERING AICTE
INTERMEDIATE UG & PG LAW
NCTE MBBS ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com

हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.